रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 21 जनवरी 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 152 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### जलपाईगुड़ी में सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत, 18 घायल

**जलपाईगुड़ी।** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में धूपगुड़ी के समीप मंगलवार की रात सड़क हादसे में 13 लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी और 18 अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों के मुताबिक हादसा उस समय हुआ जब राष्ट्रीय राजमार्ग पर जलढाका पुल के समीप बोल्डर से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे मिनीबस और एक अन्य वाहन की ट्रक से टक्कर हो गयी। हादसे में मिनीबस में सवार 13 बारातियों की मौत हो गयी । मृतकों में दो पुरुष , छह महिलाएं और चार बच्चे शामिल हैं। ये सभी चुराभंडार लाल स्कूल से धूपगुड़ी जा रहे थे। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची।

### पंत करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर, विराट एक स्थान खिसके

**दुबई।** भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत आईसीसी की जारी ताजा टेस्ट रैंकिंग में 13वें स्थान पर पहुंच अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग में पहुंच गए हैं जबकि टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली एक स्थान फिसलकर चौथे नंबर पर आ गए हैं। पंत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे क्रिकेट टेस्ट की दूसरी पारी में 328 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाबाद 89 रन बनाए थे जिसका फायदा उन्हें रैंकिंग में मिला और वह बल्लेबाजी रैंकिंग में 13वें स्थान पर आ गए। पंत अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग में पहुंच गए। पंत ने सीरीज में 274 रन बनाए।

### गोपनीय सूचना के लीक पर सफाई दें मोदी : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने बालाकोट हवाई हमले की सूचना लीक होने को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताते हुए इस पूरे प्रकरण की जांच की मांग की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश की साख पर लगे इस दाग को धोने के लिए सामने आना चाहिए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री ए के एंटनी, गुलाम नबी आजाद, सुशील कुमार शिंदे, सलामान खुर्शीद तथा पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने बुधवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पत्रकार अर्णब गोस्वामी तथा निजी समाचार चैनलों की नियामक संस्था बार्क के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी पार्थो दासगुप्ता के बीच बालाकोट हवाई हमले को लेकर जो वाह्टस एप चैट सामने आए हैं।

# पहले पांच पैसे में दो नड्डा मिलते थे पप्पू कौन सारा देश जानता है

**ये नड्डा कौन हैं ? राहुल के प्रेस कांफ्रेंस के बाद छत्तीसगढ़ के दीवारों पर लगे पोस्टर, राजनीति में ऐसी कटुता शायद पहले कभी नहीं दिखी, राष्ट्रीय नेताओं की मर्यादा तार-तार**

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com







इन दिनों राजनीति का कुछ अलग ही नाजारा देश तथा प्रदेश को देखने मिल रहा है। भाजपा तथा कांग्रेस के नेताओं के बीच जमकर जुबानी जंग हो रही है। बयानवाजी में अपने आप को हाईलाइट करने के लिए कोई भी नेता कसर नहीं छोड रहा। राजनीति में शायद ही इससे पहले इतनी कटुता देखने मिली होगी। भाजपा तथा कांग्रेस दोनों दल के नेता शब्दों की मर्यादा को एक किनारे फेंक कर मैदान में दो-दो हाथ कर रहे हैं। सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि 'ये नड्डा कौन हैं' नड्डा के बारे में हम लोग बचपन से जानते है। जो दुकानों में पीले रंग का बिकता है। पहले पांच पैसे में दो नड्डा मिलते थे। तो वहीं भाजपा के कद्दावर नेता पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि पप्पू कौन हैं सारा देश जानता है। निश्चित ही राजनीति का यह ओछापन है जिससे दोनो दल के राष्ट्रीय नेताओं की मर्यादा तार-तार हो रही है।

### आखिर क्या है मामला

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने हाल ही में दिल्ली में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेस में पूछ दिया था कि 'ये नड्डा कौन हैं' जिनके सवालों का जबाव मै दूं। राहुल गांधी के इस बयान के बाद कांग्रेसी कार्यकर्ता सक्रिय हो गये। कल तक सोशल मीडिया में राहुल के इस जबाव की खूब चर्चा रही है। लेकिन छत्तीसगढ जहां पर वर्तमान में कांग्रेस की सरकार है कार्यकर्ताओं नें अलग ही ढंग से विरोध किया। यहां पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बनता है। कार्यकर्ताओं ने जगह - जगह ये नड्डा कौन हैं? के पोस्टर चिपका दिये। यहीं नहीं रायपुर शहर के सैकडों वाहनों में ये नड्डा कौन हैं? के पोस्टर देखे जा सकते हैं। मामला मंगलवार का है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की एक प्रेस कांफ्रेस होने वाली थी। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोसल मीडिया पर राहुल गांधी से कुछ सवाल पूंछा था। राहुल गांधी ने उसी सवाल पर उलटकर पूंछा कि 'ये नडडा कौन हैं ? वे प्रोफेसर तो नहीं कि मै उनकी हर बात का जबाव दूं। मामला इस कदर तूल पकडा कि कई बडे तथा छोटे नेताओं ने सोशल मीडिया में




भापजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को घेरने में काई कसर नहीं छोडी। तों वहीं भाजपा भी इस मामले को लेकर आक्रामक हो गई है। रायपुर में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने दीवारों, वाहनों, दुकानों तथा कई सार्वजनिक स्थानों में पोस्टर चिपका दिये । कुछ ही देर में तस्वीरें छत्तीसगढ कांग्रेस के अधिकारिक सोशल मीडिया के अकाउंट में भी जारी कर दी गई। कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि सत्ता में भाजपा है और अपनी जिम्मेदारी से भागते हुए सवाल विपक्ष से पूछती है। भाजपा के इन हरकतों सें लोगों में गुस्सा है। और लोग स्वतः आगे आकर विरोध कर रहे हैं।



### नड्डा ने पूछा था यह सवाल

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोशल मीडिया के जरिए राहुल गांधी से कई सवाल पूछे, यहीं नहीं वे एक के बाद एक सवाल पूछ रहे थे। उन्होनें पूछा था की कांग्रेस कब भारत के किसानों को गुमराह करना बंद करेगी? यूपीए ने सालों तक स्वामीनाथन कमेटी की रिर्पोट क्यों लटकाए रखी? और एमएसपी क्यों नहीं बढाया ? तथा राहुल गांधी ने वैक्सीन बनाने वाले वैज्ञानिकों को बधाई क्यों नहीं दी? उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और उनका वंश एवं कांग्रेस चीन पर झूठ बोलना कब बंद करेगें।

## धान शार्टेज का मामला पहुंचा भूपेश तक सीएम ने कहा- अधिकारी बताएंगे धान आखिर कहां गया






पायनियर
www.dailypioneer.com
खाद्य मंत्री अमरजीत के प्रभार वाले जिले में 68 हजार क्विंटल से अधिक धान शार्टेज
मुख्यमंत्री भूपेश के ठेमाबुजुर्ग आगमन पर उठेगा धान शार्टेज का मामला
सबसे पहले पायनियर ने सामने लाया था मामला
लाखों खर्च करने के बावजूद जिले के 4 संग्रहण केंद्रों में 68 हजार क्विंटल धान शॉर्टेज, मचा हड़कंप

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के 4 संग्रहण केंद्रों में 68 हजार क्रिंटल से अधिक धान के शार्टेज का मामला प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री सीएम भूपेश बघेल तक पहुच चुका हैं। मामले में सीएम भूपेश बघेल ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा हैं कि इसकी जांच कराई जाएगी। अधिकारी बताएंगे आखिर धान गया कहा... दरअसल बुधवार को सीएम भूपेश बघेल डौंडी विकासखंड के ग्राम ठेमाबुजुर्ग में हल्बी आदिवासी समाज द्वारा आयोजित शहीद शिरोमणी गैंदसिंह की शहादत दिवस में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत किये। मीडिया से रूबरू होते हुए सीएम भूपेश बघेल के साथ जिले के प्रभारी व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, स्थानीय विधायक व महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया, संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद, संजारी बालोद की विधायिका श्रीमती संगीता सिन्हा मौजूद रहे। गौरतलब हो कि जिले के 4 संग्रहण केंद्र जगतराए धोबनपूरी, फुंडा और मालीघोरी में प्रशासन की लापरवाही के चलते बीते सत्र 2019.20 के स्टॉक में 68 हजार ➤शेष पेज 8 पर

SHRI BALAJI GROUP OF HOSPITALS & COLLEGES
संकल्प, समर्पित सेवा का
**श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस**
नया चिकित्सा महाविद्यालय शुभारंभ 2021
राजधानी रायपुर शहर के मध्य स्थित श्री बालाजी हास्पिटल मोवा रायपुर के समीप नया मेडिकल कॉलेज का
अतिशीघ्र शुभारंभ



डिपार्टमेंट
- एनाटॉमी
- फिजियोलॉजी
- बायोकमेस्ट्री
- फार्मेकोलॉजी
- जनरल मेडिसिन
- जनरल सर्जरी
- ऑर्थोपेडिक्स
- ई.एन.टी.
- ऑप्थल्मोलॉजी
- ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी
- एनेस्थिसियोलॉजी
- रेडियोडायग्नोसिस
- डेंटिस्ट्री
- इमरजेंसी मेडिसिन
- पैथोलॉजी
- माइक्रोबायोलॉजी
- फॉरेंसिक मेडिसिन
- कम्युनिटी मेडिसिन
- पीडियाट्रिक्स
- डर्मेटोलॉजी
- सायकाइयट्री
- रेस्पिरेटरी मेडिसिन

सपंर्क करें
श्री बालाजी हॉस्पिटल, मोवा, रायपुर, छत्तीसगढ़
डॉ. शुभम अवस्थी +91 7000541861, हिमांशु साहू +91 9575021000
E-mail : hr.sbims@gmail.com

**वनपरिक्षेत्र अधिकारी ने कहा मामले पर नहीं होगी कार्रवाई तो न्यायालय का खटखटाएंगे दरवाजा**

## वनमंडलाधिकारी जांजगीर एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी शक्ति के बीच मचा घमासान

पायनियर संवाददाता ➤ शक्ति
www.dailypioneer.com



जांजगीर.चांपा जिले के वनमंडलअधिकारी तथा वन परीक्षेत्र अधिकारी कार्यालय शक्ति से समन्वय नहीं होने के कारण विवाद की स्थिति निर्मित होती जा रही है। तथा विगत महीनों वन परीक्षेत्र अधिकारी शक्ति द्वारा अपने उच्चाधिकारियों को पत्र प्रेषित कर सकती परीक्षेत्र में मजदूरी भुगतान में विलंब होने तथा मजदूरी के भुगतान में अपने उच्चाधिकारियों से कमीशन मांगे जाने की बात कहते हुए अपनी पीड़ा व्यक्त की गई थी। तथा वन परीक्षेत्र अधिकारी शक्ति की इस पीड़ा के बाद जहां निरंतर वनमंडल कार्यालय चांपा एवं वन परीक्षेत्र शक्ति के बीच आए दिन नए.नए विवाद देखने को मिल रहे हैं। 15 जनवरी 2021 को कार्यालय वन मंडल अधिकारी जांजगीर चांपा वन मंडल चाम्पा द्वारा जहां मुख्य वन संरक्षक बिलासपुर वृत्त बिलासपुर को पत्र प्रेषित कर वन परीक्षेत्र शक्ति में वन्य प्राणियों की सुरक्षा हेतु विशेष कर्तव्य कर्मचारियों की 11 लोगों की अस्थाई रूप से ड्यूटी लगाए जाने की स्वीकृति मांगी गई है। तो वही कार्यालय वन परीक्षेत्र अधिकारी शक्ति के सहायक वन संरक्षक एमआर साहू ने 20 जनवरी 2021 को वन मंडल अधिकारी जांजगीर चांपा वन मंडल को विभागीय पत्र प्रेषित कर वन परीक्षेत्र शक्ति के 11 कर्मचारी जिसमे कि एक वनपाल एवं 10 वनरक्षक जिन्होंने बिना परिक्षेत्र अधिकारी सत्ती को सूचना किए ही 14 जनवरी 2021 को अपने शासकीय दायित्व एवं कर्तव्य को छोड़ते हुए वन मंडल चांपा में उपस्थिति दी है। ऐसे लोगों के खिलाफ दंडात्मक एवं निलंबन की कार्रवाई करते हुए विभागीय जांच करने का पत्र प्रेषित किया है। तथा वन परीक्षेत्र अधिकारी शक्ति द्वारा प्रेषित अपने पत्र में बताया गया है कि की वन परीक्षेत्र शक्ति के जिन 11 वन कर्मचारियों ने चांपा मंडल मंडल में जाकर अपनी उपस्थिति दी है ऐसे कर्मचारियों के पास समितियों का खाता, समिति की कैश बुक, पी ओ आर बुक, बीट का संपूर्ण प्रभार, ग्रुप मार्किंग बुक, रजिस्टर तथा परिक्षेत्र सहायक का प्रभाव एवं मनी रसीद है। इन सभी को अपने पास रखते हुए 11 वन कर्मचारियों ने अपने दायित्व वाले मुख्यालय एवं शासकीय कर्तव्य छोड़कर एकाएक वन मंडल में उपस्थिति दिया जो की घोर लापरवाही कर्तव्यहीनता तथा कदाचरण को दर्शाता है ➤शेष पेज 8 पर

# छत्तीसगढ़ में कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रसार का एक मजबूत नेटवर्क तैयार : भूपेश बघेल

■ इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, कृषि महाविद्यालयों एवं कृषि विज्ञान केंद्रों के योगदान से उन्नत खेती को बढ़ावा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय रायपुर सहित 4 नये उद्यानिकी महाविद्यालयों साजा (बेमेतरा जिला), अर्जुन्दा (बालोद जिला), धमतरी, जशपुर और लोरमी कृषि महाविद्यालय (जिला मुंगेली) और नवीन कृषि विज्ञान केन्द्र कोण्डागांव का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य स्थापना के समय छत्तीसगढ़ में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय सहित केवल 01 कृषि महाविद्यालय था। आज कृषि, उद्यानिकी के 46 महाविद्यालय, 08 अनुसंधान केंद्र एवं 27 कृषि विज्ञान केंद्र इस विश्वविद्यालय के अंतर्गत काम कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के उत्तर में बलरामपुर से लेकर दक्षिण में सुकमा तक कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रसार का एक मजबूत नेटवर्क तैयार हो गया है। राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के आर्थिक विकास के लिए कृषि और उससे जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए कृषि महाविद्यालयों एवं कृषि विज्ञान केंद्रों को शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में शामिल किया गया है। इसका लाभ किसानों को उन्नत तकनीक से खेती करने में और कृषि से संबद्ध आर्थिक गतिविधियों को विकसित करने में मिलेगा जिससे हमारे किसानों और ग्रामीणों का जीवन स्तर ऊंचा उठेगा। उनकी आर्थिक-समाजिक स्थिति और सुदृढ़ होगी।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के 35वें स्थापना दिवस पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेश के कृषि महाविद्यालयों, कृषि विज्ञान केन्द्रों और नवीन कृषि महाविद्यालयों में 115 करोड़ रूपए की लागत के अधोसंरचना विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने इनमें से 46 करोड़ 67 लाख रूपए की लागत के कार्यों का लोकार्पण और 63 करोड़ 10 लाख रूपए की लागत के कार्यों का भूमिपूजन और शिलान्यास किया। इन कार्यों में कृषि महाविद्यालयों के भवन, बालक-बालिका छात्रावास, अनुसंधान केन्द्र, हाइटेक नर्सरी, सीड प्रोसेसिंग भवन, हैचरी, कृषि विज्ञान केन्द्रों में प्रशासनिक भवन और कृषक छात्रावास निर्माण के कार्य शामिल हैं। श्री बघेल इस अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किए गए डिजिटल कृषि पंचांग और कृषि दर्शिका-2021 का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में कृषि और जलसंसाधन मंत्रीरविन्द्र चौबे, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया, विधायक अमितेश शुक्ला देवव्रत सिंह, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. एम. गीता, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एस. के.पाटिल और कुल सचिव प्रभाकर सिंह उपस्थित थे। इस प्रदेश व्यापी कार्यक्रम में 12 मंत्री और 21 विधानसभा क्षेत्रों के विधायक सहित विभिन्न कृषि महाविद्यालयों और कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिक, शिक्षक और विद्यार्थी भी जुड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 14 कृषि महाविद्यालयों, छात्रावासों एवं कृषि विज्ञान केंद्रों के भवनों का भी लोकार्पण हुआ है। ये सभी भवन लगभग 47 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार हुए हैं। जिन कृषि महाविद्यालयों में महाविद्यालय-भवन एवं छात्रावास नहीं थे, उनके लिए हमने राशि की स्वीकृति दी है। इन महाविद्यालयों, छात्रावासों, कृषि विज्ञान केंद्रों के भवनों एवं कृषक छात्रावासों के लिए लगभग 63 करोड़ रुपए के कार्यों का शिलान्यास किया गया है।

## क्विक न्यूज

### प्रदेश में 1.65 लाख छोटे भूखंडों की रजिस्ट्री

■ छोटे भूखंड स्वामियों को मिला फायदा

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन के जनहितैषी फैसलों की वजह से समाज के कमजोर एवं मध्यम वर्ग के छोटे भूखंड स्वामियों को काफी फायदा हुआ है। राज्य शासन के निर्णयानुसार पांच डिस्मल से कम के भूखंडों की खरीद बिक्री एवं रजिस्ट्री पर लगी रोक हटाई गयी और छोटे एवं अन्य भूखंडों के पंजीयन एक जनवरी 2019 से शुरू किया गया है। राज्य शासन की मंशानुसार पंजीयन विभाग द्वारा छोटे एवं अन्य भूखंडों के पंजीयन की प्रक्रिया का सरलीकरण किया गया है। ई-पंजीयन सॉफ्टवेयर में छोटे-भू-खण्डों के पंजीयन का प्रावधान एक जनवरी 2019 से किया गया। इसके फलस्वरूप छोटे भूखंडों के भूमि स्वामियों को अपने भूखंडों के क्रय विक्रय में आसानी हुई है। एक जनवरी 2019 से 31 दिसम्बर 2020 तक की अवधि में कुल एक लाख 64 हजार 713 भूखंडों की रजिस्ट्री छत्तीसगढ़ में की गई है।

## मेकाहारा के डॉ सुंदरानी और डॉ पांडा ने लगवाई कोरोना वैक्सीन, दोनों चिकित्सक स्वस्थ

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में कोरोना वैक्सीनेशन के तीसरे दिन डॉ भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय के आई सी यू के प्रमुख डॉ ओ पी सुंदरानी और पल्मोनरी मेडिसिन के प्रमुख चिकित्सक डॉ् आर के पांडा ने आज कोरोना का वैक्सीन लगवाया । दोनो चिकित्सक स्वस्थ हैं और टीका लगाने के बाद वापस अस्पताल कार्य पर आ गए। दोनो ने चिकित्सा कर्मियों से आग्रह किया कि वे अवश्य टीका लगवाएं क्योंकि यह पूरी तरह सुरक्षित है और आम जनता के सामने मिसाल रखें।

छत्तीसगढ़ में कोरोना की दस्तक के साथ ही दोनों डॉक्टर लगातार बिना रूके कोरोना मरीजों के इलाज में मेकाहारा के अन्य चिकित्सकों और स्टाफ के साथ जुटे रहे। इसके अलावा रिफरल केन्द्र होने के कारण प्रदेश के अन्य अस्पतालों के चिकित्सकों को भी मार्गदर्शन देते रहे। चिकित्सकों को आन लाइन प्रशिक्षण भी दिया । मरीजों की सेवा करने और उनके ठीक होकर घर जाने पर उन्हे, मरीजों के परिजनों के बराबर ही खुशी होती थी। डॉ सुंदरानी ने कहा कि कोरोना काल के दौरान उन्होने कोई अवकाश नही लिया। डॉ पांडा ने कहा कि त्योहारों में भी वे ड्यूटी करते रहे ताकि मरीज स्वस्थ हो सकें । इसी से उन्हे अत्यंत खुशी मिलती है। विशेषज्ञों का कहना है कि वैक्सीन लगाने के बाद भी सभी को कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन करना मास्क लगाना ,सुरक्षित दूरी रखना और हाइजिन का ध्यान रखना होगा और वे रख भी रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार वैक्सीन की दूसरी डोज के 14 दिन के बाद ही शरीर में प्रतिरक्षात्मक तंत्र विकसित होता है। विशेषज्ञ अभी भी इसीलिए कह रहे हैं कि संक्रमण कम होने का अर्थ यह नही है कि यह और नही फैल सकता। सबको सचेत रहने की जरूरत है अभी भी ,तभी कोरोना के संक्रमण से बच सकते हैं। प्रदेश में कोरोना वैक्सीनेशन मंगलवार,शुक्रवार और रविवार को छोड़कर बाकी सभी दिन प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक पूर्व निर्धारित सेशन साइट में होगा।

## मंत्रालय में प्रवेश प्रतिबंध 5 महीने बाद हुआ खत्म

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मंत्रालय में प्रवेश का प्रतिबंध अब हटा लिया गया है। पूर्व की भांति अब मंत्रालय में लोग प्रवेश कर सकेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस बाबत आदेश जारी कर दिया है। सचिव डीडी सिंह के जारी आदेश के मुताबिक अब सामान्य व्यक्ति भी सुरक्षा पास लेकर मंत्रालय में प्रवेश कर सकेंगे। आपको बता दें कि कोरोना की वजह से मंत्रालय व इंद्रावती भवन में प्रवेश के लिए आमलोगों को प्रतिबंधित कर दिया गया था। प्रतिबंध की वजह से जरूरी काम से दूर-दराज क्षेत्र से आने वाले लोगों को बहुत ज्यादा परेशानी से गुजरना पड़ रहा था। अगस्त से लागू इस प्रतिबंध को अब खोला जा रहा है। तीन श्रेणियों में मंत्रालय में प्रवेश की अनुमति होगी। पहली श्रेणी में मंत्रालय के सुरक्षा कार्यालय से स्थायी-अस्थायी पासधारक मंत्रालय में आ सकेंगे। दूसरी श्रेणी में सरकारी काम के लिए मंत्रालय आने वाले विभाग सचिव की अनुमति के बाद आ सकेंगे। तीसरी श्रेणी में आम लोगों को पहले की तरह सुरक्षा पास बनवाने पर मंत्रालय में प्रवेश की अनुमति होगी। सामान्य प्रशासन विभाग ने स्पष्ट किया है, मंत्रालय पहुंचने वाले व्यक्तियों को कोरोना प्रतिबंधों का पालन करना अनिवार्य होगा। कहा गया है कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के लिए हैंड सैनिटाइजर का उपयोग करें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। मंत्रालय परिसर में बिना मास्क लगाये पाए जाने पर संबंधित का पास निरस्त कर दिया जाएगा।

## अमरजीत भगत ने मोबाइल वैन के जरिए रायपुर से सीतापुर क्षेत्र की जनता से की बातचीत

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय से मोबाइल वैन के जरिए सरगुजा जिले के सीतापुर क्षेत्र के लोगों से बातचीत की। मंत्री श्री भगत ने कोविडकाल में जनता की समस्याओं को सुनने व उसका निराकरण के लिए एक अभूतपूर्व पहल शुरू की है। उन्होंने मोबाइल वैन के माध्यम से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आम जनता से बातचीत की। मंत्री भगत ने धान खरीदी के संबंध में जानकारी ली । उन्होंने सीतापुर से पेटला तक बन रही सड़क के बारे में स्थानीय लोगों से जानकारी ली। इस दौरान गांव वालों ने मुख्य रूप से बिजली का पोल, पेय जल की व्यवस्था, गौठनों में पानी की व्यवस्था की मांग की। मंत्री अमरजीत भगत ने इनके त्वरित निराकरण के लिये अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और कहा कि जितनी जल्दी हो इस समस्याओं का निराकरण किया जाए। साथ ही राशनकार्ड से त्रुटिवश कट गए नाम को जोड़कर नया राशनकार्ड देने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मोबाइल वैन के जरिये वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर लोगों से जुड़ने की यह अनोखी पहल है। इसके तहत मंत्री अमरजीत भगत अपने विधानसभा क्षेत्रवासियों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों से आगे भी जुड़ते रहेंगे। साथ ही उनकी समस्याएं मांगे फोन का निराकरण करेंगे और विधानसभा क्षेत्र के अंदर चल रहे निर्माण कार्य और विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यों की समीक्षा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ करेंगे। वे अब जन-समस्याओं के निराकरण के लिए हर बुधवार बाजार के दिन 11-00 बजे वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए बात-चीत करेंगे। आज हुए इस वीडियो कान्फ्रेंसिंग में सीतापुर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि गांव वासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## सहायक प्राध्यापक की लिखित परीक्षा का परिणाम जारी

■ 1372 पदों के लिए 2896 अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए चयनित

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत विभिन्न विषयों के कुल 1372 सहायक प्राध्यापकों के लिए आयोजित लिखित परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। सहायक प्राध्यापक के इन 1372 पदों के लिए 2896 अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के लिए हुआ है। लिखित परीक्षा परिणाम के आधार पर वर्गवार/उपवर्गवार चयनित अभ्यर्थियों का विषयवार साक्षात्कार के लिए चिन्हांकित किया गया है। इनमें अंग्रेजी विषय के 130 पदों के लिए 199 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए योग्य पाए गए हैं। इसी प्रकार भौतिक शास्त्र के 116 पदों के लिए 192 अभ्यर्थियों, राजनीति शास्त्र के 59 पदों के लिए 143 अभ्यर्थियों, हिन्दी के 50 पदों के लिए 152 अभ्यर्थियों, गृह विज्ञान के 9 पदों के लिए 26 अभ्यर्थियों, वाणिज्य के 184 पदों के लिए 378 अभ्यर्थियों और रसायन शास्त्र के 150 पदों के लिए 247 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है।

इसी तरह गणित के 99 पदों के लिए 127 अभ्यर्थियों, अर्थशास्त्र के 61 पदों के लिए 170 अभ्यर्थियों, इतिहास के 56 पदों के लिए 168 अभ्यर्थियों, वनस्पति शास्त्र के 147 पदों के लिए 357 अभ्यर्थियों, प्राणीशास्त्र के 125 पदों के लिए 278 अभ्यर्थियों, भूगोल के 52 पदों के लिए 156 अभ्यर्थियों, समाजशास्त्र के 36 पदों के लिए 107 अभ्यर्थियों, भूगर्भ शास्त्र के 5 पदों के लिए 7 अभ्यर्थियों और कम्प्यूटर साईंस के 12 पदों के लिए 36 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इसी प्रकार बायो टेक्नोलॉजी के 6 पदों के लिए 18 अभ्यर्थियों, कम्प्यूटर एप्लीकेशन के 20 पदों के लिए 45 अभ्यर्थियों, विधि (लॉ) के 32 पदों के लिए 25 अभ्यर्थियों, संस्कृत के 5 पदों के लिए 15 अभ्यर्थियों, माईक्रो बायोलॉजी के 8 पदों के लिए 22 अभ्यर्थियों, बायोकेमेस्ट्री के एक पद के लिए 3 अभ्यर्थियों, वानिकी के एक पद के लिए 3 अभ्यर्थियों और सूचना प्रौद्योगिकी के 8 पदों के लिए 22 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। सहायक प्राध्यापक (उच्च शिक्षा विभाग) परीक्षा 2019 के लिखित परीक्षा परिणाम छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की अधिकृत वेबसाईट पर भी अवलोकन कर सकते है।

## ग्रैंड न्यूज़ संयुक्त और संयुक्त इलेक्ट्रॉनिक मीडिया 11 क्रिकेट मड़ई के फाइनल में





पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर प्रेस क्लब खेल मड़ई के तहत आयोजित क्रिकेट मड़ई का फाइनल ग्रैंड न्यूज़ संयुक्त और संयुक्त इलेक्ट्रॉनिक मीडिया 11 के बीच खेला जाएगा। दूसरे सेमीफाइनल में आज संयुक्त इलेक्ट्रॉनिक मीडिया 11 ने हरिभूमि/आई एन एच को 7 विकेट से हराया। मैन ऑफ द मैच संतोष साहू रहे। नेताजी सुभाष स्टेडियम में टॉस जीतकर हरिभूमि/आई एन एच की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 63 रन बनाएं। हितेश व्यास ने सबसे अधिक नाबाद 18 रनों का योगदान दिया। संतोष साहू ने 7 रन देकर 4 विकेट झटके। जीत के लिए 64 रनों का लक्ष्य लिए संयुक्त इलेक्ट्रॉनिक मीडिया 11 ने 6 ओवर में ही 3 विकेट खोकर जीत प्राप्त कर लिया। लवेन्दर सिंह सिंघोत्रा ने सबसे अधिक नाबाद 32 रन बनाए। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने कृषि मंत्री रविंद्र चौबे, आबकारी और उद्योग मंत्री कवासी लखमा व राजस्व मंडल के अध्यक्ष सी.के. खेतान पहुंचे। उन्होंने प्रेस क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट मड़ई की तारीफ करते हुए खेल के प्रति पत्रकारों की रूची और उनके खिलाड़ी भावना की सराहना की। ऑस्ट्रेलिया में भारतीय क्रिकेट टीम को मिली ऐतिहासिक जीत का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह नए दौर का भारत है।

## बृजमोहन अग्रवाल झूठे आंकड़े बताकर जनता को कर रहे गुमराह करने का प्रयास : विकास

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



■ प्रदेश में तेरह सौ करोड़ का धान सड़ गया है जबकि हकीकत में ऐसा कुछ नहीं

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रवक्ता विकास तिवारी ने भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा किए गए प्रेस वार्ता पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पूर्व कृषि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल नौसिखिया नेताओं जैसा बयानबाजी कर रहे है। उनके द्वारा दिया गया बयान पूर्णता भ्रामक और कुंठा से ग्रसित है, पंद्रह सालों तक सत्ता में रहने के बाद विपक्ष की भूमिका अदा नहीं कर पा रहे हैं। पूर्वकृषि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में 13 सौ करोड़ का धान सड़ चुका है यह आंकड़ा पूर्णता फर्जी और भ्रामक है प्रदेश भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के स्थान पर कब्जा करने हेतु पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल प्रदेश की जनता को दिग्भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं जबकि आंकड़ों सहित हकीकत यह है कि-खरीफ़ विपणन वर्ष 2019-20 में कुल 83.94 लाख मेट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया था। उक्त उपार्जित धान में से अब तक 80.37 लाख मेट्रिक टन धान का निराकरण कस्टम मिलिंग के माध्यम से किया जा चुका है। वर्तमान स्थिति में लगभग 3.57 लाख मेट्रिक टन धान का निराकरण हेतु शेष है।राज्य की उसना मिलिंग क्षमता सीमित होने, कोविड-19 की वैश्विक महामारी और राज्य में असामयिक वर्षा के कारण कस्टम मिलिंग का कार्य प्रभावित हुआ था।खरीफ़ विपणन वर्ष 19-20 में एफसीआई में 28.10 लाख मे. टन में से 26.10 लाख मे टन चावल जमा किया जा चुका है, जो विगत वर्षों में जमा सीएमआर की तुलना में सर्वाधिक है भारतीय खाद्य निगम में शेष सीएमआर जमा हेतु 18जन को भारत सरकार द्वारा 31 जनवरी 2021 तक की समयावृद्धि प्रदान की गई है।उक्त शेष धान के निराकरण हेतु कस्टम मिलिंग का कार्य प्रगतिरत है।18 जन. को समय वृद्धि के पश्चात 74000 मैट्रिक टन का डीओ जारी किया गया है, धान उठाव प्रगतिरत है। प्रवक्ता विकास तिवारी ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में किसी भी स्थान में धान के सड़ जाने की जानकारी नहीं है, तो किस आधार पर पूर्व कृषिमंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने तेरह सौ करोड़ के आंकड़े जारी किये है, उन्हें प्रदेश की जनता को बताना चाहिये साथ ही झूठे और नौसिखिया नेताओं जैसा आंकड़े बताने के लिये माफी मांगनी चाहिये।

## जोन चेयरपर्सन एम.जे.एफ. लायन मधु यादव सम्मानित

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



सामाजिक सरोकार संबंधी विभिन्न सेवा कार्यों में पूरी प्रतिबद्धता के साथ 100प्रतिशत योगदान देने वाली लायन मधु यादव को लायन डेन, जलविहार कॉलोनी में अंतरराष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायन क्लब 9 डिस्ट्रिक्ट 3233-सी के डि. गवर्नर जयप्रकाश अग्रवाल ने स्मृति चिन्ह और मेल्विन जोंस फेलो प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने केंद्रीय विद्यालय की शिक्षिका मधु यादव की सराहना करते हुए कहा कि वें अपने जीवन के मूल मंत्र मानव सेवा ही माधव सेवा ह के अनुरूप जरूरतमंद मेधावी विद्यार्थियों की शिक्षा दीक्षा की पूरी जिम्मेदारी उठा रही है । डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की अधिकारिक यात्रा और सम्मान समारोह के दौरान रीजन चेयरमैन ईश्वर अग्रवाल को भी स्मृति चिन्ह तथा फेलो प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। अतिथि देवो भवः के अनुरूप काठमांडू से पधारे लायन अमरनाथ सराफ और लायन संतोष सराफ का अभिनंदन किया गया। सराफ दंपत्ति ने नेपाल में उनके द्वारा किए गए सेवा कार्यों का विवरण दिया, साथ ही उन्होंने लायन मधु यादव को यादव समाज का गौरव बताते हुए उनके समर्पण और निष्ठा की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

### कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में उन्मुखीकरण कार्यक्रम

## ज्ञान व कौशल के माध्यम से विज्ञापन व जनसंपर्क के क्षेत्र में प्राप्त की जा सकती है सफलता : जयश्री

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के विज्ञापन एवं जनसंपर्क अध्ययन विभाग द्वारा आयोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित आईआईएमसी, नई दिल्ली की पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर जयश्री जेठवानी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विज्ञापन व जनसंपर्क के विभिन्न क्षेत्रों में अपने ज्ञान व कौशल के माध्यम से सफलता प्राप्त की जा सकती है । विज्ञापन व जनसंपर्क का क्षेत्र बहुत ही व्यापक है जिसकी शुरुआत मनुष्य की सभ्यता की शुरुआत से ही मानी जा सकती है, अलग-अलग राज्य सत्ताओं द्वारा भी विज्ञापन व जनसंपर्क का कैसे सहारा लिया जाता रहा है इसके बारे विस्तार पूर्वक बताया। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल में जनसंपर्क के महाप्रबंधक विजय मिश्रा ने विज्ञापन के विभिन्न आयामों के बारे में चर्चा करते हुए बताए कि विज्ञापन व जनसंपर्क महीन से महान बनाने की एक कला है। विज्ञापन आप व हम सभी के बीच स्थापित होने की प्रक्रिया का नाम है। विज्ञापन में दी गई जरुरी बातों को जानना हम सभी के लिए लाभकारी है। उन्होंने बाइक का उदाहरण देते हुए विज्ञापन के महत्व पर चर्चा किए तथा विज्ञापनों में भाषा का प्रयोग कैसे महत्वपूर्ण है इसके बारे में भी आपने विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि योजनाओं को दिल और दिमाग में बैठाने के लिए भाषा का सुगम व सरल होना बेहद जरूरी है तथा भारतीय भाषा में छपा विज्ञापन ह्रदय, मन व मस्तिष्क में उतर जाता है। श्री विजय मिश्रा ने भारत में भाषा के महत्व को प्रसिद्ध साहित्यकार भारतेंदु हरिश्चंद्र तथा अकबर इलाहाबादी के कृतियों के माध्यम से समझाने का प्रयास किया। श्री विजय मिश्रा ने छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल द्वारा प्रयोग किए जा रहे बिजली बचाओ अभियान के संदर्भ में कैसे छत्तीसगढ़ी भाषा प्रभावकारी रहा इसके बारे में भी बताया । विजय मिश्रा ने छत्तीसगढ़ी भाषा के प्रयोग के बारे में बताते हुए प्रसिद्ध नाटककार हबीब तनवीर के नाटकों का भी उल्लेख करते हुए यह बताया कि छत्तीसगढ़ी भाषा को गांव से विश्व पटल तक पहुंचाने का कार्य हबीब तनवीर जैसे लोगों के द्वारा किया गया है। उन्होंने कुछ विज्ञापनों के स्लोगन जैसे - यह दिल मांगे मोर, अमूल पीता है इंडिया, के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि कैसे हिंदी और अंग्रेजी के प्रयोग से आम उपभोक्ता को प्रभावित किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय भोपाल के प्रोफ़ेसर पवित्र श्रीवास्तव ने सरकारी क्षेत्र व कारपोरेट क्षेत्रों में जनसंपर्क के महत्व के बारे में चर्चा करते हुए यह बताया कि सरकारी क्षेत्र व कारपोरेट क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। सरकारी क्षेत्र में राष्ट्रीय व राज्य स्तर के जनसंपर्क संस्थानों में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। प्रो.पवित्र श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय स्तर के जनसंपर्क संस्थान , प्रदेश सरकार की जनसंपर्क संचालनालय, छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल तथा अन्य सरकारी विभागों में जनसंपर्क की उपयोगिता पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। प्रोफेसर श्रीवास्तव ने कारपोरेट क्षेत्र में भी जनसंपर्क की उपयोगिता पर छात्रों से बातचीत करते हुए यह कहा कि इस क्षेत्र में जनसंपर्क कौशल का बहुत महत्व है वर्तमान समय में जनसंपर्क व विज्ञापन का क्षेत्र विस्तृत होता जा रहा है विज्ञापन एवं जनसंपर्क की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को इन क्षेत्रों में अपार संभावनाएं नजर आती है जनसंपर्क की संभावनाओं के बारे में चर्चा करते हुए प्रोफेसर श्रीवास्तव ने यह बताएं कि सृजनात्मकता में रुचि रखने वाले तथा जोखिम उठाने वालों के लिए विज्ञापन व जनसंपर्क के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इस क्षेत्र में विज्ञापन व जनसंपर्क के अलावा इवेंट एग्जीबिशन मैनेजर, कारपोरेट कम्युनिकेशन अधिकारी, पब्लिसिटी ऑफिसर, प्रचार अधिकारी, कॉपीराइटर, विजुलाइजर तथा आर्ट डायरेक्टर जैसे रोजगार प्राप्त कर सकते हैं इस कार्य की अध्यक्षता करते हुए कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बलदेव भाई शर्मा ने कहा कि उन्मुखीकरण कार्यक्रम सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों के लिए सुयोग्य ज्ञान संपन्न कराने की एक प्रक्रिया है।

## क्विक न्यूज

### एनएमडीसी हॉस्पिटल बनाम गाडर पुलिया के मध्य खेला गया



**किरंदुल।** ग्राम पंचायत कोड़ेनार इमली ग्राउंड में पंचायत समिति के तत्वावधान एवं फ्रेंड्स क्लब के सहयोग से टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें 32 टीम भाग ले रही है। टूर्नामेंट के चौथे दिन एनएमडीसी हॉस्पिटल बनाम गाडर पुलिया व्दोरा कैम्प के मध्य मैच खेला गया जिसमें एनएमडीसी टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 112 रन बनाया वहीं गाडर पुलिया की टीम 88 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।इस मुकाबले में राजू बाघ मैन ऑफ द मैच रहे जिसने 45 रन बनाया। दूसरा मुकाबला में बचेली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 164 रन बनाएं वही नकुलनार ने सिर्फ 113 रन ही बना पाए और मैन ऑफ द मैच रहे बासु इस दौरान सरपंच मीना मण्डावी, नितिन दुबे, सतीश कोशाल, विजय कुमार उपस्थित थे।

# अध्यक्ष राज्य गौ सेवा आयोग की अध्यक्षता में हुई पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक

- **अध्यक्ष ने जिले में गौसेवा संस्थान, गौसदनों एवं गोठानों की ली जानकारी, दिये विभिन्न निर्देश**

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग महामण्डलेश्वर राजेश्री डा महंत राम सुंदर दास की अध्यक्षता में पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में महामण्डलेश्वर राजेश्री डॉ महंत राम सुंदर दास ने जिले की गौ सेवा संस्थान, गौसदन व गोठानों के गतिविधियों की जानकारी लेते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य कृषि प्रधान राज्य है एवं कृषि के साथ-साथ पशु पालन गौ सेवा संरक्षण का अभिन्न अंग माना जाता है। वर्तमान परिवेश में कृषि कार्य के अतिरिक्त पशु पालकों द्वारा व्यवसायिक तौर पर आर्थिक सबल हेतु पशु पालन कार्य लिया जा रहा है। इसके साथ ही शासन द्वारा गोठानों में गौवंश पशुओं को संरक्षण और बेहतर रख-रखाव करके ग्रामों में पशु पालकों एवं ग्रामीणों को उनकी आर्थिक एवं आजीविका संबंधी उपयोगिता से जो?ने का सराहनीय कार्य प्रारंभ किया गया है। इसके अलावा सड़कों पर रहने वाले पशुओं के प्रति समाज के नजरिये को सकारात्मक बनाने की आवश्यकता है। चूंकि पशओं में वर्तमान परिवेश में विभिन्न तरह की रख-रखाव, परिवहन, मौसम के अनुकूल भारी कार्य लिया जाना, खुले में चरागन, सड़कों एवं अन्यत्र स्थानों पर साधारणतः देखा जा रहा है। जिसके समुचित व्यवस्थापन किया जाना आवश्यक है। बैठक के एजेण्डे में जैसे पशु परिवहन हेतु क्षमता के अनरुप एवं शासन के नियमानुसार पशुओं का परिवहन, पशुओं के परिवहन के समय मौसम- वर्षा, शीत एवं ग्रीष्म ऋतुओं में परिवहन के समय का विशेष ध्यान रखने, सडक मार्ग पर परिवहन में क्षमता के अनुरुप एबं वाहन की गति नियंत्रण, सड़कों पर खुले मे विचरण करने वाले पशुओं को पशु पालकों की सहायता से खुले मे न छोडने संबंधी प्रचार प्रसार, सडक दुर्घटना होने की स्थिति मे प्राथमिक उपचार उपरांत नजदीकी गौशाला/गौसदन में रखने, पशुओं के प्रति क्रूरता करने वाले व्यक्तियों पर निगरानी करने, उन्हें सचेत करना- पशुओं के प्रति क्रूरता करने वाले व्यक्तियों पर कडी निगरानी करते हुये उन्हें उचित मार्गदर्शन एवं पशु क्रूरता अधिनियम 11960 58 क के तहत् कार्यवाही, नगर पालिका/नगर पंचायत अंतर्गत मांस, मछली बाजार व्यवस्थित करने एवं मांस परीक्षण, जिलें के समस्त नगर पालिका/नगर पंचायत क्षेत्र अतर्गत मांस, मछली बाजार पर शासन के नियमानुसार उचित व्यवस्थापन एवं स्वास्थ्य/मांस परीक्षण पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ से कराने उपरांत बिक्री करने एवं मांस, मछली व्यवसायियो का पंजीयन जैसे बिन्दु शामिल थे। बैठक में गौसेवा अध्यक्ष ने यह भी कहा कि मांस मछली. कुक्कुट व्यवसायियों द्वारा अधिकांशतः अव्यवहारिक प्रवृत्ति जैसे पक्षियों एवं पशुओं को उल्टा लटकाकर परिवहन किया जाता है, जो कि पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत आता हैं। अतः जिला परिवहन अधिकारी एवं पुलिस विभाग के समन्वय से नगर के चैक-चैराहों अथवा चेक पोस्ट पर अधिकारी उचित कार्यवाही करें। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि नगरपालिका क्षेत्र में एक ही जगह मांस-मछली बाजार के उचित व्यवस्थापन किया जाएगा साथ ही स?कों में खुले में विचरण करने वाले पशुओं के मालिकों को भी प्रारंभ में चेतावनी देने एवं उसके पश्चात् ध्यान न देने पर उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही भी की जायेगी। चूंकि नगरपालिका क्षेत्र में गोठान का व्यवस्थित रूप से संचालन हो रहा है। अतः किसी भी प्रकार के पशु क्रूरता संबंधी शिकायत होने पर तुरंत संज्ञान में लिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पशु-पक्षियों के संबंध में जन सहभागिता के तौर पर सभी को संवेदनशील बनने की भी आवश्यकता है।

# पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ में 1 माओवादी ढेर



पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिले में चलाये जा रहे माओवादी अभियान के तहत् तर्रेम एवं बासागुड़ा से जिला बल, डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा 204 एवं केरिपु 168 का संयुक्त बल माओवादी विरोधी अभियान पर पूवर्ती, पेद्दागेलुर, गुण्डम, गगनपल्ली की ओर रवाना हुये थे । अभियान के दौरान 19.जनवरी को पूवर्ती के जंगलों में माओवादियों के साथ हुये मुठभेड़ में 01 माओवादी को मार गिराने में सफलता मिली, मौके से सर्चिंग के दौरान 1 नग 12बोर, पीटठू, माओवादी वर्दी, साहित्य, बैटरी, बिजली का तार, आईईडी, दवाईयां एवं दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई । मुठभेड़ के दौरान आईईडी ब्लास्ट में 02 जवान घायल हो गये । घायल जवान जुगेश्वर पैकरा को दाहिने घुटने के नीचे एवं सहायक आरक्षक गागैया माड़वी को आंख में चोंटे आई । घायल जवानों को युनिट अस्पताल बासागुड़ा में प्राथमिक उपचार उपरान्त बेहतर उपचार हेतु एयर लिफ्ट कर बीजापुर से जगदलपुर भेजा गया।

## किसानों की समस्याओं को लेकर 22 को घेराव करेगी भाजपा : बृजमोहन देवांगन

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा जिलाध्यक्ष बृजमोहन देवांगन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रदेश की भूपेश सरकार को आड़े हाथ लेते हुये कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार दो साल मे विफलता के सारे कीर्तिमान स्थापित कर चुकी प्रदेश की कांग्रेस सरकार किसान विरोधी है,यह प्रदेश के किसानो के लगातार अन्याय कर रही है हालात इतने खराब है की मुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के क्षेत्र में भी किसान आत्महत्या कर रहे है भूपेश सरकार लगातार वादाखिलाफी विश्वासघात का नया रिकॉर्ड बनाती जा रही है भारतीय जनता पार्टी लगातार सड़क से सदन तक किसानो के मामले को उठाती रही है पार्टी ने सतत् तमाम लोकतांत्रिक उपायों का सहारा लेकर किसानों की समस्याओ पर भूपेश सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने की कोशिश करती रही है लेकिन सत्ता के अहंकार में उन्मत्त यह कांग्रेस की सरकार कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है इस महीने की 13 तारीख को भाजपा ने प्रदेश के पूरे विधानसभा क्षेत्रों में धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित कि जिसमे प्रदेश भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओं की सहभागिता उनके नेतृत्व व मार्गदर्शन में लाखों कार्यकर्ता/किसानों ने प्रदेश भर मे शासन को जगाने का काम किया।

# बचेली की बेटी निशा पाल ने किया रक्तदान

पायनियर संवाददाता ◄ बचेली
www.dailypioneer.com



मनुष्य जीवन भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ उपहार है। यह भी एक शाश्वत सत्य है कि जिसका जन्म हुआ है उसकी मृत्यु भी निश्चित है। मनुष्य शरीर नश्वर व क्षणभंगुर है। इस नश्वर मानव शरीर से दिया हुआ रक्त अगर किसी व्यक्ति की अंधेरी जिंदगी में उजियारा लेकर आता है तो इससे बड़ा पुण्य और परोपकार की बात क्या हो सकती है? अपोलो हॉस्पिटल में एक सप्ताह से भर्ती एक आदिवासी युवती मासे जो पहाड़ी के पीछे ग्राम करका की निवासी है उसका शरीर फूल गया और उसके शरीर में केवल 2 ग्राम ब्लड ही रह गया था उसके साथ कोई नहीं था तो अपोलो के डॉक्टर मोहिद्दीन साहब ने बैलाडीला रक्त ग्रुप के संचालक और पार्षद फिरोज नवाब को सूचना दी और कहा बी पॉजिटिव की रक्त की एकदम सख्त आवश्यकता है नहीं मिलने पर जान को भी खतरा है। इसकी जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से रोहित कोस्टी को मिला उसके बाद उन्होंने बड़ी तत्परता के साथ ब्लड का इंतजाम किया । सबसे खुशी की बात है कि इस अज्ञात युवती के लिए बचेली पोस्ट आफिस में कार्यरत निशा पाल ने स्वयं आकर अपना बहुमूल्य बी पॉजिटिव रक्तदान किया। बचेली की इस बेटी निशा पाल पर सभी को गर्व है और उसके सहकर्मी बघेल ने भी रक्तदान किया और बचेली के रतन बघेल और रितेश नेताम ने भी रक्त बी पॉजिटिव दान किया। और उसी समय एक पाड़ापुर निवासी पारो जिसे एक बेहद दुर्लभ ग्रुप ओ नेगेटिव ब्लड की आवश्यकता थी जैसे ही उसके बारे में जानकारी मिली। रोहित कॉस्टि ने उनके भी रक्त का इंतजाम किया एनएमडीसी कर्मी सुरेंद्र साहू ने अपना दुर्लभ रक्त ओ नेगेटिव का रक्तदान किया । इस तरह लगभग 6 यूनिट का रक्तदान हुआ वो भी बेहद अर्जेंट काल में सहयोग दिया।

इस तरह से बचेली एक मिनी भारत को प्रतिनिधित्व करता हैं और सारे भारत के लोग एक साथ रहते हैं और हमेशा एक दुसरे की मदद के लिए आगे रहते है सबसे गर्व का विषय है कि अब हमारे इस रक्तदान के मुहिम में महिलाओं ने भी भागीदारी दी है इस बात से रक्तदान के क्षेत्र पे एक सकारात्मक पहल है और आज बचेली में बहुत से युवा रक्तदान के क्षेत्र पे स्वयं सेवी होकर कार्य को कर रहे है जैसे अजय उइके विकास सिंह सुनील गाईन विशाल सिंह,विक्रांत भारती, अविनाश सरकार,प्रदीप गुप्ता ,योमेश साहू, बल्लू नंदू और भी बहुत से युवा रक्तदान के लिएअ सक्रिय रहे।

## छत्तीसगढ़ शासन की इस पहल से निजी स्कूलों से भी अच्छी सुविधाओं में अंग्रेजी पढ़ेंगे होनहार बच्चे

पायनियर संवाददाता ◄ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

जिला निर्माण समिति व अन्य मदों से लगभग 2 करोड़ से अधिक की लागत से प्रदेश सरकार की शिक्षा के प्रति गंभीरता व सजगता के चलते जिले के बच्चो को अंग्रेजी मीडियम स्कूल की सौगात मिल रही है। जल्द ही सीएम भूपेश बघेल के कोण्डागाँव आगमन पर अंतरराष्ट्रीय स्तर के अंग्रेजी माध्यम के स्कूल का लोकार्पण हो जाएगा। प्रदेश सरकार की शासकीय स्कूलो में भी उच्च स्तरिय शिक्षा देने की कल्पना जिला मुख्यालय कोण्डागाँव जामकोट पारा के स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल के रूप में आकृति लेने नजर आ रहा है। यहाँ उच्च शिक्षित शिक्षकों के अलावा अन्य शिक्षकीय नवीनतम तकनीकियों का उपयोग किया जा रहा हैं, जिससे बच्चो को बेहतर माहौल में शिक्षा दिया जा सके।



**स्टेण्डर्ड ग्राउण्ड से सुसज्जित हो रहा स्कूल परिसर-** जिला मुख्यालय में संचालित अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में शिक्षा के साथ अन्य शिक्षकीय गतिविधियों का भी ध्यान रखा गया है, जिसके चलते अत्याधुनिक लेबोरेटरी से लेकर वर्डक्लास वर्चुवल क्लास रूम के साथ ही खेल के लिए स्टेण्डर्ड ग्राउण्ड भी निर्मित किया जा रहा है जिसमे बच्चे बॉलीबॉल, बास्केटबॉल, कबड्डी जैसे खेलो में भी पारंगत हो सकेंगे।

## प्रदेश सरकार किसान हितैषी नहीं: बैदूराम

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com




सत्ता में आने के लिए कांग्रेस ने बड़े-बड़े वादे किए लेकिन आज तक एक भी वादा पूरा नही किया। किसानों का ना तो पूरा बोनस दिया गया और ना ही धान पूरा धान खरीदा जा रहा। प्रदेश सरकार पूरी तरह विफल रही है उक्त बातें भाजपा नेता बैदूराम कश्यप ने कही। जिला मुख्यालय स्थित प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए भाजपा नेता बैदूराम कश्यप ने कहा कि सत्ता में आने के लिए कांग्रेस ने लोक लुभावने वादे किए लेकिन उसे पूरा नही किया गया। दो साल बीत गए है लेकिन किसानों को बोनस राशि नहीं मिल पाई है। सरकार ने वादा किया था कि किसानों का हर दाना खरीदेंगे लेकिन गिरदावरी का नया नियम लाकर उन्हें फंसा दिया गया। किसानों के रकबा में कांट-छांट कर दिया गया। प्रदेश सरकार सिर्फ किसान हितैषी बता रही है लेकिन सच्चाई यह है कि धान बेचने के लिए लंबी लाइन में खड़े होकर टोकन लिया जा रहा है। उसके बाद अब पैसे भी पूरे नही दिए जा रहे है। आज भी कई किसानों के पैसे नही दिए जा रहे है। अब नया बहाना मार रहे है बारदाना की बारदाने की कमी है। लेकिन सच्चाई यह है कि जब पहले से तय था कि इतना धान खरीदना है तो आपने बारदाने की व्यवस्था क्यो नही की इसमें राज्य सरकार दोषी है क्योंकि धान खरीदारी प्रदेश सरकार को करनी है लेकिन अपनी विफलता को प्रदेश सरकार केंद्र पर डाल रही है जो सरासर गलत है।

### किसानों के हक में हमारा विरोध जारी रहेगा : हुंगाराम

भाजपा जिला अध्यक्ष हुंगाराम मरकाम ने कहा कि किसानों के हित मे भाजपा सड़क से लेकर विधानसभा तक लड़ाई लड़ेगी। क्योंकि किसानों से किया वादा सरकार पूरा नहीं कर रही है। इसलिए किसानों की मांगों को लेकर भाजपा उग्र प्रदर्शन करेगी।

## हाट-बाजार के साथ-साथ 150 गांवों में छत्तीसगढ़ सरकार की पहुंचाई गई योजनाएं

- **बस्तर के अंदरूनी इलाकों में कला जत्था के माध्यम से स्थानीय बोली में शासकीय योजनाओं का प्रचार**

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों ओर अंदरूनी ईलाकों में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को कला जत्था के माध्यम से विभिन्न ग्रामों में स्थानीय बोली में नृत्य, नाटक के माध्यम से पहुंचाया गया। जनसंपर्क विभाग द्वारा कला जत्था के माध्यम से 8 जनवरी से 19 जनवरी तक संभाग के सभी जिलों में 150 स्थानों में शासन की योजनाएं पहुंचाई गई। अधिक से अधिक लोगों तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने के लिए हाट-बाजार वाले स्थानों को प्राथमिकता दी गई। कला जत्था के लोक कलाकारों द्वारा गीत-संगीत और प्रहसन के माध्यम से आकर्षक ढंग से शासन की योजनाएं लोगों को हल्बी, गोंडी भतरी और छत्तीसगढ़ी जैसी स्थानीय बोलियों के माध्यम से पहुंचाई गई। स्थानीय बोलियों में पहुंचाई गई योजनाओं ने ग्रामीणों के दिल को छू लिया। कला जत्था द्वारा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री



सुपोषण योजना, मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक, राजीव गांधी न्याय योजना, नरवा, गरुआ, घुरवा, बाड़ी सहित विभिन्न योजनाओं से जुड़ने और उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

इसके तहत बस्तर संभाग के सातों जिलों में हाट-बाजारों और प्रमुख स्थानों में लोक संस्कृति के साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंचाई गई। इसके साथ ही इन स्थानों में जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित विभागीय योजनाओं का निःशुल्क वितरण किया गया।

## किसान महादेव ने शासकीय योजना का लाभ लेकर किया आधुनिक कृषि

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कृषकों के कल्याण हेतु विभिन्न शासकीय योजनाओं का क्रियानयन किया जा रहा है। कृषक इन योजनाओं का लाभ लेकर आधुनिक कृषि कर आर्थिक लाभ ले रहे हैं। बस्तर जिले के विकासखण्ड बस्तर के ग्राम भैसगांव के कृषक श्री महादेव द्वारा विगत 10 वर्षों से परम्परागत वर्षा आधारित खेती कर रहे थे। कृषक महादेव द्वारा कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों से सतत् सम्पर्क कर समय-समय पर दिए गए तकनीकी सलाहों का पालन कर वैज्ञानिक पद्धति से खेती कर अधिक फसल उत्पादन लिया जा रहा है। जिससे न्यूनतम कास्त लागत में अधिकतम लाभ प्राप्त हो रहा है। महादेव द्वारा विभाग में संचालित किसान समृद्धि योजनान्तर्गत अनुदान पर नलकूप खनन करवाया है। कृषक द्वारा



खरीफ वर्ष 2019 में खरीफ में एकड़ क्षेत्रफल में धान की खेती की गई, जिससे उनकों एक लाख 20 हजार रूपए का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ था एवं खरीफ वर्ष 2020 में कृषक द्वारा कतार पद्धति से धान लगाया, जिससे एक लाख 80 हजार रूपए का शुद्ध आय प्राप्त हुआ। वर्तमान रबी मौसम में कृषक द्वारा 2 एकड में मटर, गोभी एवं अन्य फसल की कास्त ली जा रही है। जिससे अतिरिक्त आय की प्राप्ति हो रही है। इसके अलावा महादेव ने गोधन न्याय योजना के तहत् 20 क्विंटल गोबर विक्रय कर 4 हजार रूपए अतिरिक्त आय अर्जन किया है। पूर्व गोबर का उपयोग गोबर खाद बनाने एवं कण्डे निर्माण कर जलाऊ के रूप में उपयोग किया करते थे। गोधन न्याय योजना से प्राप्त राशि का उपयोग कृषि कार्य हेतु किया गया। महादेव द्वारा द्विफसलीय कृषि पद्धति को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृ? कर क्षेत्र के अन्य कृषकों को भी प्रोत्साहित कर इस दिशा में संभव प्रयास जारी है।

**विधायक, कलेक्टर एवं एसपी ने कोपाबेड़ा तालाब स्थल में किया श्रमदान**

# ‘मावा कोंडानार’ अभियान की जिले में हुई शुरूआत

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय सहित जिले के समस्त विकासखण्ड एवं नगरपालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्र में ‘मावा कोंडानार’ (हमारा कोण्डागांव) अभियान का आगाज आज स्थानीय कोपाबड़ा तालाब स्थल में विधायक मोहन मरकाम, कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान विधायक, कलेक्टर एवं एसपी, जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने फावड़ा, कुदाली उठाकर तालाब के आस-पास के क्षेत्रों में साफ-सफाई कर श्रमदान किया।

ज्ञात हो कि इस अभियान के तहत्



मुख्यालय के ऐसे स्थान जो मलिन जगह की श्रेणी में आते हैं वहां जन सहभागिता करके उन्हें स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाया जाएगा और यह अभियान तीन महीने तक चलाया जाएगा। इस मौके पर विधायक मोहन मरकाम ने कहा कि अपने मुख्यालय को स्वच्छ, सुंदर बनाना हर नागरिक का परम कर्तव्य है और स्वच्छता अभियान को हर व्यक्तियों द्वारा अपनी आदतों में शुमार करने की आवश्यकता है। स्वच्छ वातावरण में निवास करना हर नागरिक का अधिकार है परन्तु इसमें जन भागीदारी भी जरूरी है। अपने आस-पास की जगह को स्वच्छ बनाने से बीमारियों के फैलने का खतरा स्वतः ही समाप्त हो जाता है। कलेक्टर ने इस दौरान जानकारी दी कि ‘मावा कोंडानार’ शब्द गोंडी भाषा से लिया गया है और लोगों को इस स्वच्छता मुहिम में जोड़ने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है और नदी, तालाब जैसे जल स्त्रातों को स्वच्छ बनाना तो और भी ज्यादा जरूरी है। इसलिए कोपाबेड़ा तालाब स्थल का चयन किया गया है। इस अभियान के क्रम में सभी शासकीय भवन एवं सड़क के किनारे दीवारों पर स्थानीय संस्कृति के अनुरूप ‘वॉल पेंटिंग’ करके मुख्यालय आकर्षक रूप देने का प्रयास किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि ‘मावा कोंडानार’ के तहत् बड़ेराजपुर ग्राम पंचायत बीरापारा एवं नगर पंचायत फरसगांव में भी नगर पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद और एल्डर मैन एवं निकाय के समस्त कर्मचारी द्वारा श्रमदान किया गया। इस श्रमदान अभियान में जनप्रतिनिधि तरूण गोलछा, मनीष श्रीवास्तव, नगरपालिका अध्यक्ष हेमकुंवर पटेल, शांति पाण्डे, एसडीएम बीआर ध्रुव, सीएमओ सूरज सिदार, अभियंता संजय मारकण्डेय, संजय कोर्राम सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## पक्षियों की बीमारी और मृत्यु की सूचना दें तत्काल

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रजत बंसल ने बस्तर जिले में बर्ड फ्लू के दो मामलों की पुष्टि को देखते हुए मुर्गे-मुर्गियों एवं किसी भी प्रकार पक्षियों की मृत्यु होने तथा किसी भी प्रकार के बीमारियों के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल इसकी सूचना देने को कहा, जिससे बीमारी फैलने पर रोकथाम हेतु समुचित व्यवस्था की जा सके। कलेक्टर रजत बंसल आज जिला कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में जिले के बर्ड फ्लू की रोकथाम के संबंध में मुर्गे-मुर्गियों के विक्रेता और ढाबा संचालकों की बैठक ली। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक झा, सहायक कलेक्टर रेना जमील, पशुधन विकास विभाग के संयुक्त संचालक डॉ लक्ष्मी अजगले, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ



आरके चतुर्वेदी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि मुर्गा मुर्गी खाने वालों को इस बीमारी को लेकर भय भीत होने की बिल्कुल भी आवश्यकता नही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बस्तर जिले में मुर्गे-मुर्गियों में बर्ड फ्लू के मामले सामने नही आये है। इसके साथ ही मुर्गे-मुर्गियों को 70 डिग्री के तापमान में पकाने से इसका वायरस खत्म हो जाता है। श्री बंसल ने लोंगो को मुर्गे-मुर्गियों को अच्छे से पकाकर खाने की सलाह देने को कहा।

## क्विक न्यूज

### दो दुकानों पर तालाबंदी कर सीलबंद किया



**कुरूद।** नगर पंचायत कुरूद द्वारा निकाय क्षेत्रान्तर्गत दुकानदारों द्वारा दुकान/काम्पलेक्स की किराया बकाया राशि जमा नहीं किये जाने के कारण प्रकाश (पप्पी), सुरेश पिता लक्ष्मणदास चैनवानी के दो दुकानों पर तालाबंदी करते सीलबंद किया गया तथा पुराना बस स्टैण्ड दुकान के कृपाराम यादव द्वारा एवं थानेश्वर शर्मा द्वारा अपने-अपने दुकानों में तालाबंदी के दौरान 02 दिवस के भीतर राशि जमा करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस टीम के प्रमुख सीएमओ मनोज जायवाल 'उपअभियंता पुष्कर चन्द्राकर राजस्व उप निरीक्षक गोपाल सिन्हा, राजस्व प्रभारी यशवंत साहू, प्रवीण कटारिया, अन्य कर्मचारी में राजेन्द्र कुमार साहू, शशिकांत नेताम, हितेन्द्र ध्रुव, उमेश साहू सहित कुरूद पुलिस ने भी इस कार्यवाही में अपना सहयोग प्रदान किया। सीएमओ जायसवाल ने कहा कि जिन दुकानदारों की राजस्व एवं अन्य देनदारियां बांकी

# गिरौदपुरी में मेला का आयोजन 20 मार्च तक

- गुरु गद्दीनशीन विजय गुरू की अध्यक्षता में मेला समिति की बैठक
- दर्शनार्थियों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने आपसी

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



गिरौदपुरी धाम में इस साल तीन दिवसीय गुरूदर्शन मेले का आयोजन 18 से 20 मार्च 2021 तक किया जायेगा। जगतगुरू गुरू गद्दीनशीन श्री विजय कुमार गुरू की अध्यक्षता में गिरौदपुरी मेला आयोजन समिति की आज यहां जिला पंचायत के सभागार में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में मेले की तिथि का निर्धारण किया गया। राज्य शासन के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्रकुमार, राज राजेश्वरी कौशल माता, राजमहंत गण सहित कलेक्टर सुनील जैन, एसपी आई.के.एलेसेला सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। बैठक में लाखों दर्शनार्थियों के मेले में समागम को देखते हुए तैयारियों के संबंध में व्यापक विचार-विमर्श करते हुए मेले के सफल आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। विजय कुमार गुरू ने कोरोना काल को ध्यान में रखते हुए दर्शनार्थियों को इसके बचाव के उपाय करते हुए मेले में आने का आग्रह किया है। गुरू रूद्रकुमार ने बैठक में कहा कि मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं। उनके लिए बुनियादी सुविधाओं का इंतजाम करना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है। सभी विभाग आपसी ताल-मेल के साथ काम करके इस बड़े आयोजन को सफ्ल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

उन्होंने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को भी कोरोना से बचाव का संपूर्ण उपाय सुनिश्चित करने की अपील भी की है। कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने बैठक की कार्यवाही का संचालन करते हुए मेले के लिए इस साल प्रस्तावित की गई व्यवस्था की जानकारी दी। मेले की तमाम व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कसडोल एसडीएम मिथिलेश डोण्डे को मेला अधिकारी नियुक्त किया गया है। कानून व्यवस्था में उन्हें सहयोग प्रदान करने के लिए राज्य स्तर से करीब 15 डिप्टी कलेक्टरों की तैनाती की जाएगी। इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग को पत्र लिखा गया है। दर्शनार्थियों के लिए पेयजल एवं निस्तारी जल की पर्याप्त इंतजाम रहेगी। मेला स्थल पर मौजूद 30 लाख, 8 लाख एवं 75 हजार लीटर क्षमता के टैंक को साफ कराकर पानी से भरा जाएगा। मंदिर परिसर, महराजी, छातापहाड़ एवं पंच कुण्डीय में अलग से पानी टंकी का इंतजाम रहेगा। इसके साथ ही 17 टैंकर भी रहेगा,जिसे जरूरत के हिसाब से घुमाया जा सकेगा। पानी की व्यवस्था तीनों दिन चौबीसों घण्टे रहेगा।निस्तार जल के लिए महराजी एनीकट सहित कटगी एवं अमोदी के पास जोंक नदी को बांधकर पानी रोका जायेगा। समुचित स्थलों पर बायोटॉयलेट, चलित टॉयलेट और स्थायी टॉयलेटों की साफ-सफ ाई के निर्देश दिए गए। बिजली संबंधी जरूरत का भी आकलन कर समय रहते आवश्यक सुधार कर लिया जाए। गुरू निवास सहित सभी ठिकानों पर स्वास्थ्य विभाग की टीम तैनात रहेगी। पर्याप्त दवाईयों एवं एम्बुलैंस के साथ रहेंगे। मेला स्थल की साफ-सफाई के लिए प्रत्येक नगरीय निकाय से 8-8 सफाई कर्मी आएंगे। सुबह और शाम दो टाईम सफ ाई की व्यवस्था रहेगी। मेला में आये दर्शनार्थियों के लिए रियायती दर पर दाल-भात केन्द्र स्थापित किये जाएंगे। आस-पास गांवों के स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनाने वाले स्व सहायता समूहों को दाल-भात केन्द्र चलाने की जिम्मेदारी दी जाएगी। मेले में प्लास्टिक के सामान में भोजन एवं अन्य सामग्री परोसने पर प्रतिबंध रहेगा। दोना पत्तल एवं लकड़ी के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाएगा। मेला स्थल में दुकानों के आवंटन के लिए एक समिति बनाई गई है। मेला स्थल पर तीन दमकल गाड़ियां भी विद्यमान रहेंगी। मेला स्थल के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। लगभग 500 की संख्या में पुलिस बल मौजूद रहेंगे। गिरौदपुरी धाम के 10 किलोमीटर की परिधि में कोई भी अवैध शराब दुकान का कारोबार नहीं होगा। आबकारी एवं पुलिस को सख्त निर्देश दिए गए हैं। पान, गुटखा एवं बीड़ी का विक्रय पर भी प्रतिबंध रहेगा। राजमहंतों और आयोजन समिति के सदस्यों ने भी अपने पूर्व अनुभव के आधार पर मेले के और व्यवस्थित आयोजन के लिए सुझाव दिया। कलेक्टर श्री जैन ने बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुरूप व्यवस्था का भरोसा दिलाया। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने हिस्से का काम पूर्ण कर 15 मार्च तक अंतिम ओके रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा है।

# निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार/डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत् जिला के युवाओं को जिला मुख्यालय स्थित परियोजना लाईवलीहुड कालेज सोसायटी सकरी बलौदाबाजार एवं भाटापारा नगर में स्थित कमलाकांत शुक्ला प्राइवेट आई.टी.आई.देवरी रोड एवं केयर एजुकेशन एन्ड वेलफेयर सोसायटी बलौदाबाजार में निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गये है। जिला के युवा जो कम से कम 5 वीं कक्षा उत्तीर्ण एवं जिनकी आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष तक है वे दिनांक 30 जनवरी 2021 शाम 5 बजें तक कमलाकांत शुक्ला प्राइवेट आई.टी.आई. देवरी रोड,भाटापारा अथवा जिला कौशल विकास प्राधिकरण,कक्ष क्रमांक 70 सँयुक्त जिला कार्यालय बलौदाबाजार में निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते है। जिले के युवा अपने पसंद अनुसार निम्न ट्रेड में प्रशिक्षण हेतु आवेदन कर सकतें है।

# महेश्वरी भवन में मनाया गया हल्दी कुमकुम

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



महेश्वरी समाज की महिलाओं के द्वारा मकर सक्रांति के उपलक्ष्य में सामाजिक कार्यक्रम किया गया। पहला कार्यक्रम जिसमें महिला मण्डल के नेतृत्व में महेश्वरी भवन में मनाया गया हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया जिसमें विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया गया यह जानकारी महिला मंडल के अध्यक्ष विमला देवी लाहोटी ने दी।

# कर्मचारी भवन तिल्दा में प्रदेश प्रान्ताध्यक्ष लेंगे कर्मचारियों की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा/नेवरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष एवं अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राकेश साहू 23 जनवरी को दोपहर 12 बजे कर्मचारी भवन तिल्दा में एक आवश्यक बैठक को संबोधित करेंगे। केन्द्र और राज्य सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी रणनीति पर विशेष रूप से चर्चा होगी। सातवें वेतनमान का एरियर, लंबित महंगाई भत्ता,क्रमोन्नति, पदोन्नति,संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण और ओपीएस लागू करने संबंधी मुद्दों पर विशेष रूप से चर्चा होगी। कामरेड नरेंद्र सिंह चन्द्राकर की प्रतिमा स्थापित करने के लिए तिल्दा के कर्मचारियों की ओर से प्रांताध्यक्ष को 26101 रू. की राशि भेंट की जायेगी।अंग्रेजी माध्यम के स्कुल के नाम पर हिन्दी माध्यम के स्कूलों को बंद नहीं करने संबंधी पालकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन जिलाध्यक्ष सुखीराम धृतलहरे को सौंपी जायेगी। यह जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ तहसील शाखा तिल्दा के अध्यक्ष अभिमन्यु वर्मा ने बताया कि प्रांतीय अध्यक्ष का तिल्दा - नेवरा आगमन गौरव का विषय है। कर्मचारी अपनी व्यक्तिगत और कर्मचारी हितैषी समस्याओं को प्रांताध्यक्ष के सामने पेश कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के अध्यक्ष रामावतार पांडे, जवाहर लाल सिरमौर, एसडीवैष्णव, विकास शाखा अध्यक्ष बलदाऊ वर्मा, उपयंत्री गोपाल साहू ने समस्त साथियों से अपील की है कि वे इस अवसर पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनावें।

# राजिम जयंती और परिचय सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड रघुबर दास शामिल हुए

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



तहसील साहू संघ बलौदाबाजार के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को आयोजित सामूहिक आदर्श विवाह, राजिम जयंती एवं परिचय सम्मेलन के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भाजपा व पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड रघुबर दास व विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भाजपा व पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ डॉ. रमन सिंह का सर्वप्रथम सर्किट हाउस में पूर्व विधायक, जिलाध्यक्ष भाजपा डॉ. सनम जांगड़े के नेतृत्व में समस्त कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात नेता द्वय सामाजिक कार्यक्रम के समाप्ति के बाद जिला भाजपा कार्यालय, बलौदाबाजार पहुँचे जहाँ उपस्थित कार्यकर्ताओं ने नेता द्वय का फूल माला, गुलदस्ता आदि से आत्मीय स्वागत किया। कार्यकर्ता नेताओं को अपने समक्ष पाकर बेहद खुश और सकारात्मक ऊर्जा से लबरेज नजर आ रहे थे। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने नेता द्वय से सभी कार्यकर्ताओं का परिचय कराया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने उपस्थित कार्यकर्ताओं के आत्मीय स्वागत से अभिभूत होकर खुशी जाहिर की और पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा नेता रघुबर दास को बताते हुए यह कहा कि ये जिला बलौदाबाजार भाजपा की टीम बहोत मजबूत है, इन्ही की बदौलत अभी राज्य सरकार की किसान विरोधी नीतियों को लेकर होने वाले विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन का आयोजन काफी सफ्ल रहा। श्री सिंह ने आगे कहा कि आने वाले कार्यक्रमो को पूरी मेहनत और लगन से आप सभी को करना है और 2023 के चुनाव में विजय श्री दिलाने अभी से जुट जाना है। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, वरिष्ठ भाजपा नेता टेसुलाल धुरंधर, विजय केशरवानी, लखेपाल जायसवाल, धनंजय साहू, नंदकुमार साहू, नीलम सोनी, कृष्णा अवस्थी, सुमन वर्मा, चित्तावर जायसवाल, यशवर्धन वर्मा (मोनू), टंकराम वर्मा, रितेश श्रीवास्तव, डोमन वर्मा, संकेत शुक्ला, पुरुषोत्तम सोनी, आलोक अग्रवाल, राहुल सोनी, सविता साहू, राकेश ध्रुव, संजय पंजवानी, प्रमोद जैन, पुनीत राम यादव, दिनेश साहू, पुरुषोत्तम साहू, अभिषेक तिवारी, प्रणव अवस्थी, विकास अग्रवाल, रवि वर्मा, भीषम कश्यप, राजू सल ध्रुव, अमन तिवारी, विनय श्रीवास, आशीष वाकड़े, आकाश जायसवाल, संकेत वर्मा, पोखराम विश्वकर्मा, कमल भारद्वाज, योगेश वर्मा, अर्पित तिवारी आदि बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वच्छ भारत मिशन के तहत गुणवत्ताविहीन सामग्रियों की खरीदी की नहीं होगी : जिला पंचायत सीईओ

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार/डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com

कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने जिला पंचायत सीईओ को निर्देश देते हुए स्वच्छ भारत मिशन के तहत वेस्ट मैनेजमेंट के लिए ग्राम पंचायतों के द्वारा गुणवत्ता विहीन सामग्रियों की खरीदी की शिकायत पर सामग्रियों की राशि भुगतान नही करने के निर्देश दिए है। जिस पर तत्काल कार्रवाई करतें हुए जिला पंचायत सीईओ डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने आदेश जारी करतें हुए जिले के समस्त जनपद सीईओ एवं ग्राम पंचायत के सरपंचों,सचिवों को ग्राम पंचायतों द्वारा गुणवत्ता विहीन सामग्रियों की खरीदी करनें पर उनका भुगतान नहीं करनें के निर्देश दिए है। साथ ही इन गुणवत्ता विहीन एवं अमानक स्तर सामग्री होने पर उसे वापस करनें के भी निर्देश दिए है। गौरतलब है की स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिला पंचायत द्वारा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु कार्य योजना के अनुसार जिले के कुछ गाँवो में वेस्ट मैनेजमेंट के लिए कार्यो को प्रशासकीय स्वीकृति आदेश जारी किया गया है।

जिसका क्रियान्वयन जनपद पंचायत के माध्यम से ग्राम पंचायतो द्वारा किया जा रहा है। विगत दिनों 5 जनवरी को जिला पंचायत के सामान्य सभा में सदस्यों द्वारा गुणवत्ता विहीन सामग्री खरीदी एवं उनका जबर्दस्ती भुगतान करने की शिकायत की गयी थी। जिसे ही संघान लेते हुए उक्त कार्रवाई की गयी है।

### स्वप्निल तिवारी डड़सेना महाविद्यालय के प्रतिनिधि नियुक्त



**पिथौरा।** सांसद चुन्नीलाल साहू ने भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला कोषाध्यक्ष स्वप्निल तिवारी को शासकीय चन्द्रपाल डड़सेना महाविद्यालय का प्रतिनिधि नियुक्त किया है। नव नियुक्त सांसद प्रतिनिधि स्वप्निल तिवारी ने अपनी नियुक्ति पर सांसद चुन्नीलाल साहू, भाजपा पूर्व प्रदेश मंत्री शंकर अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी, किशान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमशंकर पटेल, मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल, महामंत्री आशीष शर्मा का आभार व्यक्त करते हुवे कहा कि आप जिस उम्मीद से यह दायित्व सौंपा है मैं उसमें पूरा खरा उतरने का प्रयास करूंगा। नियक्ती पत्र प्रदान करने के अवसर पर प्रमुख रूप से मनोहर साहू सांसद प्रतिनिधि जतिन ठक्कर आलोक त्रिपाठी दुलिकेशन साहू उपस्थित थे।

# स्काउट-गाइड ने वाहन चालकों को नियम का पालन करने जागरूक किया

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदा बाजार
www.dailypioneer.com

स्काउट गाइड मुख्य आयुक्त छ.ग. विनोद सेवनलाल चंद्राकर के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल, जिला आयुक्त अजय राव, सहायक राज्य संगठन आयुक्त खोड़सराम कश्यप, राज्य मुख्यालय आयुक्त गाइड वंदना तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी व पदेन जिला आयुक्त स्काऊट सीएस ध्रुव के मार्ग दर्शन में गुरुकुल इंग्लिश मिडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल के स्काऊट्स एवं गाईड्स द्वारा यातायात सप्ताह के प्रथम दिवस अम्बेडकर चौक में वाहन चालकों को पुष्प गुच्छ भेंटकर यातायात सुरक्षा के नियमों का पालन करने, हेलमेट, सीट बेल्ट तथा मास्क का उपयोग करने की अपील किया गया. इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त द्वय बीडी राऊत, नेहा उपाध्याय, गाईडर माधुरी श्रीवास, स्काऊटर जीवन साहू, स्काऊट्स जीवेश साहू, देवांश विश्नोई, भूपेंद्र शर्मा, गाइड्स आरती साहू, रेशमी साहू, उन्नती केसरवानी, गीतांजली साहू, श्रिम विश्वोई आदि उपस्थित थे।




# शराब भट्ठी को हटाने के लिए धरना प्रदर्शन किया जाएगा

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

वार्ड क्रमांक 6 के भाजपा पार्षद के द्वारा नए अंग्रेजी शराब दुकान का विरोध किया जा रहा है उन्होंने बताया कि उनके वार्ड में अभिशाप के रूप में पहले से ही एक देशी शराब दुकान है जिससे लगातार उनके पास शिकायतें आते रहता है कि इस शराब दुकान को बंद कराया जाए। लेकिन यह शराब दुकान खुद छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाया जा रहा है जिसके कारण वे कुछ कर पाने में अक्षम है । कई बार शिकायत भी किया जा चुका है लेकिन अभी 20 जनवरी को फिर से एक नया शराब दुकान खोल दिया गया जिसका वार्ड प्रतिनिधि को कोई जानकारी दी गई और ना ही कोई किसी भी प्रकार का सलाह लिया गया है कि इस वार्ड में नया शराब दुकान खोलना कितना उचित है । पहले से ही वार्ड के रहने वाले महिलाएं वह बुजुर्ग निवासी इस शराब दुकान से बहुत ही ज्यादा दुखी



हैं इस रास्ते पर बहुत सारे राइस मिल हैं जिसमें वार्ड के महिलाएं वह लड़कियां अपनी रोजी-रोटी की तलाश में मिलों पर काम कर रहे हैं जिन्हें इस रास्ते पर आते जाते समय शराबियों के द्वारा दुर्व्यवहार किया जाता है वह उनको देखकर अपशब्दों का उपयोग किया जाता है जिसकी शिकायत लगातार पार्षद सतीश निषाद और मनोज निषाद के पास महिलाओं ने किया है । ऐसे में एक और नया दुकान भीड़ को और बढ़ाएगा और इस प्रकार से असामाजिक तत्वों के लोगों के द्वारा रास्ते में चलने वाले लोगों के ऊपर गलत टिप्पणियां किया जाता रहा है जिसको और बढ़ावा मिलेगा वही मनोज निषाद ने बताया कि उनके द्वारा इस दोनों भठ्ठी को हटाने के लिए धरना प्रदर्शन किया जाएगा उनके और वार्ड के जनता ओं के साथ उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन रायपुर में है उसके बाद शहर के अपने भाजपा संगठन के मंडल अध्यक्ष विष्णु शर्मा महामंत्री सौरभ जैन एवं वरिष्ठ नेता अनिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष नगर पालिका विकास सुखवानी से चर्चा करने के बाद धरना प्रदर्शन किया जाएगा साथ ही रोड के किनारे लग रहे अवैध चखना दुकानों का भी विरोध किया जाएगा जोकि रोड में ही बैठ कर लोगों को दारू पिलाने का काम किया जा रहा है। वही कांग्रेस सरकार के असली चेहरा को घर घर में जाकर बताया जाएगा कि उन्होंने किस प्रकार से शराब दुकान बंद करने का झूठा वादा करके सरकार में आया और सरकार में आते अपने शराब दुकानों में अवैध रूप उचित मूल्य से ज्यादा के दाम लगाकर बेचा जा रहा है और छत्तीसगढ़ के भोले भाले और गरीब जनता को लूटा जा रहा है।

# जिंदगी और मौत से जूझ रहे गरीब युवक को इलाज के लिये मदद की दरकार

- मजदूर परिवार के इकलौते चिराग को कार ने मारी ठोकर

पायनियर संवाददाता ◄ नगरी
www.dailypioneer.com



ग्राम बोडरा निवासी युवक गोविंद यादव पिता मजदूरी कर 15 जनवरी की शाम 6 बजे के आस-पास,सायकल चलाकर घर वापस लौट रहा था। रास्ते में गोरेगांव तालाब के पास तेज रफ्तार नगरी की ओर जा रही, कार ने जबरदस्त ठोकर मार फरार हो गया। युवक के सिर पर गंम्भीर चोट की वजह से पिछले पांच दिनों से रायपुर के डीकेएस रायपुर अस्पताल के आई सी यू में जिंदगी और मौत से जुझ रहा है । युवक की घरेलु स्थित बेहद खराब है। पिता भी मानसिक रोग से पीड़ित है। पूरे परिवार का पालन की जिम्मेदारी घायल युवक ही है जो मजदूरी कर निर्वाह करता था। ऐसे में परिवार के मुसीबतों का जैसे पहाड़ टूट पड़ा है। ऐसे मुश्किल की घड़ी में ग्राम बोडरावासियों ने मानवता का परिचय दिया । सभी घरों से चंदा इकट्ठा कर, गोविंद को इलाज के लिये रायपुर भेजा। पिछले छः दिनों से आई.सी. यू में मौत से लड़ रहे युवक को और कितने दिन और अस्पताल रहना होगा, इलाज के लिये रकम की व्यवस्था कैसे होगी, यह प्रश्न परिजनों के लिये चिंता का कारण बना हुआ है। उन्होंने शासन व समाज सेवियों से मदद की गुहार लगाई है।

## सेंटियागो स्मृति टेनिस प्रतियोगिता रायपुर में जिले के दोनो खिलाड़ी ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

# 45 प्लस डबल्स में सूर्यकांत खण्डेलवाल, सचेत पारख रहे विनर

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



रायपुर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 से 17 जनवरी तक सेंटियागो स्मृति टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के दो खिलाडियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के तहत विभिन्न गतिविधि में स्पर्धा आयोजित की गई। जिसमें धमतरी के लॉन टेनिस के मशहूर खिलाड़ी सूर्यकांत खण्डेलवाल के साथ सचेत पारख ने हिस्सा लिया। 45 प्लस डबल्स ने दोनों खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए फायनल में पहुंचे और फायनल में खण्डेलवाल व पारख ने विक्रम सिंह सिसोदिया एवं सुनील सुराना को 9-5 से हरा कर खिताब अपने नाम किया। स्पर्धा में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने विधायक कुलदीप जुनेजा मुख्य अतिथि के तौर के उपस्थित रहे। अध्यक्षता टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा विशेष अतिथि के रुप में अखिल धगट अध्यक्ष प्रदेश बैडमिंटन संघ टेनिस संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अवरात जुनेजा एवं वरिष्ठ खिलाड़ी कैलाश दीक्षित एवं टेनिस संघ के पूर्व अध्यक्ष विक्रम सिसोदिया, संघ के कोषाध्यक्ष लॉरेंस सेंटियागो उपस्थित रहें। इस मौके पर हाईवे चैनल से चर्चा करते हुए सूर्यकांत खण्डेलवाल ने बताया कि वे विगत 15 सालों से टेनिस खेल रहे है। अब यह उनकी दिनचर्या में शामिल हो चुका है। सचेत पारख ने बताया कि वे विगत 2-3 सालो से ही टेनिस खेल रहे है। वे रोजाना श्री खण्डेलवाल के साथ दो से तीन घंटे टेनिस में प्रेटिक्स करते है। बता दे कि श्री खण्डेलवाल जाने माने टेनिस खिलाड़ी है, वे 35 प्लस व 40 प्लस केटेगरी में पूर्व में प्रदेश स्तरीय स्पर्धाएं जीत चुके है। खिताब जीतने पर जीतेन्दर सिंह खालसा, पंकज महावर, पाठक सर, चन्द्रदीप सिंह, अमित जैन, प्रवीण पटेल, अब्दुल रहमान, राजेन्द्र आनंद भल्ला आदि ने बधाई दी है।

### टेनिस में है अपार संभावनाएं

टेनिस के वरिष्ठ खिलाड़ी सूर्यकांत खण्डेलवाल व सचेत पारख ने खिताब जीतने के बाद विभिन्न मुद्दो पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि टेनिस खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय पर आपार संभावनाएं है। अन्य खेलो की तरह से टेनिस खेल को बढ़ावा दिया जाये। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जाये तो बच्चों को इस खेल में काफी आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होने आगे बताया कि टेनिस खेलने के लिए सिंथेटिक्स कोर्ट की आवश्यकता पड़ती है। धमतरी, कुरुद के साथ ही प्रदेश के लगभग सभी जिले में अब सिंथेटिक्स कोर्ट बन चुके है। इसलिए अब खिलाड़ी स्थानीय स्तर पर अभ्यास कर अपना हुनर निखार सकते है। शासन प्रशासन को अन्य खेलो की तरह ही टेनिस खेल को विशेष प्रोत्साहन देना चाहिए ताकि जिले के टेनिस खिलाड़ी राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर अपने खेल का प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन कर सकें।




# समर्पण निधि के लिए प्रचार प्रसार

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



नगर में इन दिनों भगवान श्री राम के अयोध्या में बनने वाले भव्य राम मंदिर के लिए समर्पण निधि के प्रचार प्रसार का माध्यम, भगवान श्रीराम के भजन को बनाया गया है नगर के वरिष्ठ लोगों के द्वारा सुबह 5.00 बजे से प्रभात फेरी श्री राम जी के भजन के साथ निकाला जाता है जोकि नगर के गली गली में घूम कर भगवान श्री राम जी के अयोध्या में बन रहे नवनिर्माण मंदिर के लिए लोगों को समर्पण राशि एवं उस समर्पण राशि के महत्व को आर एस एस के कार्यकर्ताओं द्वारा लोगों को समझाया जा रहा है और 31 जनवरी को समर्पण राशि लिया जाएगा एवं उनके प्रतिनिधि घर घर में जाकर भगवान श्री राम जी की मंदिर के लिए समर्पण राशि मांगेंगे वही बताया गया कि इस समर्पण राशि के लिए किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार का कोई दबाव नहीं है यह समर्पण लोग स्वयं की इच्छा से समर्पण किया हुआ राशि ही लिया जाएगा एवं श्री राम मंदिर के कार्यकर्ता सिर्फ और सिर्फ लोगों को लोगों के घरों में जाकर जागरूक किया जाना उनका उद्देश्य है।

## क्विक न्यूज

### प्रेमशंकर पटेल किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त



पिथौरा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदेव साय एवं भाजपा के संगठन मंत्री पवन साय की अनुशंसा पर भारतीय जनता किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल ने किसान मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित की जिसमें बसना विधानसभा के बसना विधानसभा भाजपा के प्रत्याशी,पूर्व मंडी अध्यक्ष प्रेमशंकर पटेल को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति के बाद कार्यकर्ताओं ने उत्साह पूर्वक भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष को बधाई दी। किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमशंकर पटेल ने कहा कि मुझे ये जो महत्वपूर्ण जवाबदारी प्रदेश के नेताओ के द्वारा दी गयी है इसके लिए मैं सभी का दिल से आभार व्यक्त करता हूं। भाजपा कार्यकर्ता बधाई देने वालो में प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि स्वप्निल तिवारी, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष आशीष शर्मा युवा मोर्चा नेता आलोक त्रिपाठी भाजयुमो नेता अजय डडसेना, मो, अफजल विजय पटेल, मौजूद थे।

# किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ बीजेपी का प्रदर्शन, कलेक्टोरेट के घेराव की तैयारी

**11 बिंदुओं पर धान खरीदी को लेकर कांग्रेस के खिलाफ सड़क पर बीजेपी**

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



धान खरीदी को लेकर किसानों से किए गए वायदों को निभाने में प्रदेश सरकार की विफलता के विरोध में भारतीय जनता पार्टी 22 जनवरी को धरना प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर कार्यालय का घेराव करने के साथ जेल भरो आंदोलन भी चलाएगी। रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र की सांसद गोमती साय ने उक्त जानकारी जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में दिया। उन्होंने बताया कि 2018 के विधानसभा चुनाव के लिए जारी किए गए घोषणा पत्र में कांग्रेस ने किसानों से 28 सौ रूपए प्रति क्विंटल की दर से किसानों से धान का एक एक दाना खरीदने का वायदा किया था। लेकिन सत्ता में आने के दो साल बीत जाने के बाद भी कांग्रेस 18 सौ 50 रूपए प्रति क्विंटल धान खरीद रही है। इतना ही नहीं,राजीव गांधी न्याय योजना के नाम से किसानों को जो बोनस सरकार द्वारा दिया जा रहा है,उसकी चैथी किस्त की भुगतानी भी अब तक सरकार द्वारा किसानों के खाते में जमा नहीं कराया गया है। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए सांसद ने कहा कि कांग्रेस सरकार को पूरा जोर,किसानों से कम से कम मात्रा में धान खरीदी करने का है। यही कारण है कि गिरदावरी के आ? में प्रदेश सरकार ने किसानों से उनका जमीन का रकबा चुरा लिया है।

**रकबा काटना बड़ी साजिश**

- रकबे में हुई भारी कटौती से किसान अब भी परेशान हैं। उन्हें समझ में नहीं आ रहा है कि बचे हुए धान को कहां बेचे। कर्ज में डूबे हुए किसान,दलालों के पास जाने के लिए मजबूर हैं। उन्होनें बताया कि किसानों की इन्हीं समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने के भारतीय जनता पार्टी ने 13 जनवरी को विधानसभा स्तर धरना प्रदर्शन का आयोजन किया था। प्रदेश में भर में मिले इस कार्यक्रम को व्यापक समर्थन के बावजूद प्रदेश सरकार की नींद नहीं टूटी है। इसलिए 22 जनवरी को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन के साथ कलेक्टर कार्यालय का घेराव और जेल भरने का निर्णय लिया गया है। प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा के जिलाध्यक्ष रोहित साय, नगरपालिका जशपुर के अध्यक्ष नरेश चंद साय, उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, वरिष्ठ नेता नरेश नंदे, गोपाल राय, पूर्व पालिका अध्यक्ष रजनी प्रधान,जनपद पंचायत जशपुर की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती शारदा प्रधान, उपाध्यक्ष राजकपूर भगत, देवधन नायक, विकास गुप्ता, रूपेश सोनी, शरद चैरसिया, अरविन्द भगत सहित भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## किन्नर पर जानलेवा हमला, पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ‹ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com

एक किन्नर पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त कट्टा और दो न कारतूस भी बरामद किया गया है शहर में गोली चलाने की घटना सामने आने पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार्यवाही की। बीती रात सोनू किन्नर निवासी चनवारीडांड वार्ड नम्बर 05 गौटिया पारा ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उस पर विकास सोनी नामक युवक ने जान से मारने के लिये गोली चलाई है। रिपोर्ट पर थाना मनेन्द्रगढ़ में अपराध पंजीबद्ध किया गया है । सम्पूर्ण घटना से पुलिस अधीक्षक कोरिया चंद्रमोहन सिंह ( भा.पु.से ) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक - डॉक्टर पंकज शुक्ला एवं एसडीओपी मनेन्द्रगढ़ कर्ण उके को अवगत कराया गया एवं उनके निर्देशो पर फरार आरोपी को पता तलाश हेतु घेराबंदी की गई चूंकि घटना तत्काल की थी तथा मौके पर आसपास पुलिस की मौजूदगी एवं सक्रियता से आधे घण्टे के अन्दर दो आरोपियो को धरपकड़ की गई। पूछताछ दौरान आरोपी विकास सोनी ने बताया कि वह 6 माह से सोनू किन्नर के संपर्क में था लगातार शादी करने बोल रहा था किन्तु वह मना कर रही थी। 19 जनवरी को उसने अपने मोबाईल से सोनू को काल करके तहसील के पास मिलने बुलाया और उसे शादी करने को बोला उसके मना करने पर आवेश में आकर जान से मारने के लिये कट्टा से फायर किया और वहां से अबरार के साथ भाग गया। कटे के पार करने के बाद दोनों अलग अलग हो गये .कट्टा को अबरार को दिया तथा कारतूस को अपने पास छुपा कर रखा।

## सिरियाडीह-सुनसुनिया के रेत माफिया कलेक्टर के रडार पर

पायनियर संवाददाता ‹ डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com



बलौदाबाजार विकास खण्ड के तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरियाडीह एवं सुनसुनिया में रेत के कारोबारी और रेत माफिया बेखौफ होकर शाम ढलते ही रात के अंधेरे में जेसीबी मशीन के माध्यम से अवैध खनन कर ट्रकों एवं हाइवो में ओवर लोडिंग कर प्रशासन को लाखों का रोजाना चूना लगाते आ रहे थे। इसके अलावा अधिक भार सहन नहीं करने वाले पक्की सड़कों पर बेलगाम रेत भरी गाड़ियों के दौड़ने से सड़कों का हाल बेहाल था जो लगातार प्रकाश में आया था।जिसको लेकर ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों में भारी आक्रोश का माहौल निर्मित हो रहा था।खनिज विभाग उक्त कारनामे से अंजान बैठा रहा।लेकिन जिलाधीश सुनील कुमार जैन को जैसे ही वरिष्ठ पत्रकार गोलू कैवर्त के माध्यम से जानकारी लगते ही बिना देरी किये सक्रियता पूर्वक खनिज विभाग को कड़ी निर्देश देते हुए कार्रवाई के लिए रात को ही खनिज विभाग से अधिकारियों को सिरियाडीह एवं सुनसुनिया रवाना किये गए। खनिज विभाग के आगमन की सूचना रेत माफियाओं को लग चुकी थी जिससे खनिज विभाग को कोई बड़ी सफलता नहीं मिल पाया। खनिज विभाग को दो तीन अवैध परिवहन हो रहे रेत भरी हाइवा जिसको सिरियाडीह के जागरूक जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीण जनता द्वारा रोक कर खनिज विभाग के हवाले किये गए हाइवो पर चलानी कार्रवाई कर मन को संतोष करना पड़ा। पद्मशंकर पटेल के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने रात में अवैध परिवहन कर रहे रेत भरी गाड़ियों को रोककर विभाग को सौंपकर उल्लेखनीय योगदान दिये हैं। लेकिन सच्चाई यह भी है सिरियाडीह एवं सुनसुनिया के रेत माफिया जिला कलेक्टर सुनील कुमार जैन के रडार पर हैं। रेत माफियाओं का आंख मिचौली विभाग के सामने ज्यादा दिनों तक नहीं चलने वाला। विभाग के पैनी नजर अब सिरियाडीह एवं सुनसुनिया में लगा रहेगा।

## चिरमिरी-नागपुर रेल विस्तारीकरण के लिए फण्ड रिलीज करने भेजा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ‹ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com




विजय प्रकाश पटेल ने कुछ ही दिनों में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रस्तुत होने जा रहे बजट में चिरमिरी-नागपुर हॉल्ट न्यू रेलवे लाइन विस्तारीकरण परियोजना को शामिल करते हुए तयशुदा 50 प्रतिशत का वित्तीय फण्ड अविलम्ब रिलीज कर तत्काल कार्य प्रारंभ कराने का मार्ग प्रशस्त किए जाने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को सरगुजा एवं शहडोल संभाग के नागरिकों सहित सम्पूर्ण कोयलांचलवासियों की भावनाओं को लेकर 25 अगस्त 2020 अर्थात् करीब 5 माह से लगातार प्रतिदिन जारी घण्टानाद सत्याग्रह के संदर्भ में भी अवगत कराया है। अपने ज्ञापन में पटेल ने उल्लेख किया है कि चिरमिरी-नागपुर हॉल्ट न्यू रेलवे लाइन-विस्तारीकरण की बहुप्रतीक्षित परियोजना का कार्यारम्भ करने हेतु सरगुजा और शहडोल सम्भाग के नागरिकों सहित सम्पूर्ण कोयलांचलवासियों की जनभावनाओं को लेकर विगत् 25 अगस्त 2020 से गाँधी चौक मनेन्द्रगढ़ में लगातार प्रतिदिन जारी घण्टानाद-सत्याग्रह को करीब 5 माह बीत चुके हैं।

**गया है और न ही कार्यारंभ करने का कोई आदेश ही जारी किया गया है, जिसकी-** प्रतीक्षा संबंधित क्षेत्रवासियों द्वारा की जा रही है, इसलिए अति आवश्यक हो गया है कि उपरोक्त परियोजना के क्रियान्वयन को गंभीरता से लेते हुए तथा अब और विलंब न करते हुए राज्य शासन के बजट में तयशुदा 50 प्रतिशत का वित्तीय फण्ड अविलंब रिलीज कर कार्य प्रारंभ कराया जाना चाहिए। पूर्व डीआरयूसीसी सदस्य पटेल ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया है कि यह आपकी जानकारी में मनेन्द्रगढ़. रेलवे डिवीजन बिलासपुर के पूर्व डीआरयूसीसी सदस्य अधिवक्ता के लिए छत्तीसगढ़ शासन एवं केंद्र सरकार ने परस्पर ओएमयू पश्चात् साझा वित्तीय मंजूरीप्रदान कर केंद्रीय रेलमंत्री पीयूष गोयल व तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा हरदी बाजार (कोरबा) तथा रेलवे परिसर चिरमिरी के सार्वजनिक समारोह में वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा विगत 24 सितंबर 2018 को उक्त परियोजना का विधिवत् शुभारंभ किया जा चुका है।

## शारदा इलेवन ने जीता मैच

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com



ग्राम कलेंडा में आयोजित कार्क बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल शारदा इलेवन इलेवन ने जीता। बहुत ही रोमांचक मुकाबले में शारदा ने 3 रनों से कुसमीसरार को पराजित किया। फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच विकास रहे। मैन आफ द टूर्नामेंट रमेश चौधरी को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज नीतीश पटेल, गेंदबाज सत्यप्रकाश, श्रेष्ठ फील्डर गोपाल मांझी चुने गये। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी रूपेश कुमार तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति श्याम तांडी ने की इस अवसर पर मंच में जनपद सदस्य मनोहर खाखा, सरपंच विनय पटेल दीपक साहू, पवितराम पटेल, सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र विशाल, राजेंद्र सिंह सिदार, पीसीएस उपाध्यक्ष शैलेंद्र साहू, देवदत्त बारिक, कमलेश चौधरी, कलेंडा सरपंच मिनकेतन पटेल गोपबंधु साहू, राजकुमार पटेल, गजानंद नायक, मुकेश साहू, कमलेश चौधरी, खितीपति साहू, नुराधन साहू, बबलू मेहेर, अंपायर अशोक साहू, नवीन बाग सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद थे।

## दो दिवसीय प्रवास पर भरतपुर पहुंचे गुलाब कमरो का स्वागत, दी 16 करोड़ की सौगात

पायनियर संवाददाता ‹ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com




एक माह के अंतराल के बाद सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री मंत्री दर्जा प्राप्त भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरो बुधवार को अपने दो दिवसीय प्रवास पर दूरस्थ वनांचल क्षेत्र भरतपुर पहुंचे जहां पर ग्रामीणों के द्वारा नए साल में उनका आत्मीय स्वागत किया गया इस दौरान उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन कर 16 करोड से भी अधिक की सौगात दी है ! विधायक गुलाब कमरो ने नए साल में भरतपुर विकासखंड वासियों को 16 करोड़ 58 लाख 57 हजार के विकास कार्यों की भूमि पूजन कर बड़ी सौगात दी है उन्होंने इस दौरान ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनकर समस्याओं का निराकरण भी मौके पर ही किया। सविप्रा उपाध्यक्ष विधायक गुलाब कमरो ने अपने दुरस्थ वनांचल क्षेत्र भरतपुर के दो दिवसीय प्रवास के पहले दिन बुधवार को ग्राम पंचायत धोबाताल के ग्राम बरेल में मनटोलियां डायवर्सन का भूमि पूजन -अनुमानित लागत 6 करोड़ 42 लाख, ग्राम पंचायत चुटकी स्थित डौकीझरिया डायवर्सन -अनुमानित लागत 8 करोड़ 96 लाख 64 हजार, ग्राम पंचायत बरौता में नहर एवं बांध का जीर्णोधार-अनुमानित लागत 1 करोड़ 19 लाख 93 हजार का भूमि पूजन कर भरतपुर क्षेत्रवासियों को नए साल में करोड़ों रुपए की बड़ी सौगात दी है।

**कोटाडोल में आमजनों से मुलाकात कर सुनी समस्याएं-**

सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरो ने अपने दो दिवसीय भरतपुर प्रवास के पहले दिन बुधवार को जहां क्षेत्रवासियों को करोड़ों रुपए की सौगात देकर भूमि पूजन किया वही कोटाडोल में चौपाल लगाकर आम जनों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी और मौके पर ही समस्याओं का निराकरण भी किया।

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
वार्ड क्र. 02, वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **19.02.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 800/20.01.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज सं.क्र.** -236/02, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - सालिक राम देवांगन S/o स्व. टोपसिंह देवांगन, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**-पुष्पा बाई देवांगन W/o कन्हैया देवांगन.

मुहर
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - माँ कर्मा माता वार्ड
वार्ड क्र. 38, वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **19.02.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 801/20.01.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज सं.क्र.** -462/38, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - सीता राम साहू S/o ईतवारी साहु, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**-होलु राम साहू S/o सीता राम साहू.

मुहर
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - डॉ. चन्द्रशेखर आजाद वार्ड
वार्ड क्र. 31, वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **19.02.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 802/20.01.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज सं.क्र.** -290/31, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - रामकुमार देवांगन S/o महेश राम देवांगन, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**-नितेश शुक्ला S/o रामेश्वर शुक्ला.

मुहर
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि., संभाग क्र.-3**

डी-1/17 सेक्टर-17, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

**प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक-244/NIT-16/2020-2021/व.ले.लि. दिनांक : 14.01.2021

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 02.02.2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक |
| ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 10.02.2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 11.02.2021 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक |

**निविदाकारों की श्रेणी-सभी निविदाओं हेतु ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक**

| निविदा क्र. | कार्य का नाम<br>NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)<br>अमानत राशि (रु.में)<br>बैंक साल्वेंसी (रु.में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| T0125 | अभनपुर उपसंभाग के अंतर्गत आने वाले विभिन्न भवनों से दीमकरोधी कार्य | 2.00<br>2000.00<br>30000.00 |
| T0126 | निर्माण उपसंभाग क्रमांक 1 के देवेन्द्र नगर ऑफिसर्स कॉलोनी के अंतर्गत आने वाले विभिन्न भवनों में एंटीटरमाईट एवं सीपेज रोधक कार्य। | 10.00<br>7500.00<br>150000.00 |
| T0127 | निर्माण उपसंभाग क्रमांक 1 के सेक्टर-17 सेक्शन-2 के अंतर्गत आने वाले विभिन्न भवनों में एंटी-टरमाईट एवं सीपेज रोधक कार्य। | 10.00<br>7500.00<br>150000.00 |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इसका अवलोकन संबंधित कार्यालय में किया जा सकता है। अन्य जानकारी हेतु संभागीय कार्यालय से संपर्क करें।

**कार्यपालन अभियंता**
जी-86423/3 **लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 3, रायपुर**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone1@gmail.com

**-: आम-सूचना :-**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी कबीर नगर रायपुर में निर्मित चित्रकोट परिसर योजना में से भवन/भूखण्ड क्र. **एम.आई.जी.-1/02 प्रथमतल** में (1) **श्रीमती भगवती केसवानी पिता स्व. श्री छोटामाल केसवानी एवं (2) श्रीमती पूजा माहेश्वरी पति श्री विकास माहेश्वरी** के संयुक्त नाम पर नामांतरित किया गया है। आबंटियों द्वारा दिनांक 22.06.2016 को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया है।

**श्रीमती भगवती केसवानी** की मृत्यु दिनांक 20.01.2020 को हो जाने के कारण सहआबंटी **श्रीमती पूजा माहेश्वरी पति श्री विकास माहेश्वरी** द्वारा उक्त भवन/भूखण्ड अपने एकल नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखण्ड **श्रीमती पूजा माहेश्वरी पति श्री विकास माहेश्वरी** के एकल नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय /वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकसते हैं। निर्धारित तिथी के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

मुहर
**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1,कबीर नगर, रायपुर**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम**
**जोन क्रमांक -07**
मंगलम कॉम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर छ.ग.

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्रमांक 193/2020-2021**
**वार्ड का नाम - मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड क्रमांक-23**

समस्त एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **मनमोहन सिंग बक्शी वार्ड क्रमांक-23** वार्ड स्थित भवन / भूमि **23/नया (समता फेस 2)** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती सिद्धेश कु. तिवारी पिता क्रांति कुमार तिवारी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री / श्रीमती उषा साहु पति डॉ. भागवत साहु** ने मृत्यु प्रमाण पत्र / सहमति पत्र / शपथ पत्र / दान पत्र / हिब्बानामा रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा / बिना पंजीकृत वसीयतनामा / पंजीकृत बंटवारानाम / बिना पंजीकृत बंटवारानामा / पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
**जोन आयुक्त**
**जोन क्र. -07**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम**
**जोन क्रमांक -07**
मंगलम कॉम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर छ.ग.

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्रमांक 194/2020-2021**
**वार्ड का नाम - स्वामीआत्मानंद वार्ड क्रमांक-39**

समस्त एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **स्वामी आत्मानंद वार्ड क्रमांक-39** वार्ड स्थित भवन / भूमि **39/494 (समता कालोनी)** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती रामबाई साहु पति जालम साहु** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री / श्रीमती नमिता साहु पति स्व. महेन्द्र कुमार साहु** ने मृत्यु प्रमाण पत्र / सहमति पत्र / शपथ पत्र / दान पत्र / हिब्बानामा रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा / बिना पंजीकृत वसीयतनामा / पंजीकृत बंटवारानाम / बिना पंजीकृत बंटवारानामा / पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
**जोन आयुक्त**
**जोन क्र. -07**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम**
**जोन क्रमांक -07**
मंगलम कॉम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर छ.ग.

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्रमांक 192/2020-2021**
**वार्ड का नाम - स्वामीआत्मानंद वार्ड क्रमांक-39**

समस्त एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **स्वामी आत्मानंद वार्ड क्रमांक-39** वार्ड स्थित भवन / भूमि **39/968 (पार्कस्ट्रीट-2)** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती पुष्पा लाम्बे पति स्व. बसंत लाम्बे, दिलीप, राजेश, विणा** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री / श्रीमती 1. राजेश अग्रवाल पिता गोविंद लाल 2. विधा अग्रवाल पति राजेश अग्रवाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र / सहमति पत्र / शपथ पत्र / दान पत्र / हिब्बानामा रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा / बिना पंजीकृत वसीयतनामा / पंजीकृत बंटवारानाम / बिना पंजीकृत बंटवारानामा / पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
**जोन आयुक्त**
**जोन क्र. -07**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम**
**रायपुर (छ.ग.)**
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्रमांक 271/2020-2021**
**वार्ड का नाम - ले. अरविंद दीक्षित वार्ड-56**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ले. अरविंद दीक्षित वार्ड-56 वार्ड में स्थित भवन/ भूमि **बी-117, प्रियदर्शनी नगर** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती संजय कुमार गवई S/o डॉ. के. एन. गवई** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती शारदा गवई W/o स्व. संजय कुमार गवई** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर
**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. -10**
**नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम**
**रायपुर (छ.ग.)**
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्रमांक 272/2020-2021**
**वार्ड का नाम - ले. अरविंद दीक्षित वार्ड-56**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ले. अरविंद दीक्षित वार्ड-56 वार्ड में स्थित भवन/ भूमि **A-59, अशोका मिलेनियम** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती एस.के.एस. इस्पात प्रा.लि. डा. दीपक गुप्ता S/o महावीर प्रसाद** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती अहान इन्फ्रास्ट्रक्चर्स प्रा.लि. डा. उर्वशी गुप्ता D/o स्व. मुकेश गुप्ता** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर
**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. -10**
**नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम**
**रायपुर (छ.ग.)**
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्रमांक 274/2020-2021**
**वार्ड का नाम - रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड-55**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड-58 में स्थित भवन / भूमि **55/नया** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती ममता सोनी W/o ओम प्रकाश सोनी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती (1) भूनेश्वरी साहू W/o मोहन साहू (2) मोहन साहू S/o रामस्वरूप साहू** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर
**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. -10**
**नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम**
**रायपुर (छ.ग.)**
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्रमांक 273/2020-2021**
**वार्ड का नाम - रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड-55**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड-58 में स्थित भवन / भूमि **कमल विहार Sec. 04 B-66** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती सोमचंद साहू S/o देवाराम साहू** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती दिनेश कुमार साहू S/o देवाराम साहू** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर
**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. -10**
**नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## अनिवासी भारतीय
### ब्रिटेन व अमेरिका में दबदबा

**कहा** जाता है कि पश्चिमी दुनिया में अनिवासी भारतीयों का दबदबा है, फिर चाहे वे आप्रवासियों की पहली पीढ़ी से संबंधित हों अथवा तीसरी या चौथी पीढ़ी से। पश्चिमी देशों में उनका असर 'भारतीय' समुदाय की संख्या की तुलना में अधिक है। तमिल व जमैका मूल की महिला कमला हैरिस आंशिक रूप से भारतीय नस्ल की हैं। अपनी तमिल मां के बावजूद हैरिस स्वयं को 'अश्वेत' के रूप में परिभाषित करती हैं। वे संयुक्त राज्य अमेरिका के एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण पद पर पहुंच रही हैं और बहुत से लोगों ने खुलेआम उनके बहुत जल्द संभावित राष्ट्रपति उम्मीदवार के रूप में आने की उम्मीद लगाई है। धाराप्रवाह संस्कृत व तमिल बोलने में सक्षम हैरिस भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर की दूर की रिश्तेदार हैं। हैरिस के अलावा भारतीय मूल के 20 से अधिक लोग बाइडेन-हैरिस प्रशासन में 20 जनवरी को अपनी भूमिका प्राप्त करेंगे। वे लगभग पूर्ण श्वेत ट्रंप प्रशासन तथा ओबामा प्रशासन से भी अलग होंगे जिसमें अभिनेता कलपन मोदी या 'काल पेन' भारतीय मूल का सर्वाधिक उल्लेखनीय चेहरा थे। हालांकि, पश्चिमी देशों में बड़े पद पर पहुंचने वाली हैरिस पहली भारतीय नहीं हैं। बोरिस जान्सन के कैबिनेट में भारतीय मूल के मंत्री हैं जिनमें चांसलर ऋषि सुनक व गृह सचिव प्रीति पटेल सर्वाधिक उल्लेखनीय हैं। भारत में हम लोग विदेशों में अपने बंधुओं की उपलब्धियों से प्रसन्न होते हैं, पर उनमें से अनेक ने इस पद पर पहुंचने के लिए संस्थागत नस्लवाद का सामना किया है। इस संबंध में हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि इनमें



से अनेक लोग अपने भारतीय मूल पर भले ही गर्व करें, पर उनका अपने मूल देश से कुछ लेनादेना नहीं है। यदि उनमें से किसी का संबंध भारतीय समाज के निचले दर्जे से रहा हो तो उनके मन में भारत की छवि खराब होगी और वे उसके प्रति शत्रुतापूर्ण दृष्टिकोण भी अपना सकते हैं। वास्तव में इस बात की पूरी संभावना है कि पश्चिमी दुनिया में भारतीय मूल के राजनेता व नौकरशाह इस शक्ति का प्रयोग भारतीय नीति निर्माताओं पर दबाव डालने के लिए करें। वास्तव में अमेरिका में प्रमिला जयपाल जैसे लोगों ने ऐसा करने का प्रयास भी किया है। इसके साथ ही, वैश्विक राजनीति के कारण पश्चिमी दुनिया को भारत के निकट आने की आवश्यकता है क्योंकि चीन के खिलाफ मजबूती प्रदर्शित करना उनके लिए महत्वपूर्ण है। आस्ट्रेलिया, जापान, अमेरिका और भारत के बीच क्वाड गठबंधन एक यथार्थ है और इसका महत्व बना रहेगा। 2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन हस्टन में किया था तथा ट्रंप को पिछले साल भारत यात्रा के लिए आमंत्रित किया था। इसके कुछ प्रभाव भारतीय नीति निर्माताओं पर पड़ सकते हैं। इस प्रकार अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों की सफलताओं पर प्रसन्न होते हुए भी हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि कुछ यथार्थों की अनदेखी उचित नहीं होगी। अनेक भारतीय पश्चिमी दुनिया में पहुंचने पर 'घेरेबंदी' की मानसिकता का अनुभव करते हैं। यह स्थिति स्पष्ट रूप से सैन जोस, कैलीफोर्निया व एडिसन, न्यूजर्सी, आदि शहरों में दिखती है। भारत में हमें यह तथ्य अनदेखा नहीं करना चाहिए। यह भी सच है कि पश्चिमी दुनिया में भारतीयों की बहुत बडी संख्या केवल उच्च जातीय आप्रवासियों की नहीं है, बल्कि उनमें से अनेक अत्यधिक आत्मकेन्द्रित मानसिकता वाले हो सकते हैं। वास्तव में पश्चिमी समुदायों की तुलना में भारत में सामाजिक जातीय गतिशीलता ज्यादा आसान है। पश्चिम में प्रवास करने वाले समुदायों में यह ज्यादा कठिन है क्योंकि उनका सामाजिक ढांचा अतीत में जड़े जमाए हो सकता है, जबकि भारत ने प्रगति कर ली है।

# कौशल विकास पर ध्यान देना आवश्यक

नई शिक्षा नीति राष्ट्रीय प्राथमिकताओं व समकालीन यथार्थ के अनुरूप है। इसमें लंबे समय से अनदेखे किए जा रहे क्षेत्रों पर ध्यान दिया गया है।



**ए. सूर्यप्रकाश**
(लेखक लोकतांत्रिक अध्ययनों के विशेषज्ञ हैं)



दशकों तक हठधर्मिता के बाद शिक्षा क्षेत्र में केन्द्र सरकार तथा नीति निर्माताओं ने एक नई शिक्षा नीति-एनईपी पेश की है जो राष्ट्रीय प्राथमिकताओं तथा समकालीन यथार्थ के अनुरूप है। इसका कारण यह है कि नई नीति में तीन अत्यन्त महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान दिया गया है जिनकी लंबे समय से अनदेखी हो रही थी। ये हैं-समग्र एवं बहुविषयी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा व कौशल संवर्धन तथा डिजिटल शिक्षा के माध्यम से अवसरों की समानता। केन्द्र ने अतीत में भी शिक्षा नीतियां बनाई हैं। लेकिन अतीत की अनेक अन्य चीजों की तरह ये नीतियां भी दूरदृष्टि, पैसे व प्रतिबद्धता के अभाव में निरर्थक सिद्ध हुईं। अंततः वे कुछ खोखले शब्द बन कर रह गईं तथा अतीत की चीजें बन गईं।

इनकी स्थिति अतीत की सरकारों द्वारा छापी गई अनेक चीजों जैसी बन गई। लेकिन इस बार चीजें अलग हैं क्योंकि शिक्षा के क्षेत्र में असली समस्याओं की पहचान के साथ ही उनसे निपटने का प्रयास किया गया है। इनमें बच्चों की शुरुआती शिक्षा, स्कूलों के पाठ्यक्रम व शिक्षाशास्त्र, भाषाई शिक्षा, समग्र व समन्वित शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा तथा भारतीय भाषाओं, कला व संस्कृति को बढ़ावा देना शामिल हैं। इस नीति के सभी आयामों को एक स्तंभ में समाहित करना कठिन है, इसलिए हमें अपने ध्यान कुछ आयामों जैसे, समग्र, बहुविषयी व व्यावसायिक शिक्षा पर देना चाहिए। एनईपी में तक्षशिला व नालन्दा जैसे विश्वविद्यालयों के बहुविषयी दृष्टिकोण की बात कही गई है जहां अच्छी शिक्षा का अर्थ 64 'कलाओं' का ज्ञान देना था। इनमें गायन, पेंटिंग, रसायन, गणित, चिकित्सा, इंजीनियरिंग तथा बढ़ईगीरी, वस्त्र निर्माण जैसे व्यावसायिक कौशलों के साथ संप्रेषण व बहस जैसे कौशल भी शामिल हैं। दूसरे शब्दों में यह समग्र ज्ञान था जो अपने आप में संपूर्ण व समग्र शिक्षा थी। यह व्यक्तियों को विभिन्न विषयों की मूलभूत समझदारी देने के साथ ही उनको शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों तथा जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करती थी। एनईपी के अनुसार, 'विचार यह है कि रचनात्मक मानव व्यवहार की सभी शाखाओं को कला समझना चाहिए जो विशिष्ट रूप से भारतीय मूल की हैं। इनमें गणित, विज्ञान, व्यावसायिक विषय, पेशेवर विषय तथा भावनात्मक कौशल शामिल हैं।' इनको 'भारतीय शिक्षा में वापस लाया जाना चाहिए और यही बात उस शिक्षा के बारे में सही है जो 21वीं शताब्दी के लिए आवश्यक है।' यदि एनईपी का यह उद्देश्य कथन पूरी प्रतिबद्धता से लागू किया जाए तो देश में उच्च शिक्षा में क्रांतिकारी परिवर्तन होंगे, जबकि यह कला और विज्ञान विषयों के बीच दशकों से विभाजन के कारण बरबाद हो गई है, जैसे कि ये विषय एक दूसरे के दुश्मन हों। इस नीति को इतनी क्रूरता के साथ लागू किया जाता था कि परास्नातक व पीएचडी डिग्री धारक भी अपनी शिक्षा और दुनिया की समझदारी के बारे में अधूरेपन की भावना से ग्रस्त होते थे तथा इसके परिणामस्वरूप अपने पश्चिमी समकक्षों के बीच खो जाते थे जिनको समग्र शिक्षा का लाभ मिलता था। दु:ख की बात है कि हमारे राजनेताओं, नौकरशाहों व शिक्षा विदों ने ऐसी नीति चला कर ज्ञान को खाचों में बांटा तथा छात्रों को कठोर विभागों में बांट कर उनको अपने पाठ्यक्रम से बाहर वाले क्षेत्रों में विचरण से वंचित कर दिया। इस संकुचित दृष्टिकोण वाली नीति के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उनसे पूछा जाना चाहिए कि लाखों भारतीय छात्रों को इस विचारहीन खांचेबंदी में क्यों बांटा गया। दूसरा मुद्दा व्यावसायिक शिक्षा का है। स्वतंत्रता के बाद से भारतीयों को बताया गया है कि ब्लू कालर या शारीरिक परिश्रम वाले काम आदि कम शिक्षित लोगों के काम हैं जो औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों-आईटीआई से पास होते हैं। इनमें फैक्ट्री में लेथ मशीन चलाना या फिटर या टर्नर होना, बुलडोजर या ऐसी ही बड़ी मशीन चलाना, बढ़ईगीरी, प्लंबिंग, आधारभूत बिजली का काम, आदि शामिल हैं। मध्यवर्गीय बच्चों को कालेजों में जाकर डिग्रियां प्राप्त करनी चाहिए जिनमें कौशल बहुत कम होता है तथा उनको 'बाक्स वाला' या निजी क्षेत्र में कार्यकारी या शिक्षक बनना चाहिए। उनमें से कम सौभाग्यशाली सरकारी क्लर्क बनेंगे, जबकि ज्यादा स्मार्ट सिविल सेवा परीक्षायें पास कर बाबू बनेंगे। इसके साथ ही 'सुरक्षित' सरकारी नौकरियां नौजवानों का अंतिम लक्ष्य बन गईं। इस व्यवस्था ने छात्रों के उद्यमिता कौशलों को प्रेरित नहीं किया या उनको नए अवसर पाने के लिए चुनौती नहीं दी। इस प्रकार थोड़े भाषा कौशल व अंग्रेजी में स्मार्ट छात्रों को अच्छी आमदनी के अवसर मिले, जबकि उद्योगों व विनिर्माण क्षेत्र चलाने में सक्षम असली कौशल वाले तथा देश के सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी को बढ़ाने वाले लोगों, जैसे लेथ आपरेटरों व एलेक्ट्रीशियनों आदि को निचली श्रेणी में रखा गया। इनको कामगार वर्ग बताया गया। यह विकृति दशकों तक बनी रही क्योंकि भारतीय मध्य वर्ग ने घोषणा कर दी थी कि डिग्री प्रमाणपत्र उसके क्षेत्र तथा विवाह बाजार में प्रवेश के लिए जरूरी है। आईटीआई में तीन साल के प्रशिक्षण के बाद डिग्री बांटने के समय यह आसानी से देखा जा सकता है। अंततः नई शिक्षा नीति-एनईपी ने इस विसंगति पर गौर कर इसे समाप्त करने का प्रयास किया है।

यह वास्तव में शर्म की बात है कि मध्य वर्ग की इस विकृत आदत ने कौशल-विहीन शिक्षा को आगे बढ़ाया और यह स्वतंत्रता के बाद 70 साल तक जारी रही। इसका हमें भारी खामियाजा भुगतना पड़ा है। बारह पंचवर्षीय योजनाओं के बाद 19-24 वर्ष आयुवर्ग के भारतीय श्रमशक्ति के केवल पांच प्रतिशत हिस्से को ही औपचारिक व्यावसायिक शिक्षा मिली, जबकि यह प्रतिशत अमेरिका में 52, जर्मनी में 75 तथा दक्षिण कोरिया में 96 था। इसका अर्थ है कि सर्वाधिक विकसित देशों में व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त नौजवानों का हिस्सा अधिक था, जबकि भारतीय मध्य वर्ग व नीति निर्माताओं में इसकी कमी थी। इसका कारण यह है कि व्यावसायिक शिक्षा को मुख्यतः आठवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ने वाले या कक्षा 11 व 12 के बाद उन छात्रों के लिए रखा गया जिन्होंने व्यावसायिक प्रशिक्षण का रास्ता चुना था। एनईपी के अनुसार, इसके परिणामस्वरूप 'व्यावसायिक शिक्षा को मुख्यधारा शिक्षा की तुलना में कमतर समझा गया जिसका उद्देश्य वे छात्र थे जो मुख्यधारा शिक्षा के अयोग्य थे।' एनईपी वह सामाजिक स्तर पदानुक्रम उलटना चाहती है जिसका संबंध व्यावसायिक शिक्षा से है। अब योजना यह है कि स्कूली व उच्च शिक्षा क्षेत्र में 50 प्रतिशत छात्रों को 2025 तक व्यावसायिक शिक्षा दी जाए।

व्यावसायिक शिक्षा वाले क्षेत्रों को स्नातक डिग्रियां पाने में सक्षम बनाया जा रहा है। वैकल्पिक रूप से स्नातक छात्र चार-वर्षीय बहुविषयी कार्यक्रमों में शामिल होकर अपनी डिग्रियों के साथ व्यावसायिक कौशल भी प्राप्त कर सकेंगे। संक्षेप में शिक्षा व्यवस्था में कुशल और योग्य प्रमाणपत्र प्राप्त करने वालों तथा अकुशल पर 'पैक डिग्री वालों' के बीच रंगभेद जैसी स्थिति समाप्त हो जाएगी। जिस दिन भारत में कुशल कामगारों को उनका उचित स्थान मिलेगा, उसी दिन भारत प्रगति की दिशा में लंबी छलांग लगाएगा। अब हमें सरकार व नीति निर्माताओं पर दबाव बनाए रख कर पूरी ईमानदारी और क्षमता के साथ एनईपी का क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा।

# महामारी काल में रेलवे की सराहनीय भूमिका

> कोरोनावायरस महामारी के दौरान दक्षिण-मध्य रेलवे ने देश को दिखा दिया कि विपत्ति को अवसर में कैसे बदला जाता है।

**राम आचार्य**
(लेखक रेलवे बोर्ड के पूर्व सदस्य हैं)



कोविड-19 महामारी नी भले ही भारतीय अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर डाला हो लेकिन दक्षिण मध्य रेलवे ने ऐसे अवसर पर श्रमिक विशेष ट्रेनें चलाकर हैदराबाद से हजारों की संख्या में प्रवासी श्रमिकों को बिहार, उत्तर प्रदेश और ओडिसा में शहरों व कस्बों तक पहुंचाने का काम किया। प्रवासी श्रमिकों को सैकड़ों किलोमीटर पैदल चल कर जाने को विवश करने के बजाए ट्रेन द्वारा उनके घरों तक पहुंचाने के लिए बढ़ती व देशव्यापी इच्छा को भांपकर उसके अनुरूप काम किया, जबकि पैदल चलकर जाने की प्रक्रिया में कुछ मजदूरों की मौत भी हो गई थी। ऐसे में दक्षिण मध्य रेलवे ने समयोचित कदम उठाया। उसने भूख से पीड़ित, गरीब तथा थके हुए श्रमिकों की मदद करने की पहल की जो टूटने की कगार पर पहुंच गए थे। दक्षिण मध्य रेलवे ने 1 मई 2020 से हैदराबाद के निकट लिंगमपल्ली से झारखंड में हतिया तक एक विशेष श्रमिक ट्रेन चलाई, उसके पश्चात तेलंगाना, महाराष्ट्र तथा आंध्र प्रदेश में स्थित अपने स्टेशनों से उत्तरी एवं उत्तर-पश्चिमी भारत के विविध स्टेशनों तक 242 विशेष श्रमिक ट्रेनें चलाईं। अगले दो महीनों के दौरान, दक्षिण मध्य रेलवे ने लगभग 3,13,500 यात्रियों को ट्रेन से भेजा और संचालनों के चरम पर, 43 श्रमिक विशेष ट्रेनें 12 घंटे के भीतर चलाईं गईं।कोरोना महामारी के तेज होते प्रसार के बीच, दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) ने उन श्रमिकों के लिए सुरक्षित माहौल तैयार किया जो वापस अपने कस्बों व घरों को लौट रहे थे। दक्षिण मध्य रेलवे ने सामाजिक दूरी बनी रहना, सभी ट्रेनों को बार-बार सैनीटाइज किया जाना तथा सभी के द्वारा हैंड सैनीटाइजरों का इस्तेमाल किया जाना संपर्कहीन थर्मल स्कैनिंग तथा टिकट परीक्षण कर्मचारियों द्वारा कैमरों के द्वारा टिकट परीक्षण किया जाना सुनिश्चित किया। साथ में, स्टेशनों पर तैनात किए गए कर्मचारी पीपीई किटें, दस्ताने एवं चेहरे का सुरक्षा आवरण पहने रहते थे, यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे और यात्री वायरस से बचे रहें। उन्होंने सह भी निश्चित किया कि यात्री मास्क पहनें तथा कोविड नियमों का पालन करें। यदि वे ऐसा नहीं करते तो अपने कस्बों व गांवों को लौटने वाले लोगों के लिए परिणाम घातक हो जाते। मूल स्टेशन से चलने वाली ट्रेनों के लिए तथा स्टेशनों से होकर गुजरने वाली ट्रेनों के लिए रेलवे कैटरिंग एवं पर्यटन निगम एवं कुछ गैर सरकारी संगठनों की सहायता से विशेष अंतरालों पर खाद्य सामग्री का प्रबंध किया जाता था। जैसे कि कोविड-19 रोगाणु देश के लिए निबटने हेतु किसी संकट के तौर पर पर्याप्त नहीं था, कि 5 मई को त्रासद स्थिति पैदा हुई जब विजाग में गैस लीक होने की घटना हो गई। परिणामत:, उस शहर से होकर विशेष श्रमिक ट्रेनों समेत सभी ट्रेनों का आवागमन रोकना पड़ा, और उन्हें थोड़ विलंब के पश्चात वैकल्पिक मार्गों से भेजा गया।हालांकि, एससीआर के लिए यात्री गाड़ियों को बंद करना अधिक संख्या में मालगाड़ियां एवं विशेष पार्सल ट्रेनें चलाने के लिए एक अवसर था, धन अर्जित करने के लिए, जब देशव्यापी स्तर पर सामान्य आर्थिक गतिविधियां ठप हो गईं थीं। हैदराबाद के निकट काचीगुड़ा गुड्स शेड से से नई गुवाहाटी तक साप्ताहिक विशेष पार्सल ट्रेनें चलाईं गईं जिनमें मछलियां, सूखे मछलियां, अंडे, नीबू, तेल, घी आदि चीजें भेजी जाती थीं। कोविड-19 महामारी ने रेलवे को नया माल लादकर भेजने का भी अवसर प्रदान किया और उसने ककिंडा सी पोर्ट लिमिटेड से औद्योगिक नमक, नागिरेड्डीपल्ली से चावल, कडप्पा से दालें, नागरसोल से प्याज़, रेड्डीपालेम से सूखी मिर्चें व निजामाबाद से हल्दी लादकर भेजना प्रारम्भ किया। ये सभी चीजें बांग्लादेश भेजी जाती थीं।अखिल भारतीय रेल यातायात अपने चरम स्तर से घटकर आधा रह जाने से एससीआर को विशाल गोदावरी नदी पर बने सेतु की बड़े पैमाने पर मरम्मत करने का अवसर मिला। 1977 में बने सेतु की मरम्मत किया जाना आवश्यक था और व्यापक बदलाव भी, लेकिन ऐसे व्यस्त मार्ग पर लंबे समस तक यातायात बंद रखना असंभव था। महामारी के कारण मरम्मत का काम लगभग 43 वर्षों के अंतराल के बाद शुरू किया गया, जिसमें तीन किलोमीटर लंबे सेतु पर संपूर्ण ट्रैक का नवीनीकरण शामिल थाजिसके लिए 36 घंटों के लिए यातायात रोक देना अनिवार्य था। ट्रैक को स्थानापन्न करने का काम गहनता से परीक्षण किए जाने के उपरांत प्लासर क्विक रिलेइंग प्रणाली मशीनों की मदद से किया गया, जबकि सड़क यातायात चलता रहा। इसी तरह, 1970 में काजीपट में लकड़ी के स्लीपरों के साथ जो सीजर्स क्रासओवर्स बिछाए गए थे, 72 घंटे तक यातायात बंद करने की संभावना के कारण, जो महामारी से पूर्व सोच से भी परे था। इसी तरह, विजयवाड़ा यार्ड में, उत्तर-दक्षिण तथा पूर्व कोस्ट माल आवागमन के लिए उत्तरी व दक्षिणी छोरों पर लकड़ी के स्लीपर हआ करते थे। लाकडाउन के दौरान उनके स्थान पर पीएससी स्लीपर बिछाए गए। कुल मिलाकर, 8,257 किलोमीटर के ट्रैक पर पेदल चलकर गश्त की गई और स्लाइडिंगें पूरी की गईं। यात्रियों की संख्या में जबर्दस्त गिरावट आने की बदौलत, अकोला-खंडवा उत्तर-दक्षिण लिंग के अकोला और अकोट के बीच 44 किलोमीटर ट्रैक को मीटर गेज से ब्रांड गेज में बदला गया और अस्तित्वमान 149 किलोमीटर लंबे एकल ट्रैक को दोहरे ट्रैक में बदला गया।उसके संजाल में फैली 44 स्वास्थ्य इकाइयों एवं पांच बड़े अस्पतालों के साथ, एससीआर क्वारंटाइन केंद्रों जैसी बेहद अहम सुविधाएं मुहैया कराने में अहम भूमिका अदा कर सका, जिसमें 1,017 बिस्तर तीन स्पताह की अल्पावधि में उपलब्ध करा दिए गए। एससीआर की पुरातन कार्यशाला निजाम स्टेट रेलवे के काल की है जिसमें स्वचालित हैंड सैनीटाइजर डिस्पेंसर निर्मित किए गए, पैरों से चलाए जाने वाले नल तथा जल प्रशीतक लगाए गए। एससीआर के कर्मचारियों एवं यात्रियों को सुरक्षित रखते हुए ये कैंटीनों एवं मुख्यद्वारों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए तथा एससीआर ने काफी सराहना अर्जित की।

## आप की बात

### कृषि कानून और न्यायपालिका

**कृषि** कानूनों पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने एक प्रकार से सरकार की खिंचाई करते हुए कहा है कि उसने अतीत में दी गई सलाह पर पूरी तरह अमल नहीं किया और जिम्मेदारी उस पर टालने का प्रयास किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार को याद दिलाया है कि वह नए कृषि कानूनों पर गतिरोध पर अपनी जिम्मेदारी से मुंह न मोड़े तथा न्यायालय मूलतः नीतिगत मामले में अपनी भूमिका को अनदेखा नहीं कर सकता है। इस प्रकार देश की शीर्ष अदालत ने निश्चित रूप से लोकतांत्रिक विमर्श का महत्व उजागर किया है। शीर्ष अदालत द्वारा कृषि कानूनों पर फिलहाल स्थगन लगाए जाने को कार्यपालिका के कार्यक्षेत्र में न्यायालय के हस्तक्षेप व क्षेत्राधिकार के अतिक्रमण की संज्ञा दी जा रही है लेकिन न्यायालय ने गतिरोध के मामले में सरकार द्वारा कई रास्ता न निकाल पाने की स्थिति में अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए बीच का रास्ता निकालने का प्रयास किया है। सच है कि न्यायपालिका हाथ पर हाथ धरे बैठी नहीं रह सकती। अदालत के कठोर दृष्टिकोण को किसान संगठनों की विजय के तौर पर पेश किया जा सकता है लेकिन वास्तव में यह सरकार की राजनीतिक विफलता है।

### महिलाओं पर भारी पड़ी महामारी

**महामारी** के बुरे प्रभावों में कार्यबल में गिरने वाली महिलाओं की संख्या पर चर्चा बहुत कम हुई है। बहुत सी महिलाएं, जिनकी नौकरियां चली गईं अथवा भारत तथा विश्व स्तर पर महामारी के दौरान नौकरी से अवकाश पर रहीं, अब उन्हें उपयुक्त रोजगार मिलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, घरेलू नौकरों की अनुपलब्ध्ता, घरेलू कामों का बोझ, देखभाल के काम एवं बच्चों की आनलाइन शिक्षा समेत बहुत से कारकों ने उन्हें महामारी के दौरान घरों पर रहने के लिए बाध्य कर दिया। अन्य कारकों ने भी अर्थव्यवस्था को अप्रत्याशित आघात पहुंचाया है जो अचानक अपने 30 प्रतिशत प्रतिबद्ध कार्यबल से वंचित हो गई है। इससे न केवल परिवारों की वित्तीय स्थिति प्रभावित हुई है बल्कि लैंगिक समानता को भी धक्का लगा है। भारत में विद्यमान निराशाजनक लैंगिक समता परिदृश्य में महिलाओं के लिए वर्तमान माहौल में नौकरी पाना कठिन हो गया है। भारत में कोविड-19 से संघर्ष के दौरान पर्यावरण सरोकार एवं प्राथमिकताएं पीछे चली गईं क्योंकि सरकार ने अपना सारा दम घातक वायरस तथा देश पर पड़ने वाले इसके सामाजिक-आर्थिक प्रभावों से लड़ने में लगा दिया।

– **विशाल भारद्वाज**, वाराणसी

### अमेरिका में बिगड़े हालात

**अमेरिका** में राष्ट्रपति चुनाव क्या हुए वहां हिंसा का माहौल कायम हो गया। कैपिटल हिल पर उन्मादियों के हमले और उसमें निर्दोष लोगों के मारे जाने से 20 जनवरी को होने वाली राष्ट्रपति पद की शपथ बाईडेन के लिए चुनौती बन गई है। लोगों का ताबड़तोड़ गोलियां और बंदूके खरीदना किसी अनहोनी की आशंका जताता है। ट्रंप समर्थक जिस तरह से लामबंद है वह अमेरिकी शांति और व्यवस्था के लिए बुरा शगुन है। अब बाईडेन को अपनी ताकत दिखाना होगी ताकि वहां के नागरिक सुकून से रह सके। 6 जनवरी को कैपिटल हिल में दंगे और हिंसा के बाद से ही अमेरिकी हालत ठीक नहीं हुई है। डेमोक्रेट और रिपब्लिकन कार्यकर्ता अपनी सुरक्षा के लिए एक दूसरे के प्रति शंकित हैं। यही वजह है कि बाइडेन के शपथ समारोह से पूर्व अमेरिका में लोग अपनी सुरक्षा के लिए खुद साधन जुटाने लगे हैं। जानकारी बताती है कि कैपिटल हिल की घटना के बाद अमेरिका में बंदूक और गोलियों की चार गुना खरीद बढ़ गई है। ऐसे हालातों में शपथ समारोह शांतिपूर्वक संपन्न हो सकेगा कहना अभी जल्दबाजी होगी।

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**आज** भारत बड़े फैसले आत्मविश्वास के साथ ले रहा है। वह न बड़े काम कर रहा है बल्कि बेहतर भी कर रहा है।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**कर्नाटक** के मराठी भाषी एवं सांस्कृतिक क्षेत्र को महाराष्ट्र में लाना सीमा पर शहीद होने वाले सिपाहियों के प्रति श्रद्धांजलि होगी।

– **उद्धव ठाकरे**
महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री



**क्षेत्रवाद** और भाषावाद की बातें देश की एकता के लिए हानिकारक हैं। मैं इसकी कड़े शब्दों में भर्त्सना करता हूं।

– **बीएस येदियुरप्पा**
कर्नाटक के मुख्यमंत्री

## क्विक न्यूज

### दुर्ग के गौठान में मिल रहा है 10 रुपये में वर्मी खाद



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग के पुलगांव स्थित गौठान में गोधन योजना के तहत् 10 रु0 की दर से वर्मी खाद की बिक्री की जा रही है । दुर्ग शहर के खेतिहर किसान प्रमोद कुमार, एके मिश्रा, आरएस राजपूत सहित 50 लोगों को अब तक 2.54 क्विंटल वर्मी खाद की विक्रय किया गया है । महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त इंद्रजीत बर्मन ने शहर वासियों एवं खेतिहर किसानों से अपील कर कहा है कि अच्छा बेहतर फसल के लिए वर्मी खाद अवश्य लेकर जॉए । वर्मी खाद का अवश्य उपयोग कर अपने फसल को बढ़ायें । उन्होंने कहा बहुत ही सस्ते दर पर बेहतर खाद का उपयोग अपने खेतों में करें। उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र अंतर्गत शासन के महत्वपूर्ण गोधन योजना का सफल संचालन नगर पालिक निगम दुर्ग के द्वारा किया जा रहा है। नगर निगम दुर्ग द्वारा महापौर के मार्गदर्शन महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निरंतर गोबर की खरीदी की जा रही है।

# धान खरीदी का अंतिम चरण, रखें पुख्ता तैयारी

■ **अधिकारियों ने बताया कि अब तक जिले में 83 हजार किसानों से हुई धान खरीदी, यह रजिस्टर किये किसानों का 87 फीसदी हिस्सा**

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री के सचिव एवं जिले के प्रभारी सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेसी ने विभागीय गतिविधियों के संबंध में पाटन ब्लाक में समीक्षा बैठक ली। बैठक में धान खरीदी सहित प्रमुख विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके बाद उन्होंने पाटन का इंग्लिश मीडियम स्कूल, आईटीआई, धान खरीदी केंद्र सिकोला एवं झीठ का अवलोकन भी किया। इस दौरान कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, जिला पंचायत सीईओ सच्चिदानंद आलोक, एसडीएम विनय पोयाम, जनपद सीईओ मनीष साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**बारदानों की पर्याप्त व्यवस्था-** बैठक में सचिव ने धान खरीदी की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि इस साल 3.62 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी हो चुकी है पिछले साल 15 फरवरी तक यह खरीदी हुई थी। इस बार 95 हजार 197 किसानों ने धान खरीदी के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें से 83 हजार किसानों ने अब तक अपना धान बेच दिया है। सचिव ने कहा कि अभी तक बहुत अच्छा काम धान खरीदी को लेकर हुआ है। अब अंतिम चरण है इसलिए पुख्ता तैयारी कर लीजिए। अधिकारियों ने बताया कि बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था है। परदेसी धान खरीदी केंद्रों में भी पहुँचे। वहाँ किसानों ने बताया कि धान खरीदी की अच्छी व्यवस्था शासन ने की है। किसी तरह की दिक्कत नहीं आई। सचिव ने समिति प्रबंधकों से धान की गुणवत्ता, बारदानों की उपलब्धता, उठाव आदि विषयों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने एसडीएम विनय पोयाम को कहा कि नियमित रूप से मानिटरिंग कर धान खरीदी के अंतिम चरण को पहले की तरह ही अच्छे से संपन्न करें।

**पाटन ब्लाक में गोधन न्याय योजना का एक करोड़ बारह लाख रुपए का भुगतान-** बैठक में सचिव ने पाटन ब्लाक में गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा भी की। अधिकारियों ने बताया कि यहाँ हितग्राहियों को एक करोड़ बारह लाख रुपए का भुगतान किया जा चुका है। लगभग चैदह सौ वर्मी टैंक तैयार किये गए हैं एवं 602 क्विंटल वर्मी कंपोस्ट इनके माध्यम से तैयार हुआ है। सचिव ने कहा कि गौठानों को ग्रामीण आजीविका केंद्र के रूप में विकसित करना है। इसके लिए अतिरिक्त गतिविधियों को प्रोत्साहित करने से यह लक्ष्य प्राप्त होगा।

**आईटीआई पहुंचे-** परदेसी पाटन के आईटीआई भी पहुंचे। वहां उन्होंने इलेक्ट्रिकल और फिटर ट्रेड के छात्र-छात्राओं से बातचीत की। उन्होंने यहां प्रबंधन से प्लेसमेंट की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिये। साथ ही ऐसे ट्रेड भी जोड़ने निर्देशित किया जिनमें अभी रोजगार की संभावनाएं हैं। उन्होंने स्व. चंदूलाल चंद्राकर महाविद्यालय में रिक्त पदों के बारे में भी पूछा और कहा कि जल्द ही इनमें नियुक्तियाँ होंगी। वे पाटन स्थित इंग्लिश मीडियम स्कूल भी पहुंचे और यहाँ निर्माणाधीन कार्य देखा।

**गजरा नाले में भी होगा जीर्णोद्धार कार्य-** सचिव ने नरवा योजना की विशेष रूप से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए ग्रामीणों से फीडबैक जरूर प्राप्त करें क्योंकि वे परंपरागत रूप से नाले की शाखाओं के बारे में परिचित रहते हैं। अधिकारियों ने बताया कि अभी नौ नालों पर काम चल रहा है। सिल्ट हटा दी गई है। गजरा नाला जहाँ 20 साल पहले वाटर रिचार्जिंग को लेकर अहम कार्य हुआ था। उसे भी दुरुस्त किया जाएगा।

## राम नाम की महिमा से मानव का तर जाता है भवसागर : योगेश तिवारी



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेरला ब्लॉक के ग्राम खम्हरिया(रांका) में आयोजित पांच दिवसीय श्री रामकथा मानस गान प्रतियोगिता में किसान नेता योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए । इस दौरान समिति के सदस्यों ने मुख्य अतिथि का फूल माला पहनाकर स्वागत । समारोह मे मुख्य अतिथि योगेश तिवारी ने कहा कि इस युग में भगवान की प्राप्ति का सबसे सरल, किंतु प्रबल साधन रामनाम जप ही है। इसमें एक बहुत बड़ा सद्गुण यह है कि सतयुग में भगवान के ध्यान, तप और त्रेता युग में यज्ञ-अनुष्ठान, द्वापर युग में पूजा-अर्चना से जो फल मिलता था, कलियुग में वह पुण्य श्रीराम के नाम-संकीर्तन मात्र से ही प्राप्त हो जाता है। त्रेता युग में लोग सैकड़ों वर्ष यज्ञ करते थे तो उन्हें फल मिलता था, वो फल कलियुग में भगवान के नाम का कीर्तन करने मात्र से मिल जाता है। श्रीराम जी का गुणगान ही एकमात्र आधार है। इसलिए सारे भरोसे त्यागकर जो श्रीरामजी को भजता है और प्रेम सहित उनकी महिमा को समूहों में गाता है, वही भवसागर से तर जाता है। नाम का प्रताप कलियुग में प्रत्यक्ष है। नाम जप से बढ़कर कोई भी साधना नहीं है। राम नाम जप का सबसे आसान साधन राम मानस गान है । इस तरह के आयोजन से लोगों में भक्ति भाव का संचार होता है । कार्यक्रम में समिति की ओर से अध्यक्ष सेवक निषाद, मोहन साहू, नरसिंह साहू, रामप्रकाश साहू, राकेश तिवारी, हरीराम निषाद, मिलन साहू, जयराम, धनाराम साहू, रामावतार साहू, देवप्रकाश यादव, तिलक साहू समेत ग्रामीण मौजूद थे ।

## भाजपा करेगी 22 को जंगी धरना प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



धान खरीदी मामले को लेकर 22 जनवरी को भाजपा जिला मुख्यालय में जंगी धरना प्रदर्शन एवम कलेक्ट्रेट घेराव के साथ ही जेल भरो आंदोलन करेगी भाजपा कार्यलय बेमेतरा में पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बीजेपी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पुरंदर मिश्रा ने बताया कि राज्य सरकार 2 साल में विफलता के सारे कीर्तिमान हासिल कर चुकी है छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार किसान विरोधी है। यह प्रदेश के किसानों के साथ लगातार अन्याय कर रही है हालात इतने खराब है कि मुख्यमंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष के क्षेत्र में भी किसान आत्महत्या कर रहे हैं कांग्रेस सरकार लगातार वादाखिलाफी और विश्वासघात का नया रिकॉर्ड बनाती जा रही है 11 सूत्रीय मुद्दे को लेकर 22 जनवरी को बेमेतरा जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन एवं कलेक्ट्रेट घेराव के साथ ही जेल भरो आंदोलन करेगी पत्रकारों के द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए मिश्रा ने कहा कि बीते 13 जनवरी को भाजपा ने प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्र में काफी बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन आयोजित किया इस अभियान में भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओं की सहभागिता उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में लाखों कार्यकर्ताओं किसानों ने प्रदेश भर में शासन को जगाने का काम किया फिर भी कांग्रेस सरकार किसानों की समस्याओं से मुंह मोड़े रही ऐसा लग ही नहीं रहा है कि सरकार को अन्नदाताओं के संकट से कोई भी सरोकार है आज भी किसानों की सारी समस्या न केवल जस की तस बनी हुई है बल्कि और अधिक विकराल होती जा रही है किसानों का धैर्य अब छूटता जा रहा है त्रासदी है कि किसान शासकीय उपेक्षा में आत्महत्या कर रहे है।

**भाजपा धरना आंदोलन में शामिल मुद्दे-** मिश्रा ने 11 सूत्रीय मांग के संदर्भ में बताया कि बारदाना के बहाने घोटाला करने में सरकार लगी हुई है रकबा चोरी बंद करो काटे रकबे को वापस करो इसके अलावा दाना दाना धान खरीदने का ऐलान करने वाले कांग्रेस के सरकार अब बहानेबाजी कर रही है।

## मदिरा प्रेमियों के लिए राहत भरी खबर, बालोद जिले के अर्जुन्दा, मंगचुवा, कुसुमकसा और अरकार के देशी शराब दुकानों में मिलेगी अब अंग्रेजी शराब

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



राज्य शासन के निर्देश पर आबकारी विभाग ने शराब दुकानों के लिए कंपोजिट सिस्टम लागू करने जा रही है। अब जिले में शराब के शौकीनों को देशी शराब की दुकानों से देशी एवं विदेशी हर ब्रांड की शराब क्वाटर से लेकर बोतल तक मिलेगी।

शराब के शौकिनों के लिए यह राहत भरी खबर है। जिला आबकारी अधिकारी अशोक सिंह ने बताया कि जिले के अर्जुन्दा, मंगचुवा, कुसुमकसा और अरकार के देशी शराब दुकानों में अंग्रेजी शराब की हर ब्रांड उपलब्ध होगा। इसके अलावा अन्य जगहों से अंग्रेजी की डिमांड आने पर वहां भी कंपोजिट सिस्टम लागू किया जाएगा। ऐसा होने से जिले में शराब की खपत और बढ़ेगी। जिससे आबकारी विभाग को भी तगड़ा राजस्व मिलेगा। राज्य शासन के आदेश पर आबकारी विभाग द्वारा जिले के 4 देशी शराब दुकानों में कंपोजिट सिस्टम लागू किया गया है। शासन की इस पहल से शराब कोचियों पर भी लगाम लग पाएगी।

**राजस्व बढ़ाने निर्णय-** जिला आबकारी अधिकारी अशोक सिंह ने बताया कि राज्य शासन द्वारा शौकिनों की डिमांड को ध्यान में रख और राजस्व आय को बढ़ाने के लिए ऐसा निर्णय लिया गया है। प्रदेश भर में कंपोजिट सिस्टम लागू किया गया है। इसी क्रम में जिले की 4 देशी शराब दुकानों में भी यह सिस्टम लागू किया गया। जिससे राजस्व आय बढ़ेगी। इस निर्णय से शराब कोचियों पर भी लगाम लगेगी।

## सेक्टर 5 सड़क 12 में होगा डोमशेड का निर्माण, क्रास स्ट्रीट में लगेगा पेवर ब्लॉक

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



जोन क्रमांक 05 के सेक्टर 05 अंतर्गत सड़क 12 में डोम शेड का निर्माण किया जाएगा, क्रास स्ट्रीट में सड़क किनारे पेवर ब्लॉक तथा सड़क 37 में चैनलिंक फैंसिंग कार्य किया जाएगा इसके लिए आज सुबह महापौर एवं भिलाईनगर विधायक देवेन्द्र यादव ने नागरिकों की उपस्थिति में प्रातः 9ः00 बजे भूमिपूजन किया। नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्र के वार्ड 53 और वार्ड 54 में 41 लाख की लागत से होने वाले विकास कार्यों के लिए 4 अलग-अलग स्थानों पर भूमिपूजन किया गया जहां वार्ड के नागरिक शामिल हुए।कार्यक्रम के तहत महापौर यादव सेक्टर 05 के निचली बस्ती में पहुंचे। मोहल्ले वासियों की मांग पर महापौर के द्वारा सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन हुआ। भिलाई निगम क्षेत्र के सेक्टर 05 अंतर्गत विकास कार्यों के लिए 4 स्थान पर कार्य की शुरुआत की गई। वार्ड के निचली बस्ती में बारिश के सीजन में जल भराव तथा आने जाने के लिए कीचड़ की समस्या रहती थी, जिसे देखते हुए वहां सीमेंटीकरण सड़क बनाया जाएगा ताकि आवागमन में सहूलियत मिल सके साथ ही वार्ड के सड़क 12 में डोम शेड बनाने की मांग थी जो आज पूरी हुई।

## तीन वर्षो से आरटीई की आधी ही सीटों पर हो रही है भर्ती : क्रिष्टोफर पॉल

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



### शिक्षा का अधिकार भर्ती

| | |
|---|---|
| **सत्र 2018-19** | |
| कुल स्कूल | 6,000 |
| कुल आरक्षित सीट्स | 80,000 |
| कूल आवेदन | 76,875 |
| कुल आबंटित सीट्स | 37,000 |
| कुल रिक्त सीट्स | 43,000 |
| **सत्र 2019-20** | |
| कुल स्कूल | 6,451 |
| कुल आरक्षित सीट्स | 86,508 |
| कुल आवेदन | 99,798 |
| कुल आबंटित सीट्स | 48,154 |
| कुल रिक्त सीट्स | 38,354 |
| **सत्र 2020-21** | |
| कुल स्कूल | 6,469 |
| कुल आरक्षित सीट्स | 81,355 |
| कुल आवेदन | 84,657 |
| कुल आबंटित सीट्स | 46,355 |
| कुल रिक्त सीट्स | 35,000 |

मा. उच्च न्यायालय बिलासपुर, छत्तीसगढ़ ने वर्ष 2016 में यह स्पष्ट आदेश दिया था कि निजी स्कूलों में आरटीई के अंतर्गत एक भी सीट्स रिक्त नहीं होनी चाहिए, लेकिन इस आदेश का कड़ाई से पालन नहीं किया जा रहा है, क्योंकि विगत तीन वर्षो से लगभग आधी सीटों पर भर्ती हो रहा है और रिक्त सीटों को भरने को कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल का कहना है कि प्रत्येक वर्ष हजारों पात्र गरीब बच्चों को जान-बुझकर सुनियोजित ढंग से निःशुल्क शिक्षा से वंचित किया जा रहा है, जिसको लेकर हमारे द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग को लगातार जानकारी दिया जा रहा है लेकिन विभाग इस गंभीर मामले को लेकर गंभीर नहीं है। पॉल का कहना है कि प्रदेश में गरीबों की संख्या बढ़ते जा रही है, लेकिन गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने के लिये प्रायवेट स्कूलों में प्रवेश देने की संख्या में बढ़ोत्तरी नहीं हो रहा है जो चिंता का विषय है। पॉल ने बताया कि उनके द्वारा लगातार स्कूल शिक्षा विभाग और डीपीआई को यह सुझाव दिया जा रहा है कि यदि तहसीलदार द्वारा आय प्रमाण पत्र और खाद्य विभाग द्वारा जारी गरीबी रेखा कार्ड को मान्य कर दिया जावे तो आरटीई के अंतर्गत प्रायवेट स्कूलों में ज्यादा से ज्यादा गरीब बच्चों को प्रवेश मिल पायेगा, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।

## चंद्रिका बाई व उमेंद्र को इलाज में मिला डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना का लाभ

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय दृष्टिहीनता और दृष्टिदोष नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत बेमेतरा जिला अस्पताल में लगभग 10 महीने बाद मोतियाबिंद का ऑपरेशन शुरु हो गया है। कोविड-19 के प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करते हुए मरीजों का ऑपरेशन किया गया है साथ ही आपरेशन से पूर्व कोरोना एंटीजन टेस्ट भी कराया जाता है। जिला अस्पताल में आज साजा ब्लॉक के निवासी 5 हितग्राहियों की आंखों का ऑपरेशन किया गया। विगत माह में 10 मरीजों की आंखों का सफल ऑपरेशन किया गया था । कोरोना की वजह से अस्पतालों में भीड़ कम रखने से एक दिन में 5 मरीजों का ही ऑपरेशन किया जा रहा है । नोडल अधिकारी (अंधत्व) नेत्र विशेषज्ञ डॉ समता रंगारी ने बताया, ÷मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए सप्ताह में मंगलवार व गुरुवार के दिन विकासखंड वार महीने में शिविर निर्धारित किया गया है। माह के प्रथम सप्ताह बेमेतरा, द्वितीय सप्ताह बेरला, तृतीय सप्ताह साजा एवं चतुर्थ सप्ताह विकासखंड नवागढ़ के लिए दिन निर्धारित किये गए है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा.सतीश शर्मा के मार्गदर्शन में अब तक 35 लोगों ने पंजीयन कराया है जिसमें से 15 लोगों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन शिविर में किया गया है। शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉ समता रंगारी, नेत्र सहायक अधिकारी विजय कुमार देवांगन, दीपा शर्मा, राकेश साहू, विनोद साहू, लोकेश सोनवानी, स्टाफ नर्स श्रीमती अनीता बाघमार, कुमारी शीला साहू सहित ओटी स्टाफ की टीम सहयोगी रहें।

## विशाल ट्राई साइकिल दिव्यांग यात्रा एवं शहर भ्रमण

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



समाज सेवी ताराचंद माहेश्वरी के द्वारा निशक्त जन के 5 सूत्रीय मांगों को लेकर ÷ विशाल ट्राई सायकल दिव्यांग यात्रा बेमेतरा में निकाली गई । पांच सूत्रीय मांग में 1- 40प्रतिशत से 100प्रतिशत के विकलांग को 2000 प्रति माह पेंशन दिया जाए एवं नेत्रहीन को 3000 पेंशन प्रतिमाह दिया जाए । सभी दिव्यांगों को ग्राम पंचायत स्तर पर योग्यता अनुसार रोजगार दिया जाए । सभी दिव्यांगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निशुल्क मकान प्रदान किया जाए एवं निशुल्क बिजली पानी गैस आदि सुविधा उपलब्ध कराई जाए । सभी दिव्यांगों को उच्च क्वालिटी का बैटरी चलित साइकल प्रदान किया जाए एवं पूर्व में दिए हुए साइकिल का मरम्मत निशुल्क करवाया जाए । आज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग जनों को दी जा रही ऋष्टा का सरलीकरण किया जाए एवं बिना गारंटर के उनको लोन प्रदान किया जाए । उक्त पांच मांगों का मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन एस डी एम बेमेतरा को प्रदान किया गया । उक्त यात्रा में ट्राइसायकल में सैकड़ों की संख्या में दिव्यांगजन शामिल हुए । नगर भ्रमण के बाद गांधी भवन बेमेतरा में दिव्यांगजन की सभा हुई । सभा साथ में नलेश्वर साहू व्याख्याता, प्रतुल वैष्णव (प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा, युवा प्रकोष्ठ),नीतू कोठारी पार्षद एवं सामाजिक कार्यकर्ता, वर्षा गौतम, आरती साहू ,कुंजीलाल दुबे और जाने-माने योगाचार्य व शिक्षाविद आदरणीय दिलहरण प्रसाद तिवारी, कमलेश साहू, रामलाल साहू उपस्थित थे । उक्त सभा में नेत्रहीनों को समाजसेवी ताराचंद माहेश्वरी ने कम्बल प्रदान कर उनके सुखद भविष्य की कामना की ।

**क्षेत्र में गुरु की महादशा,रहेगी 15 साल तक शुभता और खुशहाली : प्रज्ञा निर्वाणी**

## जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह, ढारा में बहेगी विकास की धारा : संसदीय सचिव

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत ढारा में त्रिस्तरीय पंचायत के निर्वाचित जन प्रतिनिधियों का सम्मान संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ,इस दौरान मड़ई मातर का भी आयोजन किया गया था,संसदीय सचिव ने अपने उद्बोधन में कहा कि कॅरोना के कारण गांवों में आने जाने का सिलसिला थम गया था,अब प्रदेश में वैक्सीन आ गया है,मैंने खुद तैयारियों का जायजा स्वास्थ केंद्र पहुच कर लिया है,प्रथम चरण में हेल्थ वर्करों को लगाया जा रहा है,फिर आप लोगो को लगाया जाएगा ताकि जनजीवन पहले की तरह सामान्य भयमुक्त हो सके, ढारा पंचायत में विकास की धारा बहेगी ये भूपेश बघेल की सरकार है प्रदेश में जहाँ कभी नही पहुचा वहाँ जाकर सरकार विकास कर रही है

जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि गुरुदयाल भाई के नाम मे गुरु है ,मान के चलो क्षेत्र में विकास और उन्नति की गुरु की महादशा चालू हो गयी है, और जब जीवन मे गुरु की महादशा चालू होती है तो उसका शुभ फल ही मिलता है,मैंने जब जब जिस गांव के विकास की स्वीकृति मांगी है,गुरुदयाल भाई ने खुशी से स्वीकृत किया है,उनके आंखों में 24 घंटे क्षेत्र के विकास के सपने रहते है, और यह भी सब जान ले क्षेत्र में गुरु की महादशा पूरे 15 साल चलेगी, गुरुदयाल भाई आज जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 में तीन गांवों ढारा,सीतापर, नवलपुर में समय देकर ग्रामीणो के समस्याओं से रूबरू हो रहे हैं। इस दौरान जनपद अध्यक्ष कुमारी जायसवाल ने कहा कि पंचायत के फंड का सही उपयोग पंचायत प्रतिनिधि करके छोटे बड़े काम अपने स्तर पर कराए, योजनाओं के लाभ के लिए जनपद आना जरूरी वहां मैं सभी का काम बैठकर करवा रही हूं, ,विधायक प्रतिनिधि मोंटू तिवारी,युवा नेता जनार्दन जायसवाल,जिला उपाध्यक्ष दत्त जैन पूरी,पूर्व जनपद उपाध्यक्ष नंद साहू,जनपद सदस्य ईश्वरी ध्रुव,जनपद सदस्य ध्रुव तिवारी, सरपंच प्रतिनिधि कैलास साहू, सरपंच उर्मिला साहू, बल्लू साहू, मुल्चण्ड साहू, सुखचंद चतुर्वेदी, सुरेंद्र सेन, देवेंद्र साहू, अरमान साहू, लुकेश साहू, बालसमुंद के सरपंच तुलसी गायत्री साहू, सहित सभी महिला पंच और वरिष्ठ ग्रामीणों ने अतिथियों का पुष्पाहार से स्वागत किया गया।

## केन्द्रीय जेल दुर्ग का जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



राजेश श्रीवास्तव जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा केन्द्रीय जेल दुर्ग का औचक निरीक्षण किया गया । केन्द्रीय जेल के निरीक्षण में सभी पुरूष एवं महिला बैरक में जाकर विचाराधीन बंदियों एवं सजायाफ्ता बंदियों से मुलाकात की गई तथा उनकी समस्या सुनी गई। केन्द्रीय जेल से बंदियों के द्वारा बताई गई समस्या के संबंध में पुछताछ की गई। निरीक्षण में यह विशेष रूप से देखा गया कि- '' केन्द्रीय जेल में बंदियों को कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के लिए क्या-क्या व्यवस्था की गई है। नवीन बंदी जो जेल में प्रवेश करते है उनके लिए कोविड-19 के संबंध में स्वास्थय चिकित्सा परीक्षण की व्यवस्था क्या है। बंदियों को मास्क दिया गया है अथवा नही । बंदियों के मध्य सोशल डिस्टेसिंग रखा जा रहा है अथवा नहीं । केन्द्रीय जेल के निरीक्षण में यह पाया गया कि '' बंदियों के सामान का निरीक्षण किया गया जिसमें कोई आपत्तिजनक वस्तुऐ अथवा नशा से संबंधित वस्तुऐ नहीं पाई गई । बंदियों को दिये जाने वाले भोजन की जॉच की गई भोजन की गुणवत्ता देखी गई तथा भोजन की सामग्री को देखा गया । बंदियों को दिये जाने वाले भोजन को संतोष जनक पाया गया । बंदियों के बैरक की साफ-सफाई देखा गया । कई स्थानों पर साफ-सफाई में कमी पाई गई। '' निरीक्षण के दौरान 80 वर्ष से अंधिक उम्र के बंदियों पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया तथा उनके स्वास्थय पर विशेष ध्यान दिया जाने को कहा गया। बंदियों को जानकारी दी गई कि कोविड संकम्रण अवधि में न्यायालय में प्रकरणों की सुनवाई नही हो पा रही थी।

## क्विक न्यूज

### श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए धन संग्रह का शुभारंभ



**सक्ती।** श्री राम जन्मभूमि के निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करें के लिए सभी की भागीदारी हो, इसके लिए शक्ति शहर में भी धन संग्रह करने का काम चालू हो गया है,उक्ताशय के संबध में कार्यकर्ता रामनरेश यादव ने बताया कि लोगों के घरों तक पहुंच कर राम जन्मभूमि में मंदिर निर्माण को लेकर जानकारी देते हुए धन संग्रह करने का काम चल रहा है, इसके लिए लोगों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है,लोग उत्साह के साथ सामने आ कर मंदिर निर्माण में अपना योगदान देना चाहते हैं, और स्वेच्छा से इसके लिए सहयोग राशि दे रहे हैं, 19 जनवरी को शक्ति शहर में धन संग्रह कार्य के शुभारंभ अवसर पर पंडित मुकुटधर दुबे, गौरीशंकर राठौर, रंजन सिन्हा ,योगेंद्र राठौर, सत्यनारायण पटेल, मनोज गबेल, रविंद्र राठौर, दान दाता यज्ञदत्त पटेल सहित काफी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

### नारायण चंदेल ने खिलावन साहू के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर किया अभिनंदन



**सक्ती।** छ.ग. विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री, जांजगीर-चाम्पा क्षेत्र के विधायक नारायण चंदेल ने 19 जनवरी को जिला भाजपा कार्यालय जांजगीर में सक्ती के पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू को साहू समाज के जिलाध्यक्ष बनने पर शाल व पुष्पगुच्छ से भेटकर बधाई एवम शुभकामनाएं दी, ज्ञात हो कि पूर्व विधायक खिलावन साहू 17 जनवरी को जिला साहू संघ जांजगीर चांपा के जिला अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए थे।

# लैलूंगा में महिला के अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी, पति और जीजा निकले हत्यारे, दोनों गिरफ्तार

- **अननोन डेड बॉडी की शिनाख्तगी बनी थी पुलिस की बड़ी परेशानी, दिगी, ओड़िसा भेजी गई थी टीमें**

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस द्वारा थाना लैलूंगा अंतर्गत ग्राम भेलवाटोली एवं खम्हार के बीच जंगल में मिले अज्ञात महिला के हत्याकांड की गुत्थी सुलझा ली गई है। मामले में लैलूंगा पुलिस द्वारा मृतका के पति और उसके जीजा को हत्या कर साक्ष्य छिपाने के अपराध के तहत गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। घटना का खुलासा बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ में एडिशनल एसपी द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया गया। प्रेस कान्फ्रेंस में एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा बताया कि 12 जनवरी को थाना लैलूंगा क्षेत्र अंतर्गत एक अज्ञात महिला उम्र करीब 25-30 वर्ष की डेड बॉडी भेलवाटोली-खम्हार जंगल के बीच मिली थी। महिला के गले को दुपट्टा से घोटा जाना तथा प्रथम दृष्टया ही हत्या का मामला प्रतीत हुआ। ऐसे में मौके पर एसडीओपी धरमजयगढ़, थाना प्रभारी लैलूंगा, एफएसएल की टीम, साइबर की टीम, डॉग स्कॉड को भेजा गया। शव का पीएम कराकर डॉक्टर से मौत के संबंध में अभिमत/शॉट पीएम रिपोर्ट प्राप्त कर 13 जनवरी को अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना लैलूंगा में धारा 302, 201 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया। इसके बाद पुलिस के लिए सबसे बड़ी सिरदर्द मृतक की शिनाख्ती थी। इसके लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी और काफी प्रयास के बाद मृतका की शिनाख्त हो सकी। मृतका की शिनाख्तगी के बाद मामले में नए पहलू सामने आया। जिससे अनसुलझे हत्याकांड की परत दर परत गुत्थी सुलझती गई। लैलूंगा पुलिस को हत्याकांड में ग्राम कमरगा थाना लैलूंगा के जयकुमार सिदार, के मृतका के कथित पति होने की जानकारी मिली। लैलूंगा पुलिस द्वारा गोपनीय तरीके से जयकुमार सिदार का उसके गांव में पता लगाया गया तो जानकारी मिली कि जय कुमार सिदार तथा उसका जीजा रवि कुमार सिदार दोनों ही अपने-अपने गांव से गायब हैं। हत्या के इस गंभीर मामले में एसपी द्वारा अज्ञात महिला के वारिसानों एवं संदिग्धों की पतासाजी के लिए थाना लैलूंगा, धरमजयगढ़, चौकी रैरूमा की तीन अलग-अलग टीमें बनाई गई। टीम एक में स्वयं एसडीओपी सुशील नायक, उपनिरीक्षक प्रवीण मिंज, प्रधान आरक्षक सोमेश गोस्वामी, चौकी रैरूमा आरक्षक प्रदीप जॉन, चौकी रैरूमा आरक्षक राजेंद्र राठिया तथा टीम दो में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक एलपी पटेल, आरक्षक मायाराम राठिया, धनुर्जय बेहरा, जुगित राठिया,अमरदीप एक्का एवं टीम तीन में उपनिरीक्षक बीएस पैंकरा, सउनि माधवराम साहू, प्रधान आरक्षक संजय यादव, आरक्षक इलियास केरकेट्टा की टीम बनाई गई। टीम एक को किलकिला, फरसाबहार, बागबाहर एवं तपकरा तथा टीम दो को पत्थलगांव, घरघोड़ा, लारीपानी, चिमटीपानी एवं टीम तीन को बागबाहर, कांसाबेल, कापू, दरिमा, अंबिकापुर की ओर पतासाजी के लिए लगाया गया था। तीनों टीमों के अथक प्रयास पर अज्ञात मृतका के आरोपियों को ग्राम रजौरी, थाना कुनकुरी जिला जशपुर से हिरासत में लेकर थाना लाया गया। दोनों आरोपी पुलिस से लुक-छिप कर रजौरी के जंगल में लकड़ी काटने का काम कर रहे थे। पुलिस ने जब उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ किया, तो दोनों ने सरस्वती मराण्डी की हत्या करना स्वीकार किए हैं।

**ऐसे हुई मृतका की शिनाख्ती-** पुलिस मृतका की शिनाख्तगी करने के लिए जिले के सभी थाना के गुम इंसानों के हुलिया से मृतका का मिलान किया गया। सीसीटीएनएस ऑपरेटर्स को पोटर्ल पर राज्य के लगभग सभी जिलो के गुम इंसान से हुलिया का मिलान कराया गया। सभी सोशल मीडिया ग्रुप में मृतका के फोटो वायरल किए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना/चौकी प्रभारियों एव पिछले छह माह में पारिवारिक केन्द्र में आए पति-पत्नी विवादों पर भी जांच कर मृतका के वारिशानों का पता लगाने के निर्देश दिए।

# राजस्व विभाग 396 लोगों को जारी किया नोटिस



- **15 दिन के अंदर बकाया राजस्व नहीं जमा करने पर होगी कार्रवाई**

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार इन दिनों राजस्व विभाग बकाया राजस्व वसूली के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहा है, तथा इसी श्रृंखला में जांजगीर-चांपा जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार राजस्व विभाग शक्ति में भी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शक्ति के निर्देशन में स्थानीय नजूल शाखा द्वारा बकाया राजस्व वसूली को लेकर शक्ति शहर के करीब 396 लोगों को नोटिस जारी की जा रही है, एवं इस नोटिस के बाद 15 दिवस के अंदर बकाया राजस्व नहीं जमा करने वाले लोगों के खिलाफ विभाग कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के मूड में है, तथा राजस्व विभाग शक्ति के अंतर्गत नजूल शाखा के अधिकारी बताते हैं कि वर्षों से जिन लोगों ने भू-भाटक की निर्धारित राशि राजस्व के रुप मे नहीं जमा किया है, उन्हें यह सूचना नोटिस के रूप में दी जा रही है,तथा इस भू राजस्व के रूप में लाखों रुपए बकाया है,एवम राजस्व विभाग द्वारा सक्रियता के साथ लोगों को नोटिस दी जा रही है, वहीं दूसरी ओर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बीएस मरकाम के निर्देशन में स्थानीय नजूल शाखा तथा राजस्व विभाग का अमला अन्य विकास खंडों में भी बकाया राजस्व वसूली के लिए जोरों से लगा हुआ है, एवं छत्तीसगढ़ शासन राजस्व संहिता के नए संशोधन के अनुसार भी स्थानीय राजस्व अधिकारी जहां लोगों को शासन की नई योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित कर रहे हैं,तो वही आम लोगों में भी राजस्व विभाग की नई योजनाओं को लेकर उत्सुकता नजर आ रही है।

## स्कूल में ऑनलाइन एडमिशन के नाम पर धोखाधड़ी

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

- **आरोपी युवक ने खुद को बताया स्कूल का प्रबंधक, फिर खाते में डलवाया 50 हजार रुपए**

बरमकेला क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने उसके लड़के का एडमिशन दिलाने के नाम पर 50000 रुपए की धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराया है। जिसपर बरमकेला पुलिस ने ठगी करने वाला आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार बरमकेला निवासी मनेजर साहू पिता रामपैत साहू उम्र 45 वर्ष द्वारा उसके लड़के हितेश साहू को सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में ऑनलाइन एडमिशन के नाम पर ब्रजकिशोर निवासी अम्बिकापुर द्वारा 50,000 रुपए धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि 16 जनवरी को उसके लड़के हितेश साहू का सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में ऑनलाइन फॉर्म एडमिशन के लिए फार्म भरा था। मनेजर साहू के मोबाइल नंबर पर ब्रजकिशोर निवासी अम्बिकापुर फोन करके स्वयं को सैनिक स्कूल अम्बिकापुर का प्रबंधक बताकर खाता में 50,000 रुपए जमा करने को बोला और कहा गया कि छात्र को मेडिकल परीक्षण में बैठना नहीं पड़ेगा।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता के बने विजेता मुकुल, उपविजेता प्रियांशु

पायनियर संवाददाता ◂ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता एकल में मुकुल रायपुर और युगल में प्रियांशु महंत एवं शिवम बराई कोरबा ने बाजी मारी । लक्ष्मणेश्वर क्लब खरौद व्दारा खरौद नगर में 16 से18 जनवरी तक तीन दिवसीय राज्य स्तरीय एकल एवं युगल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था । एकल प्रतियोगिता में कुल 87 प्रतिभागियों ने भाग लिया और युगल प्रतियोगिता में 84 टीम शामिल हुए थे । एकल प्रतियोगिता का विजेता मुकुल रायपुर और उपविजेता प्रियांशु महंत कोरबा रहा, इसी तरह युगल प्रतियोगिता का विजेता प्रियांशु महंत एवं शिवम बराई कोरबा तथा उपविजेता मनीष गुप्ता एवं अर्जुन मिश्रा चाम्पा रहा । आयोजन समिति ने एकल और युगल प्रतियोगिता के विजेताओं को पन्द्रह पन्द्रह हजार रूपए तथा उपविजेताओं को दस दस हजार रूपए पुरूस्कार राशि के साथ ट्रॉफी और मेडल प्रदान किया । लक्ष्मणेश्वर स्पोर्टस क्लब के पदाधिकारियों ने विजयी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके स्पोर्टस क्लब के व्दारा प्रदेश के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए समय समय पर विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन करते रहे हैं और आने वाले समय में इस तरह के खेल प्रतियोगिताओं को और बड़े पैमाने पर आयोजन किया जायेगा ।

पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वालों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किए । इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष रोहित केसरवानी, बालमुकुंद सोनी ,नीरज अग्रवाल, बसंत देवांगन, कोमल साहू ,बसंत यादव,संतोष केसरवानी,बलराम केसरवानी,हर्षवर्धन तिवारी ,योगेन्द्र सोनी ,विनय देवांगन, जितेन्द्र केसरवानी, टी आर कुर्रे, प्रकाश चन्द्र थवाइत, प्रमिल यादव,प्रियरंजन यादव,अभिषेक यादव,माखन यादव,हृदय यादव,राजेंद्र आदित्य ,अजय केवट , उग्रेश्वर गोपाल केवट सहित अनेकों बैडमिंटन प्रेमी और खिलाड़ी बंधु मौजूद थे ।

## कुमार धर्मेंद्र सिंह ने दृष्टिबाधित विद्यालय पहुंचकर की मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा जिले के शक्ति शहर में स्थापित दृष्टिबाधित विद्यालय में शक्ति रियासत के राजकुमार एवं जनपद पंचायत सक्ती के सदस्य कुमार धर्मेंद्र सिंह ने अपने समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर वहां के संचालक एंव बच्चों से मिलकर उनकी कार्यशैली के बारे में अवगत हुए एंव उनकी समस्याओं से रुबरु होते हुए शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन भी दिया, जिसमें विशेष विद्यालय के संचालक जशवंत कुमार आदिले ने बताया की ब्रेनलिपि से किस प्रकार बच्चों को पढ़ाया जाता है खेलकुद एंव संगीत सभी तरह की शिक्षा इस विद्यालय में बच्चो को दिया जाता है, वहीं सक्ती विधानसभा एनएसयूआई के अध्यक्ष रवि गवेल ने बच्चों को फल से भरी टोकरी देकर भेंट किया, साथ ही पुष्पेन्द्र चन्द्रा प्रवक्ता ब्लाक कांग्रेस कमेटी, भूपेंद्र सिंह अमलडीहा सरपंच, समाजसेवीका विंधेश्वरी आदिले,संस्था प्राचार्य एन के साहू एंव छात्रगण स्टाफ उपस्थित रहे, कुमार धर्मेंद्र सिंह ने इस दौरान विद्यालय प्रबंधन के कार्यों एवं उनकी सेवाओं को देखते हुए उनका आभार व्यक्त किया, तथा धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में ऐसे कार्य एक भगवान की सेवा के रूप में होते हैं,।

## मोहन कुमारी साहू ने युवा विकास परिषद कार्यक्रम में निभाई सहभागिता

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा जिले के बम्हनीनडीह जनपद पंचायत की सदस्य एवं महिला कमांडो की जिला अध्यक्ष मोहन कुमारी साहू मीनू ने 19 जनवरी को रायगढ़ जिले के सारंगढ़ शहर में सारंगढ़ युवा विकास परिषद द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि सहभागिता करते हुए अपनी बातें रखी तथा मोहन कुमारी साहू मीनू ने इस अवसर पर आयोजन समिति को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से जहां युवा प्रतिभाओं को सामने आने का अवसर मिलता है तो वही समय-समय पर ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए इस दौरान बिलासपुर लोकसभा के सांसद सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों से प्रमुख अतिथि गण भी मौजूद रहे, एवं इससे पूर्व मोहन कुमारी साहू ने जांजगीर-चांपा जिले के चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के कोटमी मंडल में बतौर सहप्रभारी भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर 22 जनवरी के धरना कार्यक्रम हेतु अधिक से अधिक संख्या में लोगों को पहुंचने की अपील भी की, एवं मोहन कुमारी साहू ने कोटमी मंडल के अलावा अड़भार मंडल एवं अन्य मंडलों में भी जाकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, ज्ञात हो कि मोहन कुमारी साहू मीनू पूरे जांजगीर-चांपा जिले के विभिन्न स्थानों में सक्रियता के साथ सेवा कार्यों एवं रचनात्मक कार्यों में योगदान दे रही हैं तथा महिला कमांडो की जिला अध्यक्ष होने के नाते वह नारी सशक्तिकरण की दिशा में भी सकारात्मक पहल करती हैं।

# 22 को करेंगे धरना प्रदर्शन फिर कलेक्टोरेट का घेराव : चंदेल

- **किसानों के साथ छल कर रही राज्य सरकार, कहा शराबबंदी करने के बजाए होम डिलवरी कर रहे**

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं जांजगीर चांपा क्षेत्र के विधायक नारायण चंदेल बुधवार को पत्रकार वार्ता का संबोधित करते हुए कहा कि जब से छग प्रदेश में भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनी है। दो वर्ष बीत गए इस अवधि में समाज का हर तपका भारी परेशानी के दौर से गुजर रहा है। छ.ग. का भूमिपुत्र व अन्नदाता किसान इस राज्य की कांग्रेस सरकार में सर्वाधिक दुर्दशा को झेल रहा है। प्रदेश की यह कांग्रेस सरकार यहां के किसानों के साथ अन्याय, अत्याचार व उनके साथ निरंतर छल कर रही है। अगर यहां का किसान बोना जानता है तो काटना भी जानता है। आज पूरे छ.ग में धान खरीदी में भारी अव्यवस्था का आलम है। छ.ग. राज्य निर्माण के बाद किसानों का हर तरह से अपमान हो रहा है, प्रदेश की भूपेश सरकार किसानों से झूठे वादे के कारण बनी है, लेकिन आज वही किसान सबसे ज्यादा दुखी, हताश व निराश है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों भारी अव्यवस्था का आलम है, बारदानों की कमी है। गिरदावरी के बहाने किसानों के खेतों का रकबा सुनियोजित ढंग से कम किया गया, जिसमें धान खरीदी कम करना पड़े। यही नहीं टोकन कटवाने के लिए किसान परेशान हो रहा है। बार-बार दिन-रात धान खरीदी का चक्कर काट रहे हैं। धानों का परिवहन नहीं हो रहा है। धान खरीदी में 15 दिन का विलंब हुआ।

धान खरीदी विलंब होनें से 2 से 4 किलो किसानों का धान सुखद जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले दो साल का बकाया बोनस अभी तक किसानों को प्राप्त नहीं हुआ है, उसको दिया जाए। धान खरीदी केन्द्रों में इलेक्ट्रानिक कांटा से धान का तौल, खरीदी किया जाए।

# टीआरएन की मनमानी, राख से पाट डाले बड़े झाड़ के जंगल

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिला अपनी खनिज संपदा के कारण केवल दो दशकों में ही औद्योगिक जिले के रूप में पूरे देश में पहचाना जाने लगा है, लेकिन यहां हुए औद्योगीकरण के दंश को अब स्थानीय आदिवासी ग्रामीण बुरी तरह से भुगतने लगे हैं। इसी का परिणाम विधानसभा चुनाव में देखने को मिला था जब उद्योगों की हितैषी माने जाने वाली भाजपा सरकार के खिलाफ लोगों ने जमकर वोट किया और जिले की पांचों सीटें कांग्रेस की झोली में चली गई। मगर अब डेढ़ साल बाद ही स्थानीय ग्रामीण खुद को ठगा सा महसूस करने लगे हैं जब किसान हितैषी सरकार कहे जाने वाली प्रदेश की भूपेश बघेल सरकार में भी उद्योगों की उतनी ही तूती बोल रही है। उद्योगों की मनमानी का आलम यह है कि इनके खिलाफ न तो जनप्रतिनिधि मुंह खोल पा रहे हैं और ना ही अधिकारी कुछ कर पा रहे हैं। ऐसे औद्योगिक दादागिरी का ताजा मामला घरघोड़ा विकासखंड में सामने आया है। जहां ग्राम भेंगारी स्थिति टीआरएन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने बड़े झाड़ के जंगल को अपने फैक्ट्री से निकलने वाले वेस्ट राख से पाट दिया है। यही नहीं कंपनी ने कई किसानों की जमीनों पर भी राख उड़ेल दिया है। जिससे सैकड़ों एकड़ में लगी फसलें तबाह हो गई हैं। घरघोडा- खरसिया मार्ग में ग्राम पंचायत टेंण्डा जो जंगलों से घिरा हुआ पूर्ण रूप से आदिवासी बहुल गांव है। यहां के ग्रामीणों का मुख्य कार्य खेती करना है। मगर उक्त कम्पनी की दादागिरी से इन छोटे किसानों की आजीविका भी खतरे में आ गई है।

### क्या कहती हैं सरपंच

ग्राम पंचायत की सरपंच संतोषी राठिया ने टीआरन कम्पनी भेंगारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उक्त कंपनी ने बिना किसी अनुमति के पंचायत राजस्व भूमि बड़े झाड़ के जंगल खसरा न. 291 रकबा 7.264 के लगगभ 17.93 एकड़ भूमि में से लगभग 8-10 एकड़ भूमि पर जबरन कब्जा कर फ्लाय ऐश डस्ट से पाट दिया है। जिससे जंगल में लगे हजारो पेड़ो को नुकसान पहुचा है। कंपनी द्वारा इतने बड़े जंगल मद की जमीन को राख से पाट देना और पटवारी, वनरक्षक से लेकर स्थानीय अधिकारियों का मौन रहना कई सवालों को जन्म देता है। साथ ही उद्योग द्वारा डाले गए डस्ट बारिश में बहकर कृषि विभाग द्वारा बनाए गए स्टॉपडेम में भर गए हैं।

## पेज 1 के शेष...

### धान शार्टेज का मामला पहुंचा भूपेश तक...

क्विंटल धान का शॉर्टेज हुआ हैं। जिससे 13 करोड़ रुपये से अधिक नुकसान शासन को होने की सम्भावना बन गई हैं। उक्त गंभीर मामले को जब मीडिया ने सीएम भूपेश बघेल के सामने लाया तो उन्होंने कहा कि इसकी जांच कराई जाएगी। अधिकारी बताएंगे आखिर धान गया कहा.... खाद्य मंत्री अमरजीत भगत के प्रभार वाले बालोद जिले में सत्र 2019.20 के स्टॉक में 68 हजार क्विंटल से अधिक धान का शार्टेज सामने आया हैं। जिससे अधिकारियों के बीच हड़कम्प की स्तिथि बनी हुई हैं। आपको बता दे कि जिले में बीते सत्र 2019.20 में चार संग्रहण केंद्र जगतरा, धोबनपूरी, फुंडा और मालीघोरी में 23 लाख 68 हजार क्विंटल धान का संग्रहण किया गया था। लेकिन रिकार्ड में अभी भी उक्त चारो केंद्रों में धान का उठाव होना शेष बताया जा रहा है। लेकिन इन संग्रहण केंद्रों में धान नही है। अर्थात यह कि इन संग्रहण केंद्रों में धान का शॉर्टेज हो चुका है। मामले में अभी तक संग्रहण केंद्रों के प्रभारियो के ऊपर कार्यवाही नही हुई हैं।

### वनमंडलाधिकारी जांजगीर एवं वन परिक्षेत्र ...

एवं इस प्रकार से छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण आचरण एवं नियंत्रण नियमों के अंतर्गत उपरोक्त सभी कर्मचारी स्वयं को दोषी बना चुके हैंए वन परीक्षेत्र अधिकारी शक्ति एमआर साहू ने अपने पत्र में वन मंडल अधिकारी को लिखा है कि जांजगीर.चांपा जिला वन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष के द्वारा मुझे साजिश पूर्वक कर्तव्य से हटवाने के लिए संघ का धोंस देते हुए काम किया जा रहा हैएतथा 10 से 15 वर्ष तक एक ही बन मंडल जांजगीर.चांपा में रहने के कारण उपरोक्त कर्मचारी का मनोबल बढ़ा हुआ हैए एवं यह कर्मचारी कभी वन मंडल अधिकारी के खिलाफ तो कभी परीक्षेत्र अधिकारी के खिलाफ शिकायत करते हैंएएवं वृत्त स्तरीय जांच में भी कर्मचारियों द्वारा उपस्थिति नहीं दिया जाकर घोर अनुशासनहीनता का परिचय दिया गया हैए तथा वन परीक्षेत्र अधिकारी ने वन मंडल अधिकारी को प्रेषित पत्र में जहां कार्रवाई की मांग करते हुए यहां तक कहा है कि यदि उनके इस पत्र पर कोई कार्यवाही नहीं होती है तो वे माननीय न्यायालय में याचिका दाखिल करने के लिए भी स्वतंत्र रहेंगेए उल्लेखित हो कि वन परीक्षेत्र अधिकारी शक्ति के इस पत्र से जहां वन विभाग के उच्चाधिकारियों की कार्यशैली को लेकर भी सवालिया निशान लग गया हैए तो वही वन विभाग जांजगीर चांपा जिले का यह विवाद कब थमेगा इसके कोई आसार नजर नहीं आते एवं वन परीक्षेत्र शक्ति के अधिकारियों का मानना है कि आज शक्ति कार्यालय से 11 कर्मचारियों को चांपा वन मंडल कार्यालय में उपस्थिति दर्ज करा दी गई जिसके चलते आज वन परीक्षेत्र शक्ति का काम काफी प्रभावित भी हुआ हैए एवं ऐसे कार्यों से अन्य कर्मचारियों का भी मनोबल टूटता है।

## ट्रक मालिक कल्याण समिति ने आरटीओ अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ ट्रक मालिक कल्याण समिति के सदस्यों ने आरटीओ अधिकारी को बताया कि अभी वर्तमान में कोविड-19 के समय फिटनेस के लिए ट्रक मालिकों को रिफ्लेक्टर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है जो कि कहीं से भी उचित नहीं है साथ ही साथ ट्रक मालिक कल्याण समिति के सदस्यों ने बताया कि रिफ्लेक्टर की कीमत दो दुकानों में अलग-अलग ली जा रही है, जिस रिफ्लेक्टर की कीमत ऑनलाइन में 400 से 500 दिखा रहा है उसी का रायगढ़ में दो दुकानदारों द्वारा 3000 से 4000 लिया जा रहा है ,जो कि सरासर गलत है और ना उचित है, इसके लिए सरकार को एक रेट फिक्स करना चाहिए, साथ ही साथ कोविड-19 के दौर को देखते हुए जिस प्रकार अन्य टैक्सों में 31 मार्च तक का छूट दिया गया है उसी प्रकार इसमें भी 31 मार्च तक का छूट दिया जाए इन्हीं सब मांगों का पुलिंदा लेकर मंगलवार को मालिक कल्याण समिति के सदस्य गुहार लगाने रायगढ़ आरटीओ अधिकारी के पास पहुंचे। रायगढ़ आरटीओ अधिकारी सुमित अग्रवाल ने समिति का ज्ञापन लेने के पश्चात उन्हें बताया कि टैक्स लेने और नहीं लेने का निर्णय का परिवहन कार्यालय रायपुर के हाथ में होता है इसलिए वह उनके ज्ञापन को उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर देंगे। उसके बाद जो भी निर्णय ऊपर से आदेश आएगा उसका वह पालन करेंगे। हालांकि उन्होंने यह जरूर माना कि अगर रिफ्लेक्टर का रेट बड़ा कर लिया जा रहा है। इसकी वे जांच करवाएंगे साथ ही साथ वह भी शासन से आग्रह करेंगे कि रिफ्लेक्टर का एक रेट फिक्स किया जाए।


**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास शाखा) जिला उत्तर बस्तर कांकेर**

**// निविदा //**

क्रमांक/आवि./निर्माण/एनआईटी. क्र.-114/2020-21 — कांकेर, दिनांक 16.01.2021

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा प्रथम बार आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु 'D' श्रेणी एवं उच्च, ठेकेदार पात्र होंगे तथा कार्य पूर्ण करने की अवधि 01 माह होगी।

1. निविदा प्रपत्र आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि - 29.01.2021 (सायं 5.00 बजे तक)
2. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 30.01.2021 (पूर्वान्ह 11.30 बजे सायं 5.00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि - 04.02.2021 (सायं 5.00 बजे तक)
4. निविदा खोले जाने की तिथि - 06.02.2021 (पूर्वान्ह 11.00 बजे)

इस कार्य की विस्तृत निविदा कार्यालय में देख सकते हैं।

| क्र. | कार्य का नाम | वि.ख. | कार्य की अनुमानित (लाख में) | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | |
| 01. | आदिवासी कन्या आश्रम सिंगारभांट में अतिरिक्त शौचालय में मरम्मत कार्य। | कांकेर | 2.29 | 2300 |
| 02. | हाईट परिसर में स्थित बी.टी.आई. छात्रावास भवन में संचालित प्री.मै.अजजा बालक छात्रावास भारती कांकेर में बोर खनन, पंप फिटिंग एवं पाईप लाईन का कार्य। | कांकेर | 1.88 | 2000 |
| 03. | प्री.मै.बालक छात्रावास लिलेझर में मरम्मत कार्य | चरामा | 0.80 | 1600 |
| 04. | प्री.मै.बालक छात्रावास चारामा में मरम्मत कार्य। | चारामा | 4.92 | 5000 |

जी-86470/3

**सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास कांकेर**

# ट्रेंड बाजार

## काजल अग्रवाल ने अपने प्रशंसकों से साधा संपर्क



**हाल** ही में अभिनेत्री काजल अग्रवाल ने अपने प्रशंसकों के साथ सोशल मीडिया पर एक प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया था। काजल, जिनका हाल ही में विवाह हुआ है, से पूछा गया कि क्या वो अब भी अभिनय करती रहेंगी। काजल ने इस बात का ये कहते हुए उत्तर दिया कि हमें पितृसत्तात्मक सत्ता के विचार से आगे जाना होगा।

इंस्टाग्राम स्टोरीज़ सेक्शन में आयोजित प्रश्न-उत्तर सत्र में एक प्रशंसक ने पूछा, 'क्या आप फिल्में करना जारी रखेंगी?

काजल का उत्तर था, 'जी हां, बिलकुल जारी रखूंगी, हमें पितृसत्तात्मक सत्ता से आगे जाना होगा।' इसके बाद एक प्रशंसक ने पूछा कि 2021 के लिए उन्होंने क्या संकल्प लिया है? उनका उत्तर था, 'मुझे काम और घर के बीच संतुलन स्थापित करना होगा। इसके साथ ही जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ना भी मेरे संकल्पों में से एक होगा।'

## जूही चावला ने सोशल मीडिया पर किया कटाक्ष



**प्रसिद्ध** अभिनेत्री जूही चावला का कहना है कि 'डेसमंड टूटू ने एक बार कहा था, 'अफ्रीका में जब मिशनरीज आए थे, तो उनके पास बाइबल थी और हमारे पास भूमि। उन्होंने कहा, 'चलिये हम प्रार्थना करते हैं।' हमनें आंखें बंद कर लीं। जब आंखें खोलीं तो पाया कि हमारे पास बाइबल थी और उनके पास भूमि। उसी प्रकार जब सोशल नेटवर्किंग आई तो उनके पास वॉट्सऐप और फेसबुक था, हमारे पास स्वतंत्रता। उन्होंने कहा, ये निशुल्क है। हमनें आंखें बंद कर लीं। जब आंखें खोलीं तो पता चला कि हमारे पास वॉट्सऐप तथा फेसबुक थे लेकिन उनके पास हमारी स्वतंत्रता। तो निष्कर्ष ये है कि जब कोई भी वस्तु निशुल्क होती है तो इसका मूल्य वास्तव में आपकी और हमारी स्वतंत्रता ही होता है।

## अभिनय लगता है कठिन अक्षय ओबरॉय को



**अभिनेता** अक्षय ओबरॉय का कहना है कि अभिनय का पेशा कठिन है और इसमें आपको कई पार पटक लग सकती है। उन्होंने इंडस्ट्री को एक निष्ठुर स्थान बताते हुए कहा कि इसमें किसी भी अभिनेता को उसके काम के हिट होने या असफल होने से ही गिना जाता है। ऐसा नहीं है कि केवल बॉलिवुड में ऐसा होता है। पूरी दुनिया में ऐसे ही काम चल रहा है। ये ऐसी कला है जो वाणिज्य के लिए बनी है। ऐसे में यदि आपकी भूमिका सही नहीं हुई तो आपको कोई पूछने वाला नहीं होगा।'

## सिंगर जस्टिन टिंबरलेक को दूसरी बार संतान प्राप्ति

**हॉलिवुड** के गायक और अभिनेता जस्टिन टिंबरलेक और उनकी पत्नी अभिनेत्री जेसिका बील को 2020 में दूसरी बार संतानप्राप्ति का सुख मिला है। अब जाकर टिंबरलेक ने इस समाचार को पुष्ट किया है। उन्होंने अपनी दूसरी संतान जो एक पुत्र है, का नाम फिनीज़ रखा है। गायक जस्टिन टिंबरलेक ने 'द एलेन डिजेनेरेस शो' के दौरान वर्चुअल सहभागिता करते हुए बताया कि वो दो बच्चों के पिता हैं। वो बहुत ही सुंदर और चंचल है। कोई भी सो नहीं रहा है। आगे उन्होंने बताया, 'हम रोमांचित हैं और इससे अधिक आनंदित हम हो ही नहीं सकते थे। हम ईश्वर के प्रति कृतज्ञता काभाव रखते हैं।' दोनों ने 2012 में ही विवाह संपन्न किया था। अप्रैल 2015 में उनके बीच उनके पुत्र सिलास का जन्म हुआ था। इसके बाद डिजेनेरेस का कहना है कि परिवार के बाहर उन्हें भी बील के गर्भ के बारे में पता था।'



# 'अपने काम से प्यार ही मुझे लगे रहने के लिए प्रेरित करता है'

**शिल्पा राव को हम ज़ी टीवी के शो 'इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग, में एक टीम का नेतृत्व करते देख पाएंगे। उनसे इस प्रोजेक्ट से जुड़ने के पीछे की कहानी तथा इसके साथ ही ये भी जाना कि क्या वो वो इसे अपने संगीत को प्रमाणित करने के लिए ही इसमें सहभागिता कर रही हैं। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश-**



**● आप ज़ी टीवी के कार्यक्रम इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग, में एक टीम के कप्तान के रूप में किसकी प्रेरणा से जुड़ने पर सहमत हुए?**

इस टीम के साथ मेरा एक भावनात्मक संबंध है। वे हमारे परिवार जैसे हैं। मैं कई शोज़ पर उनके साथ काम कर चुकी हूं। एक कारण तो ये था। इसके अलावा एक कारण ये है कि शो अच्छा और प्रदर्शन आधारित है। मैं तो संगीत से ही चालित होती हूं। वास्तव में कई मीडिया के लोग बताते हैं कि हम तो आपको कहीं देखते ही नहीं हैं। तो मैं उन्हें उत्तर देती हूं कि आप हमें एअरपोर्ट पर या फिर स्टूडियो में देख सकते हैं। मुझे पता है कि विपणन क्या होता है और आपका बाजारमूल्य आपको अगले स्तर पर ले जाने में समर्थ है। लेकिन अंतत: तो यही होता है कि आप जो भी गाते हैं उसकी के आधार पर आपका आकलन होता है। मैं तो संगीत के लिए ही जी रही हूं और ये शो भी संगीत को ही प्रमुखता देता है और यही कारण है कि मैं इसका हिस्सा होकर प्रसन्न हूं। इस शो में मैं वो संगीत बजा सकी हूं जो मैं बजाना चाहती थी और इससे जुड़ने के पीछे मेरा ये एक महत्वपूर्ण कारण था।

**● प्रतिभागियों में आप किस प्रकार की विशेषताएं देखना चाहेंगे?**

मैं उनमें वे सभी गुण देखना चाहूंगी जो मैंने अपने गुरू जी हरिहरन जी से सीखे हैं। उनका कहना था, 'जब भी आप किसी गाने को सुनत हैं, तो देखिये कि वे इसमें क्या अच्छा कर रहे हैं। सभी को बताइये, इसपर काम कीजिये और इसे अगले स्तर तक ले जाइये। आप कभी भी किसी में कमी निकालते हुए उससे वार्तालाप प्रारंभ न कीजिये। संगीत के बारे में ये बहुत महत्वपूर्ण है। संगीत का क्षेत्र इतना विस्तृत है कि आपको निरंतर सीखते ही रहना होता है। आजकल का युवा सदैव शीघ्रता में रहता है। वे बहुत जल्दी ऊंचाइयों पर पहुंचना चाहते हैं। मैं कभी कभी ये सोचकर घबरा जाती हूं कि जीवन में उनका क्या होगा। वे सीख क्या और कैसे पाएंगे। सभी को सीखने की इस लंबी प्रक्रिया का आनंद लेना आना चाहिये।

**● आप कई हिट गाने दे चुके हैं लेकिन आप आज भी उतने ही उत्साह से काम करते हैं। क्या आपको इससे कभी ऊबन नहीं होने लगती?**

इसका उत्तर तो संगीत ही है। मुझे संगीत से लगाव है और मैं इसीको जीता हूं। जैसा कि मैं पहले ही बता चुकी हूं कि हमारे युवाओं को समझना होगा कि वे इस क्षेत्र में क्यों हैं। यदि वे स्टार बनना चाहते हैं तो एक बिंदु के बाद उन्हें काम का आनंद मिलना कम होता जाएगा। लेकिन यदि आप ये संगीत के प्रति अपने लगाव के चलते करते हैं तो आप आजीवन अपने काम का आनंद लेते रह सकते हैं। जब आप संगीत में संतुष्टि खोज लेंगे तो आपको हर बार उसी उत्साह से काम करने की प्रेरणा मिलती रहेगी।

**● आपको कई पुरस्कार भी मिल चुके हैं? क्या आप उन्हें अपने प्रकार के संगीत का प्रमाणपत्र मानते हैं या फिर आप उन्हें गंभीरता से नहीं लेते?**

हर बात का आपपर कुछ न कुछ प्रभाव अवश्य होता है। मैं झूठ नहीं बोलूंगीं। यदि आपका नामांकन होता है और आप पुरस्कार जीत जाते हैं तो इसका आप पर प्रभाव अवश्य पड़ता है लेकिन यदि आपका नामांकन होता है और आप पुरस्कार नहीं जीत पाते तो इसका भी आप पर प्रभाव पड़ता है। मेरे कई काम जिनमें बुल्लेया, मनमर्जियां, मलंग था मेहरबान प्रमुख है और ये मेरे दिल के भी निकट हैं, इन्हें कभी किसी प्रकार का नामांकन नहीं मिला। 2010 से 2020 तक मुझे किसी भी प्रकार के पुरस्कार के लिए नामांकन नहीं मिला जबकि मेरे कई गाने हिट हुए थे और हर साल मेरे हिट गाने जा रहे थे। आपपर इनका प्रभाव तो पड़ता ही है कभी आप हर्षित होते हैं तो कभी भावुक। लेकिन अगली सुबह आपको इनसे उबर जाना चाहिये। फिर से आप नया प्रारंभ कीजिये। इन प्रभावों से आप किसी भी प्रकार से भावुक न हो जाइये। मैं जीतू या हारूं, मुझे अपने काम के प्रति प्यार ही मुझे काम में लगे रहने के लिए प्रेरित करता रहता है।

**● आपके लिए सबसे चुनौतीपूर्ण गाना कौन सा था?**

ऐसे कई गाने हैं जो काफी कठिन थे। मुडि मुडि भी ऐसा ही एक गाना था क्योंकि मैं उस समय एक महान संगीतकार के सामने था। मैं इस कारण से ही काफी घबरा गया था। इसके अलावा गाना भी कठिन था। बुलेया भी कठिन गाना था क्योंकि ये एक जटिल तथा भावुक गीत था।



## कमिंग टु अमेरिका

ज़मूंडा जैसे हरे-भरे देश में नए राजा अकीम और उनके विश्वासपात्र सेम्मी एक नई साहसिक यात्रा पर निकल पड़ते हैं। इस यात्रा में वे अफ्रीका से न्यूयॉर्क पहुंच जाते हैं जहां से ये सब प्रारंभ हुआ था। रिलीज़ इसी साल मार्च में अमेजॉन प्राइम वीडियो पर।



## फेटः द विंक्स सागा

अपनी शक्तियों को और बढ़ाने के लिए एक युवाओं का एक दल रोमांस, शत्रुता और मायावी कलाओं के अध्ययन के लिए अल्फी में उत्सुक हैं जो जादू सिखाने वाला एक स्कूल होता हैं कलाकारों में अबीगेल कोवेन, हाना वान डेर वेस्थूइसेन तथा मुस्तफा प्रमुख हैं। नेटलिक्स पर 22 जनवरी से रिलीज़।



## आउटसाइड द वायर

अग्रिम भविष्य में एक ड्रोन पायलट जिसे युद्ध के मैदान में भेजा गया था, एक दूसरे एंड्रॉएड अधिकारी से मिलता है जो परमाणु युद्ध को रोकने के मिशन पर है। कलाकारों में एंथनी मैकी, डैम्सन इदरिस तथा एमिली बीकैम आदि प्रमुख हैं। ये 15 जनवरी से नेटलिक्स पर उपलब्ध है।


# रुपहले पर्दे के नायकों ने भी किया क्रिकेट के नायकों को सलाम



**मुंबई।** अमिताभ बच्चन से लेकर शाहरुख खान और मोहन लाल तक रील लाइफ के नायकों ने रीयल लाइफ के नायकों को सलाम करते हुए आस्ट्रेलिया को टेस्ट श्रृंखला में 2-1 से मात देने वाली भारतीय क्रिकेट टीम की सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ की। फिटनेस समस्याओं के कारण अपने प्रमुख खिलाड़ियों के बिना उतरी भारतीय टीम ने ब्रिसबेन में 328 रन का रिकार्ड लक्ष्य हासिल करके चौथा टेस्ट और बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीती। शाहरुख ने ट्वीट किया , हमारी टीम की क्या शानदार जीत। पूरी रात जागकर हर गेंद देखी। अब आराम से सो सकूंगा और इस ऐतिहासिक पल को याद करूंगा। उन्होंने लिखा, सभी लड़कों को प्यार। इस जीत तक पहुंचने के लिए उनके जुझारूपन का मुरीद हो गया। चक दे इंडिया। अमिताभ बच्चन ने लिखा , इंडियाााााा इंडिया। ठोक दिया आस्ट्रेलिया को। शानदार जीत। बधाई बधाई बधाई। शरीर पर हमले। चोट। नस्लीय टिप्पणियां। अतुल्य भारत। अक्षय कुमार ने लिखा , टीम इंडिया को शानदार प्रदर्शन पर बधाई। प्रतिकूल परिस्थितियों में मिली जीत। इतिहास रच दिया। वाकई चैम्पियन। रणवीर सिंह ने लिखा , ऐतिहासिक जीत। क्या प्रयास था। गौरवान्वित हूं। अनिल कपूर ने लिखा, ऐतिहासिक जीत। अजिंक्य रहाणे को ऐसी युवा टीम की कप्तानी पर बधाई। शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा और ऋषभ पंत की शानदार पारियां। दक्षिण भारत के सुपरस्टार महेश बाबू ने लिखा, एक बार फिर इतिहास रचाा गया। गाबा का किला फतह। अभी भी नींद में हूं। इस दिन को लंबे समय तक याद रखूंगा। बधाई टीम इंडिया। मोहन लाल ने भी इस जीत को ऐतिहासिक बताकर टीम को बधाई दी। अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने लिखा, क्या जीत थी। गाबा फतेह। टीम इंडिया टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर।

# जुबैदा अच्छी कमाई नहीं कर पाई, लेकिन ये फिल्म मेरे लिए आज भी है खास : श्याम बेनेगल

**मुंबई।** एक अभिनेत्री एवं राजस्थान के एक राजा के अंतरधार्मिक विवाह की पृष्टभूमि पर बनी फिल्म जुबैदा 20 साल पहले रिलीज हुई थी तो बॉक्स ऑफिस पर बहुत कमाई नहीं कर पाई लेकिन इस फिल्म के निर्देशक श्याम बेनेगल के दिल में आज भी यह फिल्म एक खास स्थान रखती है क्योंकि यह भारत के सामंतवादी समाज से लोकतांत्रिक समाज में बदलाव को प्रतिबिंबित करती है। बेनेगल ने कहा कि वह जुबैदा बेगम के प्रति आकर्षित तब हुए जब उन्होंने अखबार में खालिद मोहम्मद का लेख पढ़ा और सोचा कि यह खुबसूरत प्रेम कहानी थी। उन्होंने बताया कि जुबैदा बेगम की पहली शादी से पैदा बेटा मोहम्मद , शुरुआत में बड़े पर्दे के लिए अपनी मां की कहानी बताने में संकोच कर रहे थे लेकिन बाद में उन्होंने उसे बताया और इस किरदार को पर्दे पर करिश्मा कपूर और मनोज वाजपेई ने निभाया व वर्ष 2001 में इसी नाम से फिल्म रिलीज हुई। फिल्म में राजकुमार की पहली पत्नी का किरदार रेखा ने निभाया।



जुबैदा फिल्म के रिलीज की 20वीं सालगिरह के मौके पर पीटीआई-भाषा को दिए गए साक्षात्कार में बेनेगल ने कहा, उसमें काम करने वाले किसी ने नहीं कमाया। मैं नहीं मानता कि किसी ने भी फिल्म को पैसे के लिए किया लेकिन फिल्म ने राष्ट्रीय अवार्ड जीता।

फिल्म के निर्देशक बेनेगल ने कहा, ...मैं नहीं मानता कि फिल्म ने वित्तीय मामले में अच्छा किया। हम खुश हैं कि जिस तरह से सब हुआ। मैं नहीं मानता कि फारूख रत्तनोसे (निर्माता) खुश थे, वह इससे बहुत पैसा कमाने की उम्मीद कर रहे थे। उन्होंने इस फिल्म में अभिनेत्री जुबैदा बेगम और जोधपुर के महाराजा हनवंत सिंह की प्रेम कहानी को उतारा था। इस दंपति की मौत भारत के पहले लोकसभा चुनाव में सिंह की लगभग निश्चित जीत की खुशी मनाने के लिए निजी विमान से जाने के दौरान हुई। उनका विमान 26 जनवरी 1952 को दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और विमान को सिंह उड़ा रहे थे। बेनेगल ने पुराने दिनों की याद करते हुए कहा कि आजादी से पहले उनका जन्म भी हैदराबाद में हुआ था। उन्होंने बताया कि जुबैदा उन्हें उनके अपने दिनों की याद दिलाती है जब वह अपने आसपास बदलाव महसूस कर सकते थे।

# बेन एफ्लेक और एना डी अरमास अलग हुए

भाषा। लॉस एंजिलिस

**हॉलीवुड** जोड़ी बेन एफ्लेक और एना डी अरमास ने डेटिंग शुरू करने के सिर्फ एक साल बाद ब्रेकअप कर लिया। दोनों कलाकारों की आगामी थ्रिलर फिल्म 'डीप वॉटर' के सेट पर मुलाकात हुई थी



और जल्द ही दोनों ने डेटिंग शुरू कर दी थी। इनके एक करीबी सूत्र ने पीपुल पत्रिका को बताया कि 32 वर्षीय अरमास ने अपने रिश्ते को समाप्त करने का फैसला किया क्योंकि लॉस एंजिलिस में स्थाई रूप से रहने की उनकी कोई योजना नहीं है। सूत्र ने बताया, बेन अब एना को डेट नहीं कर रहे हैं। उन्होंने इसे तोड़ दिया। उनका रिश्ता जटिल था। एना लॉस एंजिलिस में रहना नहीं चाहतीं और बेन के बच्चे लॉस एंजिल्स में रहते हैं। एक अन्य सूत्र ने बताया कि जोड़ी का ब्रेक अप आपसी समझदारी से और पूरी तरह से सौहार्दपूर्ण स्थिति में हुआ है। एफ्लेक की शादी पहले अभिनेत्री जेनिफर गार्नर से हुई थी, जो 2005 से 2018 तक चली। दोनों के तीन बच्चे 14 वर्षीय वायलेट, 11 वर्षीय सेराफीना और आठ वर्षीय बेटा सैमुअल हैं।

# सलमान की फिल्म राधे ईद पर होगी रिलीज



**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान ने इस साल ईद के मौके पर सिनेमाघरों में राधे-योर मोस्ट वांटेड भाई की रिलीज की पुष्टि कर दी है। प्रभुदेवा के निर्देशन में बनी यह फिल्म पिछले साल 22 मई को ईद के मौके पर रिलीज होने वाली थी लेकिन कोविड-19 महामारी और लॉकडाउन के वजह से यह फिल्म रिलीज नहीं हो पाई। पिछले महीने अभिनेता ने अपने जन्मदिन पर कहा था कि दर्शकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह फिल्म ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। ट्विटर पर 55 वर्षीय अभिनेता ने विलंब से जवाब देने के लिए सिनेमाघरों के मालिकों से माफी मांगी है। सिनेमाघरों के मालिकों ने उनसे अपील की थी कि वे इस फिल्म को सिनेमाघर में रिलीज करें। खान ने एक बयान में कहा, इस कठिन समय में यह एक बड़ा फैसला था। सिनेमाघर के मालिकों और सिनेमा दिखानेवालों की वित्तीय परेशानियों को मैं समझ सकता हूं और मैं राधे को सिनेमाघर में रिलीज करके उनकी मदद करना चाहूंगा। अभिनेता ने कहा कि वह चाहते हैं कि सिनेमाघरों के मालिक कोविड-19 सुरक्षा निर्देशों का कड़ाई से पालन करें।



## क्विक न्यूज

### तकनीकी सहायक संघ एवं मनरेगा सहायक संघ के बैनर तले दो दिवसीय सांकेतिक हड़ताल



**छुरिया।** प्रदेश में सचिव एवं रोजगार सहायक संघ पिछले कई दिनों से हड़ताल में है। इसी क्रम में तकनीकी सहायक संघ एवं मनरेगा अधिकारी कर्मचारी महासंघ ने 2 दिनों का सांकेतिक हड़ताल शुरु की है। 20 जनवरी को धरना प्रदर्शन एवं 21 जनवरी को रैली के माध्यम से अपनी मांगों को सरकार के सामने रखा जा रहा है। संघ का कहना है कि संविदा कर्मचारी अपने भविष्य की चिंता में आंदोलन करने के लिए मजबूर हैं। संघ की मांगों में समस्त मनरेगा अधिकारी कर्मचारियों को 62 वर्ष की जॉब सुरक्षा करते हुए समान काम समान वेतन दिया जाना शामिल है। इसके अलावा पंचायत कर्मी नियमावली लागू करते हुए निलंबन का प्रावधान किए जाने की भी मांग है। वहीं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में रिक्त समकक्ष के पदों में मनरेगा अधिकारी कर्मचारियों को समायोजित किए जाने की मांग भी शामिल है।

# नेताओं को तोड़फोड़ का डर इसलिए अब तक शुरु नहीं हो सका मुख्य मार्ग का काम

- **कायाकल्प को तरसता छुरिया डोंगरगांव मुख्य मार्ग**

पायनियर संवाददाता ‹ छुरिया
www.dailypioneer.com



दिग्गजों की मौजूदगी के बाद भी छुरिया इलाका मूलभूत जरुरतों से अछूता है। क्षेत्रीय नेताओ, विधायक व मंत्री द्वारा आसपास के गांव के छोटे-छोटे पुल पुलिया, सीसी रोड, नाली निर्माण, तालाब गहरीकरण, प्रधानमंत्री ग्राम सक एवं अन्य छोटे-छोटे कार्यो की स्वीकृति कराकर ही संतुष्ट हैं। इसके विपरित एक समय मे छुरिया नगर के समकक्ष डोंगरगांव, अंबागढ़ चौकी, डोंगरगढ़ आज छुरिया को पीछे छोड़ कर विकास कार्य व सड़क निर्माण के मामले में बहुत आगे बढ़ चुके है।

विगत कुछ वर्षों पूर्व भाजपा शासन काल में छुरिया-डोंगरगांव मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण करने हेतु प्रयास किया गया था। कुछ स्थानीय भाजपा-कांग्रेसी नेताओं के मकान अतिक्रमण के जद में आने की वजह से उक्त चौड़ीकरण के कार्य को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। स्थानीय विधायक श्रीमती छन्नी साहू द्वारा इस विषय पर आश्वासन दिए लगभग एक वर्ष बीत गए। ऐसा प्रतीत होता है कि पूर्व के नेताओ की तरह यह भी सिर्फ आश्वासन बनकर रह जायेगा। इस चौ?ीकरण के कार्य मे अभी तक एक फाइल भी आगे नहीं बढ़ी है।

स्थानीय विधायक एवं राज्य सरकार सत्तापक्ष के ही है। स्थानीय नागरिकों की मांग है कि क्षेत्रीय विधायक को इस विषय पर अतिशीघ्र पहल करते हुए विकास की दिशा में विशेष उपलब्धि हासिल करनी चाहिए जो पूर्व के नेता नही कर पाए वो क्षेत्रीय विधायक को करना चाहिए। नगर की यह प्रमुख समस्या है जिससे आवागमन एवं ट्रैफिक की असुविधा एवं जाम की स्थिति प्रतिदिन बनी रहती है।

शायद छुरिया-डोंगरगांव मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण से अध्यक्ष का आशियाना भी जद में ना आ जाए इस डर से उन्होंने भी इस ओर पहल नहीं की है। बहरहाल क्षेत्रीय विधायक को इस पंचवर्षीय में छुरिया डोंगरगांव मुख्य मार्ग चौड़ीकरण कराकर विशेष उपलब्धि हासिल करनी चाहिए एवं इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के क्रम में रखना चाहिए ताकि लोगों आवागमन की सुविधा के साथ राहत मिले।

नगर पंचायत छुरिया नगर का स्वरूप नहीं ले पा रहा है। नगर पंचायत बने 12 साल लगभग हो गया है। इसके बावजूद नगर पंचायत शहरीकरण के रूप में नहीं दिखता है। इसका कारण स्थानीय जनप्रतिनिधियों की अनदेखी कहीं जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी सब अपने-अपने स्वार्थ सिद्ध करने में लगे रहते हैं।

0 वर्सन

नए बजट में इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए जोड़ा जाएगा व इसे पूर्ण करने हेतु प्रयास जारी हैं।

छन्नी चंदू साहू, विधायक
खुज्जी विधानसभा क्षेत्र

# आबादी भूमि की हो रही हेराफेरी, लाखों में हो रहा सौदा

- **सोमनी पंचायत जनप्रतिनिधियों ने की शिकायत, वर्षों से खाली पड़ी है जमीन**

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत सोमनी में आबादी पट्टा भूमि को अवैध तरीके से बेचे जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पंचायत ने कलेक्टर टीके वर्मा से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत सोमनी के अधीन आबादी पट्टा भूखंड को कुछ लोगों द्वारा अवैध तरीके से कागजी कार्रवाई कर बेचा जा रहा है।

पंचायत की ओर से की गई शिकायत में उल्लेख है कि लगभग 20 वर्ष पूर्व गरीब तबके के ग्रामीणों की बसाहट को आबादी भूमि का पट्टा दिया गया था। यहां कई ग्रामीण आवास बनाकर निवास कर रहे हैं। यहां कई आबंटित प्लॉट अब भी खाली पड़े हैं। इन्हें कुछ धनाढ्य व्यक्तियों अवैध तरीकों से बेचा जा रहा है। इस मसले को लेकर पंचायत ने आपत्ति दर्ज कराई है। शिकायत आ रही है कि उक्त भूखंडों को उच्चे दामों पर बेचने का सिलसिला लगातार चल रहा है।

शिकायत आई है कि बरसों से खाली पड़े ऐसे प्लॉट कागजों पर ही लगातार बेचे जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि एक ही प्लाट को कई दफा कागजों में खरीदी बिक्री की जा रही है। ऐसे ही एक प्रकरण में कई वर्षों पूर्व हरिकिशन डागा के विरुद्ध कलेक्टर के आदेश के बाद एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके बाद से ही ऐसे भूखंडों की खरीदी बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। नियम के अनुसार आबादी भूमि के आबंटन के दो वर्ष के भीतर अगर रिक्त भूमि पर निर्माण नहीं किया जाता है तो वह पुनः स्वतः ही शासकीय भूमि मानी जाती है। ऐसे भूखंड का क्रय-विक्रय अपराध की श्रेणी में आता है। इन नियमों के बावजूद बखौफ यह अवैध गोरखधंधा किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बालिका छात्रावास के पास मौजूद ऐसी जमीनों का सौदा 20 से 25 लाख रुपए तक में किया जा रहा है। इन भूखंडों की खरीदी बिक्री को लेकर जांच शुरु होने पर ऐसे कई मामले सामने आएंगे।

# भोलापुर में कॉर्क बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ‹ छुरिया
www.dailypioneer.com



ग्राम भोलापुर में बीसीसी क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में निशुल्क स्मृति कप कॉर्क बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 20 जनवरी से किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राजिन्दर पाल भाटिया एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि घासी साहू के आतिथ्य में शुभारंभ किया गया।

बीसीसी क्रिकेट क्लब के पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत सम्मान बैच, पुष्पगुच्छ एवं तिलक लगाकर किया। अतिथियों जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि घासी साहू ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि कॉर्क बाल से खेल खेलने वाले खिलाड़ियों का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में चयनित होते हैं। ऐसे आयोजन से प्रतिभावान खिलाड़ियों का उदगार होता है। खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का बहुत बढ़िया माध्यम है।

इस अवसर पर बीसीसी क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष शीशपाल साहू, सचिव दिलीप सिन्हा, कोषाध्यक्ष धनी दास साहू, उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू ,कोषाध्यक्ष देव नारायण साहू, कप्तान भोजेश चतुर्वेदी, राज नारायण साहू ,ओम प्रकाश साहू, युकेश धृतलहरें ,चंद्रहास साहू ,बाबी पांडे, सोहन साहू ,नादेश्वर साहू, मनीष कुमार, महेंद्र साहू, बीरबल साहू, दामोदर दुबे, सुनील चतुर्वेदी,डेमन सिन्हा, राकेश कुमार, खिलावन, परसराम साहू, सत्येंद्र साहू ,चंद्रेश साहू, टेकराम साहू, नरेश साहू ,मुकेश कुमार साहू, हिर्दय राम साहू, कुमार चतुर्वेदी, राजेश नेताम, सुभाष साहू, हरदीप, सुमित कुमार, सुभाष ,सोनू पांडे एवं बड़ी संख्या क्रिकेट प्रेमी गण उपस्थित थे।

# डॉ. रमन ने दी 55 लाख की स्वीकृति, नेता प्रतिपक्ष ने किया आभार व्यक्त

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नगर निगम नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु के नेतृत्व में भाजपा पार्षद दल ने राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह से मिलकर विधायक निधि से नगर के विभिन्न वार्डो में विकास कार्य हेतु राशि स्वीकृति प्रदान करने पर राजनांदगांव की जनता एवं भाजपा पार्षद दल की तरफ से आभार व्यक्त किया। नगर विकास के लिए भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा व्यक्त किया गया। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने विस्तार पूर्वक बताया की विधायक निधि से जिन वार्डो में कार्य कराये जाने है उसमें 3 लाख रू.शेड निर्माण शीतला मंदिर के पास वार्ड क्र. 43 चंद्रा कालोनी, 3 लाख रू. अतिरिक्त कक्ष निर्माण, सतनाम भवन के पास वार्ड क्र.44 कौरीनभाठा, 3 लाख रू. सी.सी.रोड सह नाली निर्माण वार्ड क्र.02 दीवानटोला, 3 लाख रू. सी.सी.रोड सह नाली निर्माण वार्ड क्र.09 शंकरपुर, 3 लाख रू. सी.सी.रोड सह नाली निर्माण वार्ड क्र.03 मोतीपुर, 3 लाख रू. सी.सी.रोड सह नाली निर्माण वार्ड क्र.08 मोतीपुर, 3 लाख रू. अतिरिक्त कक्ष निर्माण ,सामुदायिक भवन के पास वार्ड क्र.16 लेबर कालोनी, 3 लाख रू. नाली निर्माण वार्ड क्र.17, 5 लाख रू. सी.सी. रोड सह नाली निर्माण 36 ब्लॉक में वार्ड क्र.19, 5 लाख रू. सामुदायिक भवन निर्माण, इंदिरा सरोवर के पास वार्ड क्र.28 तिलक वार्ड, 3 लाख रू. सी.सी.रोड निर्माण वार्ड क्र.36 सेठी नगर लखोली, 4 लाख रू. सामुदायिक भवन शीतला मंदिर के पास वार्ड क्र.48 नंदई, 3 लाख रू. सामुदायिक भवन चण्डी मंदिर के पास वार्ड क्र.29, 5 लाख रू. सामुदायिक भवन निर्माण वार्ड क्र.25 शीतला वार्ड, 4 लाख रू. सामुदायिक भवन निर्माण वार्ड क्र.26 सूर्यमुखी वार्ड, 2 लाख रू. उद्यान में बगीचा निर्माण सांई मंदिर के पास वार्ड क्र.31 जनता कालोनी शामिल है।

# ओछी राजनीति कर रहे कांग्रेसी : लीलाधर

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भाजपा नेता लीलाधर साहू ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के पोस्टरों को फाड़े जाने की निंदा की है। उन्होंने कहा कि गोद ग्राम पंचायत नवागांव का यात्री प्रतीक्षालय जिसे भाजपा के शासन काल में बनवाया गया था। वर्तमान में भी डॉ. रमन सिंह ही राजनांदगांव के विधायक हैं। तब भी महज राजनीतिक, व्यक्तिगत विद्वेष का दृष्टिकोण अपनाते हुए यात्री प्रतीक्षालय में लगे हुए डॉ. रमन सिंह एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बैनर को अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा बलपूर्वक फाड़ा जा रहा है। लीलाधर ने कहा कि विकास कार्य करने के बजाय कांग्रेस के ये छोटे नेता अब ऐसी घिनौनी हरकतों पर आमादा हो गए हैं। कांग्रेस को सत्ता में रहते हुए विकास कार्यों पर ध्यान देना चाहिए वह पूर्व में डॉ. रमन सिंह द्वारा करवाए गए विकास कार्यो पर अपनी फोटो चिपकाकर उसे अपनी उपलब्धि बताने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। सिर्फ नाम की राजनीति करने वाले कांग्रेसियों की यह ओछी हरकत बेहद ही निंदनीय व शर्मनाक है, काम की बजाय झूठे बैनर व पोस्टर की राजनीति करने वालो को शर्म आनी चाहिए और तो और इस शर्मनाक कृत्य को कलेक्टर का आदेश बताकर जनता पर दबाव भी डाला जा रहा है। भाजपा ग्रामीण मंडल द्वारा इसका पुरजोर विरोध करता है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू मानस मंच पर सम्मानित हुईं

पायनियर संवाददाता ‹ छुरिया
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने छुरिया क्षेत्र के ग्राम चिरचारीखुर्द, साल्हे (मनहोरा), आतरगांव (डोंगरगांव) एवं ग्राम खैरझिटी (राजनांदगांव) में आयोजित दो दिवसीय गान महोत्सव - सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप शामिल हुई। आयोजक समिति द्वारा मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू को शाल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। ग्राम सल्हे में रामायण प्रतियोगिता मुख्य अतिथि राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने किया अध्यक्षता हिरेंद्र साहू जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा, कैलाश शर्मा जिला अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा, बोधन साहू महामंत्री भाजपा मंडल , कमल नारायण सिन्हा, लोकेश नायक, संत्री बाई सरपंच सल्हे सुरज राम पटेल एवं अन्य ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। चिरचारी खुर्द में सियाराम मानस प्रचार समिति एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा दो दिवसीय मानस महोत्सव एवं मानस सम्मेलन का 31 वां वर्ष है। आयोजक समिति द्वारा अतिथियों का स्वागत सम्मान पुष्प-गुच्छ एवं गुलाल लगाकर के लगाकर किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम पर मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, एमडी ठाकुर, राजेंद्र पाल भाटिया , जनपद उपाध्यक्ष एकांत चंद्राकर, सरपंच चित्ररेखा साहू, आत्माराम चंद्रवंशी, मेहतरू राम नेताम ,दिलेश्वर साहू, गौतम डोगरे, नरसिंह साहू, पूरा लाल साहू, मन्नू लाल साहू विषम लाल साहू उमेश्वर साहू डूमेश्वर साहू एवं अन्य ग्रामीण जन बड़ी संख्या उपस्थित रहे। इसी तरह से ग्राम आतरगांव में जनपद उपाध्यक्ष एकांत चंद्राकर, जनपद सदस्य बिरेंद्र कुमार, सरपंच सुनीता बखरे, हेमंत कौशल सरपंच ग्राम पंचायत पदगुड़ा, श्रीमती कुलेश्वरी पंच, रामा निषाद उपसरपंच, खमेश्वर, चम्मन चौरे, निर्मला साहू , ब्रह् लाल कंवर, जीवन लाल साहू ,ऋतुराज साहू, एवं अन्य उपस्थित थे।

# आयुष स्वास्थ्य मेले में 310 मरीज हुए लाभान्वित

पायनियर संवाददाता ‹ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



अंचल के ग्राम बरगांव चारभाठा में संचालनालय आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) के लिए मेला आयोजित हुआ। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार ज़िला आयुर्वेद अधिकारी राजनांदगाँव डॉ अरविंद मरावी के मार्गदर्शन में आहुत आयुष स्वास्थ्य मेला में 310 मरीजों का परीक्षण व उपचार सहित औषधि वितरण किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्यअतिथि सुयश नाहटा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगांव, वासुदेव भंडारी सरपंच, निर्मला ग़ोरे उपसरपंच, शिव कुमार लाटिया, मोतीराम पिस्दा ग्राम पटेल, देवलाल पटेल, रतिराम साहू, नेमा बाई नायक, सावित्री बाई देवांगन, मथुरा बाई, संवल दास साहू , कन्हैया नायक एवं शिविर प्रभारी नरोत्तम नेताम के द्वारा भगवान धन्वन्तरि की पूजा अर्चना किया गया। इस शिविर में 310 मरीज़ों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क आयुर्वेद औषध प्रदान किया गया। इस शिविर में डॉ नरोत्तम नेताम (एम डी आयुर्वेद), डॉ अनिरुद्ध पटेल, डॉ अन्नपूर्णा मिश्रा, डॉ दिनेश कुमार सोनी, डॉ हर्षा बरैया एवं फ़ार्मेसिस्ट धिराजी सिन्हा, गेफ़राम सिन्हा, नरेश साहू, सरोज़लता देवांगन, सविता जूरेशिया, बिसाहू राम ठाकुर, छगनलाल मालेकर, औषधालय सेवक दीपक कोर्राम, दुजलाल कुंजाम, सोमकांत चंद्राकर, सुरेश पटेल, हँसु राम भुआर्य आदि ने अपनी सेवाएं दी ।

# कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली के साथ पार्षद दल ने की अनुविभागीय अधिकारी से मुलाकात

- **नगर निगम अंतर्गत वार्डो में पट्टा विहीन को पट्टा दिलाने की रखी मांग**

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नगर निगम राजनांदगांव अंतर्गत वार्डो में सर्वे कर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना राजीव गांधी आश्रय योजना अंतर्गत पट्टा विहीन मकानों को योजना से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। इसको लेकर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष आशिफ अली सहित पार्षद दल ने अनुविभागीय अधिकारी से मुलाकात की है। साथ ही पट्टा विहीन मकानों को मुख्यमंत्री के मंशा अनुरूप न्याय दिलाने शीघ्र से शीघ्र जांच करने शिविर आयोज करने व पट्टा वितरण करने के सम्बंध में बात रखी। आसिफ ने कहा कि जिनका सर्वे हो चुका है और अब तक उनका पट्टा हितग्राही सूची में नाम नही आया है ऐसे मकानों की जांच की जावे एवं उन्हें भी योजना के लाभ से जोड़ा जावे। अनुविभागीय अधिकारी ने पार्षद दल को आश्वस्त कर ऐसे लोग जिनका सर्वे हुआ है और सूची में नाम नही है। ऐसे पट्टा विहीन हितग्राहियों की सूची माँगी है जिसपर जांच कर कार्यवाही किये जाने की बात कही है।

**अवैध बताया जाता रहा है ठाकुर टोला स्थित टोल प्लाजा**

# टोल प्लाजा के खिलाफ निर्णायक लड़ाई, हाईकोर्ट ने कंपनी से मांगा जवाब

- **एसोसिएशन, यूनियनों ने दाखिल की है याचिका**

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



मिनी बस एसोसिएशन के रईस अहमद शकील की अगुवाई में ठाकुर टोला स्थित टोल प्लाजा को लेकर निर्णायक लड़ाई शुरु हो गई है। शहर से करीब 10 किमी दूर दुर्ग रोड में स्थित ठाकुरटोला में संचालित टोलप्लाजा को हटाए जाने संबंधी हाईकोर्ट में याचिका दायर होने के बाद नांदगांव शहर के नांदगांव चेम्बर ऑफ कामर्स, बस आपरेटर समेत दीगर यूनियन हुए एकजुट हो गए हैं।

शकील ने बताया कि हाईकोर्ट ने याचिका को स्वीकार कर टोल कंपनी समेत केंद्रीय परिवहन मंत्रालय से दो सप्ताह में जवाब मांगा है। कंपनी की मनमानी से नांदगांव का व्यापारी वर्ग बेहद परेशान रहा है। महज 30 किमी की दूरी में स्थित दुर्ग बायपास के टोलप्लाजा में भी वाहन चालकों को टैक्स चुकाना पड़ता था। यानी उक्त दूरी में दो बार टैक्स लेकर टोल प्रबंधन व्यापारियों समेत दूसरे वर्ग को खुलेआम चपत लगा रही थी। मामले को लेकर रईस अहमद शकील ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की जिसमें उन्होंने टोल प्रबंधन की अवैध वसूली को लेकर शिकायत की।

प्रथम दृष्टया हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता के द्वारा पेश किए गए तथ्यों को सही मानते हुए सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। बताया जा रहा है कि हाईकोर्ट में मामले के स्वीकृत होते ही सभी वर्ग अब एकजुट होकर टोलप्लाजा को हटाने के लिए जुट गए हैं। नियमानुसार उक्त टोलप्लाजा नागपुर रोड स्थित टप्पा से संचालित होना था। इस मुद्दे को लेकर लगातार शहरी जनता आवाज उठाती रही है। राजनीतिक रूप से इस मामले को जनता के हित में नजर अंदाज किया गया।

गौरतलब है कि आक्रोशित लोगों ने सालभर पहले टोलप्लाजा में तोडफोड़ कर दी थी। इसके बाद से राजनांदगांव पासिंग गाडियों का टैक्स फ्री किया गया था। हालांकि आए दिन टोल प्रबंधन की ओर से आवाजाही के दौरान वाहन चालकों को परेशान किया जाता है। बताया जा रहा है कि वहीं शहरवासी शुरू से ही टोलप्लाजा का विरोध कर रहे हैं। टोल के लिए टप्पा में जमीन अलॉट है। इसके बाद भी कंपनी ने वहां टोल नहीं लगाया।

**न्यायालय नजूल अधिकारी (नजूल जांच) राजनांदगांव (छ.ग.)**

राजस्व मामला क्रमांक 202101093700017/अ-6/वर्ष 2020-21

-:: ईश्तहार ::-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलीप आ. स्व. रामजी धनकर, निवासी कौरिनभांठा वार्ड नं. 44, राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला कौरिनभाठा स्थित शीट क्रमांक 16 ए भूखण्ड क्रमांक-53, क्षेत्रफल 490.00 वर्गमीटर जो कि धारकगण दिलीप, रामकुमार, ललीता आ. स्व. रामजी वो सखाराम आ. स्व. मोतीराम, बिसालीराम, जीवनलाल, महेश, राहीबाई आ. धोसूल, सुनीति आ. रोहीत, फूलूबाई ध.प. स्व. रोहित, राजेन्द्र, दिनेश, दिलेश्वर गीताबाई सभी के पिता अवधराम, ढेलाबाई बेवा धोसूल गडरिया, निवासी कौरिनभांठा राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेखों में दर्ज है। उक्त भूखण्ड के सहधारिका ढेलाबाई बेवा धोसूल की मृत्यु दिनांक 10.11.2020 को होने से उनके वारिसों का नाम पूर्व से दर्ज होने के फलस्वरूप आवेदित भूखण्ड/मकान पर भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 110 के अंतर्गत नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते हैं. पेशी तारीख 28.01.2021 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11.1.21 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 134 ब/121 वर्ष 2020-21

-:: ईश्तहार ::-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेश्वर सिंह जंघेल पिता देवीलाल जंघेल जाति लोधी निवासी ग्राम ठाकुरटोला तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवदेन पेश किया गया है कि आवेदक के नाम से ग्राम ठाकुरटोला में ख.नं. 11/4 रकबा 0.809 हे. भूमि स्थित है। जिसकी मूल ऋण पुस्तिका कहीं गुम हो गई है। जिसको आवेदक द्वारा बहुत खोज-बीन किया गया। लेकिन कहीं प्राप्त नहीं हुआ। अतः आवेदक को डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किया जावे।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 29.01.2021 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.मा.क्र. / 202007091900049/अ-27/वर्ष 2019-20

-:: ईश्तहार ::-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक अघनू आ. भुखऊ जाति यादव निवासी बोधीटोली डोंगरगांव द्वारा बी-1 की नकल प्रस्तुत कर ग्राम मटिया में स्थित स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 106/3.330/7 शामिल 330/10 रकबा 0.081 हे. 0.038 हे. कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.119 हे. दर्ज व स्थित है उक्त भूमि को आवेदक अघनू अनावेदकगण सुरेशकुमार, उमेन्द्रकुमार, प्रेमकुमार के मध्य आपसी बंटवारा हो चुका है, जिस पर काबिज कास्त करते आ रहे हैं, उक त भूमि को आपसी बंटवारा एवं कास्त कब्जानुसार खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन मय बी-1 की नकल पेश किया है। आवेदन पत्र के आधार पर हल्का पटवारी से पक्षकार के मध्य फर्द बंटवारा निम्नानुसार है।

**भूमिस्वामी का नाम पता**-अघनू पिता भूखऊ जाति रावत साकिन बोधीटोला, **रकबा**-खसरा 106/3, 330/7, **रकबा (हे.)**-0.081 हे., 0.030हे. **कुल रकबा**-0.119, **प्रथम पक्षकार-अघनू आ. भुखऊ, हेमलता आ. अघनू-खसरा**-106/3, **रकबा (हे.)**-0.081, **द्वितीय पक्षकार-सुरेश आ. अघनू, खसरा**-330/7, का टु., **रकबा (हे.)**-0.013, **तृतीय पक्षकार-उमेद आ. अघनू, खसरा**-330/7 का टु., **रकबा (हे.)**-0.013, **चतुर्थ पक्षकार प्रेमकुमार आ. अघनू, खसरा (हे.)**-330/7 का टु., **रकबा**-0.012 .

**(विस्तृत फर्द बंटवारा संलग्न है)**

उक्त फर्द बंटवारा के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 27.01.2021 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर से जारी।

**जारी दिनांक 12.01.2021**
**पेशी दिनांक 27.01.2021**

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगांव

## क्विक न्यूज

### दूसरे दिन 866 वाहनों के हेडलाइट पर लगाई गई काली पट्टी



**रायगढ़।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के द्वितीय दिवस यातायात पुलिस रायगढ़ द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सड़क पर उतर कर सभी प्रकार के वाहनों के हेडलाइट पर काला पट्टी मार्क किया गया। इस कड़ी में लगभग 311 दोपहिया, 175 चार पहिया, 380 मध्यम एवं भारी वाहनो के हैंडलाइट काला किया गया। रात में अपर डिपर से होने वाले नुकसान से बचाव के लिए अति आवश्यक है। यातायात जागरूकता रथ के माध्यम से जिला मुख्यालय रायगढ़ के साथ थाना पुसौर एवं सरिया क्षेत्र अंतर्गत प्रचार प्रसार कर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया पांप्लेट बैनर पोस्टर वितरण किया गया है।

# सरकार को किए वादे का याद दिलाने भाजपा 22 को पूरे प्रदेश में धरना देकर कलेक्ट्रेट का घेराव करेगी

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



किसानों की धान खरीदी की समस्या को लेकर और राज्य की कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए वादे को याद दिलाने के लिए भारतीय जनता पार्टी पूरे प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में 22 जनवरी को धरना प्रदर्शन के बाद कलेक्ट्रेट का घेराव करेगी राज्य सरकार की किसानों से धान खरीदी की मंशा ही नहीं है।

उक्त जानकारी भाजपा नेता पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने सांसद अरुण साव भाजपा के प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सावन्नी जिला भाजपा अध्यक्ष रामदेव कुमावत की उपस्थिति में जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए दी और कहा कि छत्तीसगढ़ में धान का मुद्दा राजनीतिक व आर्थिक रूप से हमेशा रहा है जबकि कांग्रेस ने किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए कभी प्रयास नहीं किया क्योंकि यह कांग्रेस के एजेंडे में कभी नहीं रहा ।कांग्रेसने वर्ष 90 से अपनी राजनीतिक इच्छा पूर्ति के लिए किसानों के बारे में सोचना शुरू किया जबकि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा किसानों के हित में सोचा है । वर्ष 2018 में भी प्रदेश के मतदाताओं और किसानों ने कांग्रेस पर विश्वास नहीं किया था लेकिन कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की उपस्थिति में गंगाजल हाथ में लेकर कसम खाई थी कि किसानों को धानका समर्थन मूल्य 2500 देंगे मगर सत्ता में आते ही कांग्रेस अपने वादे से पीछे हट गई ।

पहला साल इस सरकार ने 25 सो रुपए न देकर केंद्र सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य दिया और बाकी राशि चार किस्तों में राजीव गांधी न्याय योजना के तहत देने की घोषणा की मगर आज भी चौथी किस्त किसानों को नहीं मिल पाया है सरकार के मंत्री श्री सिंह देव ने कहा था कि 30 सितंबर तक किसानों को राशि नहीं मिलती है तो यह मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे देंगे एक मंत्री अगर ऐसी बात बोलता है तो ये माना जाता है की पूरी सरकार बोल रही है इस लिहाज से सिंहदेव सहित पूरी सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए।

अग्रवाल ने कहा कि इस साल सरकार की नियत धान खरीदने की नहीं थी इसीलिए धान खरीदी में 1 महीने विलंब किया। किसान अपना धान समर्थन मूल्य के बजाय बाहर बेच सके इस नियत को ध्यान में रखकर सरकार ने नवंबर के बजाय दिसंबर से धान खरीदी शुरू की लेकिन किसानों में इस बात को लेकर आक्रोश है कि उनके खेतों का रकबा कटौती कर दिया गया इसी तरह बारदाने की भी पर्याप्त मात्रा में आर्डर नहीं देने व भुगतान भी नहीं करने जैसी इस सरकार के निर्णय किसानों के लिए दुखदाई है मगर आरोप केंद्र सरकार पर लगाया गया ।इसी तरह बोरों की कमी के चलते किसानों को कह दिया गया कि से अपना बोरा ला सकते हैं किसान 30 से 35 में बोरा खरीद कर अपना धान सरकार को दे रहे हैं और किसान को सरकार बारदाने का सिर्फ 15 दे रही है। सरकार का यह भी आरोप है कि एफसीआई ध्यान नहीं उठा रही जबकि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 22 लाख चावल सरकार द्वारा एफसीआई को दिया जाता है और अभी भी 22 लाख मैट्रिक टन का आदेश आ चुका है ।सरकार एफसीआई को चावल की आपूर्ति नहीं कर रहा है पिछले वर्ष 2 मीट्रिक टन चावल एफ सी आई को नहीं दिया गया वह चावल कहां गया इसका कोई अता पता नहीं है।

उन्होंने कहां कि भाजपा शासनकाल में किसानों को उनकी धान की कीमत तीन-चार दिन के भीतर मिल जाया करती थी लेकिन इस सरकार ने भुगतान में काफी विलंब करते हुए दोषारोपण केंद्र सरकार पर लगा दिया है ।आत्महत्या करने वाले किसानों को यह सरकार मानसिक रोगी बता रही है ।सरकार को उनके किए वादे को पूरा कराने के लिए किसानों के हित में भारतीय जनता पार्टी 22 जनवरी को धरना प्रदर्शन करेगी भाजपा का यह मानना है कि किसानों को अब धान का समर्थन मूल्य राज्य सरकार 2800 देना चाहिए।

# गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर विधायक शैलेष पाण्डेय ने मत्था टेका



- शहर की खुशहाली व अमनचैन के लिए प्रार्थना की

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

सिक्खों के दसवें गुरु गोविन्द सिंह जी की जयन्ती पर शहर के गुरुद्वारों में शबद कीर्तन, लंगर आदि के आयोजन किए गए ,इस पावन अवसर शहर विधायक शैलेष पाण्डेय ने समर्थकों और कांग्रेस नेताओं के साथ दयालबंद गुरुद्वारा मे मत्था टेका और बिलासपुर की खुशहाली के लिये प्रार्थना की। इस अवसर पर नगर विधायक के साथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विजय केसरवानी ,रिन्कू छाबरा,सुरेंद्र छाबड़ा, मोती थावरानी , अमित नागदेव समेत अन्य साथी साथ थे। सिखों के दसवें और अंतिम श्रीगुरु गोविंद सिंह महाराज का पावन प्रकाश उत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बिलासपुर स्थित श्रीगुरु सिंह सभा गुरुद्वारा दयालबंद में विशेष दीवान सजाया गया है। इस शुभ अवसर पर हजूरी रागी जत्था भाई सुरेंद्र सिंह ,भाई नछत्तर सिंह, दरबार साहिब अमृतसर से बिलासपुर पहुंचे हैं, जिनका साथ भाई गुरनाम सिंह हजूरी जत्था गुरुद्वारा दयालबंद भाई मान सिंह हेड ग्रंथि दे रहे हैं, जिनके द्वारा यहां विशेष शब्द कीर्तन की प्रस्तुति दी गई । प्रातः 8.30 से 11.30 तक कथा कीर्तन का आयोजन किया गया।

# दीन-दुखियों की सेवा से मिलता है सुकून : उईके

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



हर व्यक्ति अपने जीवन में दीन-दुखियों की सेवा करें, इससे उन्हें जो सुकुन मिलेगा, वह और कही नहीं मिलेगा। गरीब असहायों की सेवा करने से जीवन मंगलमय होगा। यह उद्गार राज्यपाल अनुसुईया उईके ने चकरभाठा कैम्प के श्रीसिंधु अमरधाम आश्रम में आयोजित चालीहो महोत्सव में व्यक्त किया। चकरभाठा में संत सांई लालदास के चालीस दिवसीय मौनव्रत चालीहो महोत्सव में उईके शामिल हुई। उन्होंने झूलेलाल मंदिर में भगवान झूलेलाल का दर्शन कर प्रदेश के सुखः-समृद्धि के लिए कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संतों का दर्शन करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। जिन्होंने कड़ी साधना में रत् रहते हुए मौनव्रत का पालन किया। श्री सिंधु अमरधाम आश्रम पूरे सिंधु समाज की आस्था का केन्द्र है। ऐसे पवित्र स्थान पर उपस्थित होकर उन्हें भी गर्व की अनुभूति हो रही है। यह आश्रम श्रीसाईंलाल दास जी के समर्पण की मिसाल है। उईके ने कहा कि सिंध समाज ने विभाजन का दंश झेला है। स्वतंत्रता के समय ऐसी परिस्थितियां निर्मित हुई कि उन्हें अपना घर-बार सबकुछ छोड़कर अलग-अलग स्थानों में बसना पड़ा। उन्होंने एक नई शुरूआत की और अपनी जीवटता और अपने मेहनत के बलबूते सभी क्षेत्रों में एक मिसाल कायम की। उईके ने कहा कि समाज सेवा और दानशीलता की प्रवृत्ति सिंधी समुदाय की बड़ी देन है। गरीबों के लिए लंगर खोलना, प्यासों को पानी पिलाना, दीन-दुखियों की मद्द करना, ये बड़े काम सिंधी समुदाय के लोग करते हैं। श्रीसिंधु अमरधाम आश्रम द्वारा कई जनकल्याणकारी कार्य किये जा रहे हैं, जिनमें निर्धन कन्या विवाह, सामूहिक विवाह, गरीब सहायता कोष्ठ का संचालन जैसे कार्य शामिल है। साथ ही उनके द्वारा कोरोना काल में भी उल्लेखनीय कार्य किये जा रहे हैं, जो सराहनीय हैं।

# हाईकोर्ट ने सूचना आयोग तथा राज्य शासन को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

राज्य में सूचना का अधिकार के तहत ब्लॉक स्तर तक के प्रत्येक कार्यालय को लोक प्राधिकारी बनाये जाने के खिलाफ दायर याचिका पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की डबल बेंच यायाधीश पीआर रामचंद्रन मेनन एवं न्यायमूर्ति पी.पी. साहू ने छत्तीसगढ़ सूचना आयोग तथा राज्य शासन को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में के भीतर कोर्ट में जवाब देने को कहा है। याचिकाकर्ता रायपुर निवासी नितिन सिंघवी ने कोर्ट को बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग ने छत्तीसगढ़ के सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत ब्लॉक स्तर तक के प्रत्येक कार्यालय को लोक प्राधिकारी घोषित कर दिया है। इसे सूचना आयुक्त ने भी सही बताते हुए ब्लाक स्तर के कार्यालय में आवेदन लगाने के लिए आदेशित किया है। सिंघवी ने कहा कि पूरे प्रदेश में ब्लॉक स्तर तक अनेक कार्यालय हैं। ऐसे में राज्य सूचना आयोग तथा सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के बाद पूरे प्रदेश में अव्यवस्था का आलम हो गया है। आवेदक को सोचना पड़ता है कि वह आवेदन कहां लगाए? सूचना का अधिकार अधिनियम के अनुसार विभाग प्रमुख ही लोक प्राधिकारी हो सकता है। ऐसे में अब आवेदक छत्तीसगढ़ में किसी विभाग के ब्लॉक स्तर तक के किसी भी कार्यालय में आवेदन लगाकर उसी विभाग के दूसरे कार्यालय की जानकारी प्राप्त करना होगा। जैसे कि सिंचाई विभाग बीजापुर में आवेदक आवेदन लगाकर सिंचाई विभाग सरगुजा की जानकारी प्राप्त करना होगा और ऐसे में बीजापुर के जन सूचना अधिकारी को उसी के सरगुजा कार्यालय से जानकारी बुलाकर आवेदक को देनी पड़ेगी। अगर उसी विभाग के किसी ब्लॉक स्तर के कार्यालय में सूचना हो तो वहां से बुला करके देनी पड़ेगी। सिंघवी ने बताया कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 लागू होने के पश्चात वर्षों से अधिनियम के इस प्रावधान का पालन हो रहा था और आवेदक बिना कठिनाई के सूचना प्राप्त कर रहा था, परंतु राज्य सूचना आयुक्त के वर्ष 2018 के आदेश के बाद यह पता लगाने के लिए वह भटकता है कि जानकारी कहां होगी तथा आवेदन कहां लगाना है। याचिका में यह भी बताया गया की संभाग स्तर या जिला स्तर के नीचे के कार्यालय में सिर्फ सहायक जन सूचना अधिकारी ही रह सकते हैं जो सिर्फ आवेदन की पावती दे सकते हैं।

# ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पद से हटाये गए तैय्यब, विधायक पड़े भारी

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

शहर के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तैयब हुसैन को उनके पद से हटा दिया गया है। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। कांग्रेस की ओर से यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी पीएल पुनिया के निर्देश पर की गई है। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बिलासपुर दौरे के समय ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तैयब हुसैन और शहर के विधायक शैलेश पांडे के बीच तंज कशी को लेकर विवाद हो गया था। मामला इतना आगे बढ़ा की प्रदेश कांग्रेश को इसकी शिकायत विधायक शैलेश पांडे ने की थी। जिस पर तीन सदस्यीय जांच कमेटी बिलासपुर भेजी गई थी। जांच कमेटी ने पिछले दिनों बिलासपुर आकर विवाद के दौरान मौजूद 30 से अधिक लोगों के बयान लिए थे। जांच के बाद कमेटी ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी। इस रिपोर्ट के बाद अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के आदेश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्लॉक क्रमांक 1 बिलासपुर शहर तैयब हुसैन को तत्काल प्रभाव से पद मुक्त मुक्त कर दिया गया है। इस तरह का आदेश प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला ने 20 जनवरी की तारीख पर जा जारी कर दिया है ।

# रेहुटा में हुई हत्या के सभी 8 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



शहर से लगे ग्राम रेहुटा में 2 दिन पूर्व शराब दुकान के समीप विवाद के बाद हुई हत्या के संबंध में सिटी कोतवाली पुलिस मुंगेली ने खुलासा किया। जिसमें अजय जांगड़े 17 जनवरी के रात्रि करीब 10.45 बजे उनके घर आकर दरवाजा खोलवाकर बताया कि ग्राम रेंहुटा से कोदूकापा जाने वाले कच्ची सडक में वह संजय कुर्रे के साथ दिनांक 17 जनवरी के रात्रि 10.30 बजे शराब पी रहे थे तभी पुरानी हत्या की रंजीश को लेकर ग्राम रेंहुटा के बंगला जांगडे, पून्नुराम, राम खाण्डे, छुन्नू, भीखम, संजय, गोलू, हीरोसिंग एक राय हो कर टंगिया लाठी से लैश होकर मां बहन की गंदी गंदी गालियां देते हुए आये और सभी लोग जान से मार डालने की धमकी देते हुए बंगला जांगडे व संजय खाण्डे टंगिया से व अन्य लोग लाठी डण्डा से संजय कुर्रे के उपर प्राण घातक हमला कर मारपीट किये है एवं मै भागने का प्रयास किया तो मुझे भी टंगिया लाठी से मारपीट कर चोंट पहुचार्य है जिससे मेरे हाथ के छिनी उंगली कटकर फेंका गया है मै किसी तरह से जान बचाकर भागकर आया हूँ संजय कुर्रे मौके पर घायल पडा है बताया आहत अजय जांगडे खून से लथपथ था फिर मैं रिश्तेदारों को बुलवाकर अजय जांगडे को जिला अस्पताल भेजवाया फिर गांव वालों के साथ घटना स्थल कोदूकापा रोड जाकर देखे तो लाठी टंगिया से संजय को काफी मारपीट करने से खून बहा हुआ मौके पर मरा हुआ मिला कि सूचक की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर सघन जांच विवेचना किया गया विवेचना दौरान आरोपियों बंगला जांगडे पिता गुल्ली जांगडे उम्र 50 वर्ष,संजय कुमार पिता भीखम खाण्डे उम्र 34 वर्ष,गोलू खाण्डे पिता भीखम खाण्डे उम्र 25 वर्ष,भीखम खाण्डे पिता खेलन खाण्डे उम्र 60 वर्ष,छुन्नू उर्फचंद्र कुमार पाटले पिता स्व. अमरू पाल्ले उन्ना वर्ष,रामकुमार उर्फ रान खाण्डे पिता नथुवा दास खाण्डे उम्र 35 वर्ष, हीरो सिंह उर्फ पकलु पिता रामचंद बघेल उन 25 वर्ष,पुन्नुराम खाण्डे पिता शिवचंद खाण्डे उम्र 40 वर्ष सभी निवासी ग्राम रेंहुटा थाना सिटी कोतवाली मुंगेली के कब्जे से घटना में प्रयुक्त खून लगा हुआ टंगिया व लाठी जप्त कर आरोपियों को विधिवत् दिनांक 19 जनवरी को गिरफ्तार कर न्यायालय मुंगेली न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

# आम नागरिकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने निकली रैली




पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गतयातायात जन जागरूकता पैदल रैली निकाली गई । यातायात जन जागरूकता पैदल रैली में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) उमेश कश्यप , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) रोहित कुमार बघेल सड़क सुरक्षा समिति के समस्त सदस्य गण , एनसीसी के क्रेडिट एवं अधिकारीगण एनएसएस, समाज सेवी संगठन के सदस्यगण यातायात के अधिकारी एवं जवानों ने सड़क सुरक्षा माह के आज के यातायात जागरूकता पैदल रैली में शामिल होकर सत्यम चौक, अग्रसेन चौक, लिंक रोड,पुराना बस स्टैंड, तेलीपारा रोड ,कोतवाली चौक, छितौनी चौक, सिम्स चौक, मिशन हॉस्पिटल रोड, ईदगाह चौक, सिविल लाइन तिराहा होते हुए यातायात मुख्यालय सत्यम चौक में रैली समाप्त हुई ,शहर के मुख्य चौक चौराहे में यह जन जागरूकता रैली आम जनों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूप करते हुए स्लोगन, पोस्टर एवं पंपलेट के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। 20 जनवरी को शहर के प्रमुख चौक नर्मदा नगर चौक ,नेहरू चौक ,महामाया चौक में जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत आम जनता को वाहन चलाने के नियम तथा दुर्घटना के बचाव के संबंधी जानकारी नाटक एवं पोस्टर, पंपलेट के माध्यम से दी जायेगी।

# निगम ठेकेदार संजय की बढ़ी मुश्किलें

- अब पार्षद व नेताप्रतिपक्ष ने भी की एफआईआर करने की मांग

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



शहर के वार्ड 41 की पार्षद व नेता प्रतिपक्ष ने भी ठेकेदार को फर्जी भुगतान देने के मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर निगमायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। वार्ड 41 में दो पचरी निर्माण का ठेका संजय अग्रवाल को दिया गया था, लेकिन संजय अग्रवाल ने बिना किसी निर्माण के निगम में बिल पेश कर दिया। निगम के ईई अजित तिग्गा के विशेष कृपा पात्र संजय अग्रवाल को साठगांठ कर 3 लाख 80 हजार का बिल भुगतान कर दिया गया। बिना निर्माण कार्य के फर्जी भुगतान को बड़ी ही दबंगता से अंजाम दिया गया। मामला सामने आने के बाद आयुक्त ने कमेटी भी बनाई थी। जिसमे पूरा भुगतान फर्जी तरीके से होना पाया गया था, लेकिन निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद एमआईसी सदस्य विकास ठेठवार ने कलेक्टर से इस मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। इतना होने के बाद भी आयुक्त ने कोई कार्रवाई नहीं की। केवल आरोपियों को नोटिस मात्र दिया। जबकि साफ तौर पर मामला पुलिस में दिए जाने का था। इधर देर से ही सहीं नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी व वार्ड 41 की पार्षद शान्ति सिदार ने मंगलवार को आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंप कर ठेकेदार, ईई व इंजीनियर के खिलाफ पुलिस में प्रथम सूचना दर्ज कराने की मांग की है।

## 25 को 50 हजार लोग मुख्यमंत्री निवास का करेंगे घेराव, आत्मदाह का ज्ञापन सौंपा

# पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों का धरना प्रदर्शन 26 वें दिन भी जारी रहा

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



प्रदेश पंचायत सचिव के प्रांतीय आवाहन पर छत्तीसगढ़ के 146 जनपद पंचायत के पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन आज 26 वें दिन भी जारी रहा । पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक संघ के पदाधिकारी लगातार शासन प्रशासन से डेलिगेशन का प्रयास कर रहे हैं प परंतु शासन के द्वारा भी आज तक सचिव व ग्राम रोजगार सेवक संघ के मांगों पर कोई विचार नहीं किया जा गया है चर्चा के लिए नहीं बुलाया गया जिससे आक्रोशित होकर दोनों संगठन के कर्मचारी दिनांक 12जनवरी 2021 क्रमिक भूख हड़ताल में बैठ गये हैं । आज क्रमिक भूख हड़ताल के नवमें दिन जनपद पंचायत मुंगेली के सचिव नर्मदा सिंह राजपूत , गंगा प्रसाद कौशल, रामकुमार साहू, माधव साहू , हलधर पाल, कुमारी शांति अंचल रोजगार सहायक श्री हेमराज सप्रे, अनेश्वर, सुरेश साहू, मनीष कुमार, पीला राम साहू, श्री मती दीपमाला तंबोली ने अन्न जल त्यागकर धरना प्रदर्शन किये । प्रांतीय कमेटी द्वारी सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि यदि छत्तीसगढ़ सरकार 20 जनवरी 2021 तक हमारे मांगों को पूरा नहीं करती है तो समस्त पंचायत सचिव एवं समस्त रोजगार सहायक 21जनवरी से 24 घंटे रात दिन अपने धरना स्थल में क्रमिक भूख हड़ताल कर धरना प्रदर्शन किया जायेगा सचिव एवं रोजगार सहायक संघ के धरना से शासन के अंदर भुचाल आगया और हडताली साथियों के सुरक्षित आवास स्थल को प्रतिबंधित कर दिया गया जो जिससे दोनो संगठन में शासन के आक्रोश बढ गया है द्य25 जनवरी को सपरिवार लगभग 50000 की जन संख्या साथ उग्र प्रदर्शन करते हुए जंगी रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे कुछ सचिव साथी द्वारा आर पार का संघर्ष करते हुए आत्मदाह करने का ज्ञापन दिए हैं ।देने संघ के पदाधिकारियो ने कहा कि यदि सरकार निष्ठुरता पूर्वक हमारे हडताल का दमन करेगी तो हम जिस जगह में रहेंगे वहीं पर से सपरिवार आमरण अनशन करेंगे जेल भरो आंदोलन करेंगे और जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं हो जाती तब तक आंदोलन समाप्त नहीं होगा। सचिव व रोजगार सहायक के हड़ताल में चले जाने से पंचायतो में ताला लगा हुआ है जिससे ग्रामीण अंचल में टलने वाला राज्य एवं केन्द्र शासन की समस्त योजना तथा ग्राम विकास की सम्पूर्ण कार्य बंद हो गया है।

# गौठानों को स्वावलंबी बनाने होगा सोशल ऑडिट : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले के सभी गौठानों को स्वावलंबी बनाने के लक्ष्य को जल्द प्राप्त करने के लिये गोबर खरीदी से लेकर वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, गोकाष्ठ बिक्री का सोशल ऑडिट होगा। साथ ही जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा गौठानों में गोबर खरीदी और गोबर से बने उत्पाद की बिक्री संबंधित भौतिक सत्यापन करेंगे। गौठानों के स्वावलंबी बनने से गौठान समितियां स्वयं ही वर्मी कम्पोस्ट तथा गोबर से बने उत्पाद की बिक्री से मिले आय से ही अपनी आजीविका अर्जित करते हुए गोधन न्याय योजना के संचालन में सक्षम हो जाएगी जो कि योजना का मूल उद्देश्य भी है। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कही। बैठक में सभी सीईओ जनपद को उनके क्षेत्र के 5-5 सबसे ज्यादा गोबर की खरीदी और गोबर से बने उत्पादन की बिक्री करने वाले तथा सबसे कम गोबर खरीदी और गोबर से बने सामानों उत्पाद की बिक्री करने वाले समितियों पर फोकस करने के निर्देश कलेक्टर भीम सिंह ने दिए। कम बिक्री करने वाले समितियों के कार्यों में बढ़ोतरी करने कार्य योजना बनाने और कारणों पर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया। इसी तरह ज्यादा गोबर बिक्री एवं गोबर से बने उत्पाद बिक्री करने वाले समितियों को प्रोत्साहित करने की बात कही। कलेक्टर भीम सिंह ने जिले के सभी एसडीएम को धान खरीदी के अंतिम चरण में रकबा समर्पण का अनिवार्य रुप से पालन करने के निर्देश दिए। बैठक में पूर्व में हुई समय-सीमा की बैठक के एजेंडा कार्यवाही विवरण पर भी चर्चा की गई। इस पर मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन और जिले के लोगों को अधिक से अधिक जांच और इलाज का लाभ देने।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403